# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो इस्पात संयंत्र ने मानव श्रृंखला का आयोजन किया


• बोकारो, बुधवार 25 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 305 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## गैस एजेंसी संचालक के घर के बाहर चली गोलियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**खूंटी/रांची।** खूंटी जिला के तोरपा थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों द्वारा फायरिंग किए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना हिल चौक स्थित नगर भवन के समीप की है जहां बदमाशों ने गैस एजेंसी संचालक नरेंद्र साव के घर के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया। मंगलवार की सुबह कार में गोलियों के निशान देखकर गैस एजेंसी संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सोमवार रात करीब 11 बजे तीन लोग बाइक से मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अपराधियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी और कुछ ही देर में कई राउंड गोलियां चलाकर वहां से फरार हो गए। फायरिंग का मुख्य निशाना घर के बाहर कार खड़ी थी, जिस पर गोली के निशान पाए गए हैं। घटना के वक्त आसपास के लोग अपने घरों में थे। सूचना मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। जांच के दौरान पुलिस को मौके से चार खोखा मिले हैं। इसके आधार पर माना जा रहा है कि एक से अधिक राउंड फायरिंग की गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चार खोखा बरामद हुए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# बिजली दरों में 58-60% बढ़ोतरी का प्रस्ताव

### शहरी उपभोक्ताओं को झटका लगना तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बुधवार, 25 मार्च का दिन अहम है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए नए बिजली दरों का ऐलान करेगा। आयोग झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के उस प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय करेगा, जिसमें बिजली दरों में 50 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की मांग की गई है। अगर प्रस्ताव मंजूर होता है तो राज्य में बिजली दरें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच सकती हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं से लेकर किसान और उद्योग जगत तक सभी प्रभावित होंगे। प्रस्ताव के मुताबिक शहरी घरेलू बिजली दर को मौजूदा 6.85 प्रति यूनिट से बढ़ाकर 10.30 प्रति यूनिट करने की मांग की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 6.70 से बढ़कर 10.20 प्रति यूनिट तक पहुंच सकती है। इसके अलावा फिक्स्ड चार्ज में भी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। शहरी उपभोक्ताओं के लिए इसे 100 से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति माह और ग्रामीण



उपभोक्ताओं के लिए 75 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति माह करने का सुझाव दिया गया है। हालांकि राहत के तौर पर 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। निगम के प्रस्ताव पर अमल हुआ तो बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी का असर केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहेगा। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए दर 9.10 रुपये प्रति यूनिट तय करने का प्रस्ताव है जबकि कृषि सिंचाई के लिए मौजूदा दर 5.30 प्रति यूनिट से बढ़ाकर नौ से 10 रुपये प्रति यूनिट करने की मांग की गई है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने अपनी टैरिफ याचिका में बढ़ोतरी को उचित ठहराते हुए कई कारण गिनाए हैं। इनमें बिजली खरीद की बढ़ती लागत, पुराने पावर परचेज एग्रीमेंट्स (पीपीए) से जुड़ी वित्तीय देनदारियां, वितरण में हो रहा घाटा और नेटवर्क को मजबूत करने के लिए आवश्यक पूंजीगत निवेश शामिल हैं। कंपनी का तर्क है कि मौजूदा दरों पर संचालन करना आर्थिक रूप से टिकाऊ नहीं है, इसलिए दरों में संशोधन जरूरी हो गया है। नई दरें एक अप्रैल से प्रभावी होंगी।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** कृषि विभाग और आत्मा के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सिद्धो-कान्हू मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कृषि एवं पशुपालन मेला-सह-प्रदर्शनी में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि रहीं। इस भव्य मेले में जिले भर से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। अलग-अलग सरकारी डिपार्टमेंट के लगाए गए स्टॉल पर मॉडर्न खेती और सरकारी स्कीमों की जानकारी दी गई। प्रोग्रेसिव किसानों को उनकी अच्छी फसल और प्रोडक्ट (सैंपल) के लिए पुरस्कृत किया गया। जिलास्तरीय मेले की सबसे बड़ी खासियत सब्जियों, फलों और अन्य कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी प्रतियोगिता रही जहां खेतों की ताजा उपज टमाटर, ब्रोकली, मिर्च, आलू, सरसों, मशरूम, गेंदा, गुलाब, स्ट्रॉबेरी, पपीता और अमरूद जैसी फसलों ने आकर्षित किया। इस दौरान कृषकों के



बीच कृषक उपकरण, ट्रैक्टर, सोलर सिस्टम, पंप सेट, मत्स्य मित्रों को बाइक, बीज, पशुपालकों को गाय, बकरी और मुर्गी सहित अन्य उपकरण वितरित किए गए। मेले में आए विभिन्न श्रेणियों में लगभग 50-60 किसानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार में कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा 80 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए किसानों को जागरूक होना आवश्यक है। वहीं विशिष्ट अतिथि ममता देवी ने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए किसानों की परेशानियों की ओर ध्यान दिलाया। मेले के दौरान आयोजित कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, सिंचाई तकनीक और जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है ताकि उत्पादन बढ़े और लागत घटे। यह मेला न केवल किसानों के लिए नई सीख का मंच बना बल्कि उनके बेहतर और समृद्ध भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम भी साबित होगा।

## द्वितीय विश्व युद्ध का एक और बम मिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में सुवर्णरखा नदी का तट इन दिनों चर्चा में है। 17 मार्च को मिले 500 पाउंड के अमेरिकी बम के बाद सोमवार को सेना के ड्रोन सर्वे में एक और बम का पता चलने से हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का दावा है कि जमीन के नीचे आठ और घातक बम दबे हो सकते हैं। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को अपने नियंत्रण में ले लिया है। जब भारतीय सेना की बम निरोधक दस्ता टीम पनिपाड़ा-नागुडसाई मार्ग स्थित घटनास्थल पर पहुंची तो आधुनिक उपकरणों और ड्रोन सर्वे के जरिए पूरे इलाके की फोटो ली गई। इस दौरान टीम को एक और बम होने के पुख्ता संकेत मिले, जिसे फिलहाल निष्क्रिय बताया जा रहा है। सेना ने घटनास्थल के चारों ओर 2 किलोमीटर के दायरे को 'नो-गो जोन' घोषित कर दिया है। पुलिस ने इलाके को सील कर आम लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पहला बम मिलने के बावजूद 6 दिनों तक इसे असुरक्षित छोड़ना चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि सेना के आने के बाद सुरक्षा मानकों का अब कड़ाई से पालन हो रहा है। सेना के वरिष्ठ अधिकारी अब उच्च मुख्यालय के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं ताकि इन बमों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर 'डिफ्यूज' किया जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रक्रिया बेहद संवेदनशील है क्योंकि जरा सीरगड़ या गलत दबाव से दशकों पुराना केमिकल रिएक्शन सक्रिय हो सकता है। वहीं एक रक्षा विशेषज्ञ ने कहा कि बम मिलना इत्तेफाक हो सकता है लेकिन दूसरे बम की पुष्टि और अन्य की आशंका यह बताती है कि यह पूरा बेल्ट 'अनएक्सप्लोडेड ऑर्डनेंस' का हॉटस्पॉट हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महुआ चुनने गई महिला की हत्या

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 45 वर्षीय महिला गीता देवी की टांगी (कुल्हाड़ी) से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सोमवार देर रात आरोदाना के पानुसाही जंगल से उनका शव बरामद किया गया। मृतका किशनपुर स्थित नारायण बांध टोला की निवासी थीं। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों में भय का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित बुढ़वा तालाब रेलवे बायपास सड़क पर कोयला लदा एक ट्रक पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक सुरक्षित बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार यह ट्रक धनबाद से कोयला लोड कर बिहार के बेगूसराय जा रहा था। पचंबा बायपास से गुजरते समय सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन अचानक असंतुलित हो गया और एक ओर झुकते हुए पलट गया। हादसे में ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है।

### अस्पताल से गायब मरीज का शव मिलने से सनसनी

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के एमजीएज अस्पताल से गायब बागबेड़ा थाना क्षेत्र निवासी मरीज 55 वर्षीय सुनील यादव का शव कचरे में मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कड़ा नियम लागू किया है। वहीं इस मामले मे एमजीएम थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी एमजीएम अस्पताल में इलाजरत एक मरीज के गायब होने के बाद उसका शव अस्पताल परिसर के कचरे में मिला है। इस घटना के बाद अस्पताल मे हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस मामले में एमजीएम थाना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अल्लापुजा एक्सप्रेस में कर्मचारी की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अल्लापुजा एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान मंगलवार को इन्फॉर्मेटिक्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक आउटसोर्स कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शव धनबाद लाए जाने के बाद परिजनों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। मृतक की पहचान पिंटू कच्छी उर्फ भारती के रूप में हुई है, जो एसी कोच अटेंडेंट के तौर पर कार्यरत थे। वे धनबाद जंक्शन से अल्लापुजा जाने वाली ट्रेन में ड्यूटी पर थे। ट्रेन खुलने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई और उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी जेएलकेएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष और डुमरी विधायक जयराम महतो मंगलवार को धनबाद की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में पेश हुए। उन्होंने बोकारो के सियालजोड़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी से अपना संबंध होने से इनकार किया। यह मामला 27 नवंबर 2023 को वेदांता स्टील प्लांट के मजदूरों द्वारा किए गए आंदोलन से जुड़ा है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि वह आंदोलन स्थल पर मौजूद नहीं थे। उनके अनुसार प्रदर्शन में लगे बैनर पर उनकी तस्वीर होने के कारण उन्हें गलत तरीके से मामले में नामजद किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल तस्वीर होने भर से किसी को आरोपी बनाना न्यायोचित नहीं है और उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। राजनीतिक सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए जयराम महतो ने घोषणा की कि जेएलकेएम आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 5 से 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। असम चुनाव लड़ने संबंधी सवाल पर उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि 'हम अभी स्कॉर्पियो से चलने वाले लोग हैं। जब हेलीकॉप्टर से प्रचार करने लगेंगे तभी असम चुनाव लड़ने की सोचेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि यदि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान बेहतर संसाधन और हेलीकॉप्टर प्रचार की सुविधा मिलती तो उनकी पार्टी और अधिक सीटें जीत सकती थी। उन्होंने जेएमएम के असम चुनाव लड़ने की घोषणा पर सीएम हेमंत सोरेन को बधाई दी, यह कहते हुए कि लोकतंत्र में हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है।

## कोलियरी खदान से केबल की लूट, गहरा सकता है जल संकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के रामकनाली ओपी अंतर्गत बीसीसीएल एरिया-4 के रामकनाली कोलियरी से एक बार फिर लूट की खबर सामने आई है। बीती रात अपराधियों ने खदान में धावा बोलकर लगभग 600 फिट केबल काटकर ले गए। इस घटना से न केवल खदान कर्मियों में दहशत फैल गई है बल्कि आसपास के करीब 15 हजार लोगों की जल आपूर्ति पर भी खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के मुताबिक खदान के मुख्य द्वार को काटकर अपराधी खदान में घुसे और खदान में मौजूद सभी कर्मियों से खदान में उपयोग होने वाले कैपलैम्प छीनकर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने खदान में लगे लाखों रुपये मूल्य के केबल काटकर अपने साथ ले गए। इसी दौरान खदान की टेलीफोन लाइन भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। घटना की जानकारी तब मिली जब खदान के कर्मचारी तय समय पर काम खत्म कर बाहर नहीं निकले। खदान के इंचार्ज ने मौके पर जाकर बंधक बने कर्मचारियों को बाहर निकाला और मामले की सूचना बीसीसीएल अधिकारियों को दी। रामकनाली ओपी की घटनास्थल से केवल कुछ ही दूरी पर होने के बावजूद भी अपराधी आसानी से खदान में दाखिल हो गए जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं के कारण खदान कर्मियों में डर और चिंता बढ़ गई है। कुछ कर्मी अब खदान में ड्यूटी करने से भी कतरा रहे हैं। स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन को सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीआईएसएफ की तैनाती सहित अन्य ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित न हो। अधिकारियों ने बताया कि मामले की लिखित सूचना रामकनाली थाना में दर्ज कर जांच प्रक्रिया जारी है। इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### गलत सूई लगाने से युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी में कथित झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मझगांवा निवासी विनोद सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विनोद सिंह मामूली इलाज के लिए दन्तार स्थित तथाकथित डॉ. शिव शंकर शर्मा उर्फ ठाकुर जी के क्लीनिक पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना सही जांच के एक के बाद एक तीन-चार इंजेक्शन लगा दिए, जिसके बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ गई।

### मोनू ने दौड़कर शुरू की 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** पटना के बेऊर इलाके के रहने वाले 19 वर्षीय मोनू बेतुराबाला ने चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा दौड़कर पूरी करने का संकल्प लिया है। उन्होंने 15 मार्च को पटना से अपनी यात्रा शुरू की और पहले ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए देवघर पहुंचे। मोनू प्रतिदिन 50 किलोमीटर दौड़कर अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं। मोनू ने बताया कि उनकी मां लालती देवी की तबीयत खराब होने पर उन्होंने भगवान से मन्नत मांगी थी। उन्होंने संकल्प लिया था कि मां के स्वस्थ होने पर वे दौड़कर चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करेंगे। मां के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वे अपना संकल्प पूरा करने के लिए इस यात्रा पर निकले हैं। मोनू का अगला पड़ाव चार धामों में से एक जगन्नाथ पुरी होगा। देवघर से जगन्नाथ पुरी तक की यात्रा में एक माह से अधिक का समय लगने की संभावना है।


## रामनवमी पर सुरक्षा चाक-चौबंद, ड्रोन से निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** रामनवमी को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शहर के प्रमुख जुलूस मार्गों, अखाड़ों और झांकी निकलने वाले रास्तों पर ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मंगलवार को सदर एसडीपीओ जितवाहन उरांव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर थाना, पचंबा थाना और मुफ्फसिल थाना क्षेत्रों के विभिन्न जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रोन कैमरों की मदद से प्रमुख चौक-चौराहों, गलियों और निर्धारित मार्गों का बारीकी से जायजा लिया गया। मौके पर मुफस्सिल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी श्याम कुमार महतो समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जुलूस मार्गों पर पड़े पत्थर, अवरोध और अन्य बाधाओं को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। पुलिस का मानना है कि जुलूस के दौरान किसी भी असुविधा या तनाव की स्थिति से बचने के लिए मार्गों का साफ और व्यवस्थित होना आवश्यक है। संबंधित थाना प्रभारियों को जुलूस से पूर्व सभी मार्गों की जांच कर उन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने तैनात जवानों को भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी और आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने बताया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने जानकारी दी कि रामनवमी के दौरान निकलने वाले जुलूस, अखाड़ों और झांकियों पर ड्रोन से लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस बीच दक्षिणी छोटानागपुर के डीआइजी अंजनी कुमार झा ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीआइजी ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी बढ़ाने तथा जुलूस को निर्धारित मार्गों से ही निकालने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनवमी का पर्व जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराया जाएगा।



C M Y K

# आंगनबाड़ी निर्माण में तेजी और गुणवत्ता पर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि ये केंद्र बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनके निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक के दौरान प्रखंडवार निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने धीमी प्रगति वाले प्रखंडों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी भवनों में शौचालय, पेयजल, रसोईघर, बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था, खेल सामग्री और स्वच्छ परिसर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करने को कहा गया।बैठक में पोषण ट्रैकर, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल सहित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित समीक्षा करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला स्तर पर देने को कहा। बैठक के अंत में उपायुक्त ने अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ और बेहतर बनाने पर जोर दिया बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क पर गिरी अंग्रेजी शराब की बोतलें हटाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत चैताडीह मार्ग पर बीती रात किसी अज्ञात वाहन से अंग्रेजी शराब से भरे कार्टन गिर जाने से सड़क पर कांच के टुकड़े बिखर गए, जिससे हादसे की आशंका उत्पन्न हो गई थी। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से सभी बोतलों और कांच के टुकड़ों को हटाकर रास्ता साफ किया गया माले नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने बताया कि पूर्व मुखिया अनिल रजक ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि सड़क पर शराब की कई बोतलें गिरी हुई हैं और अधिकांश बोतलें टूटकर चारों ओर फैल गई हैं। सूचना पर वे मौके पर पहुंचे और स्थिति की पुष्टि होने के बाद पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार को अवगत कराया थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से सड़क पर बिखरे कांच और शराब की बोतलों को हटाया गया।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाने नदी के किनारे प्राचीन विकसित सभ्यता को किया गया प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चौपारण (हजारीबाग)।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में आयोजित मिशन वाई नदियों के लिए भूमि अधिग्रहण एवं संरक्षण विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस में चौपारण के युवा शशि शेखर को उनके ऐतिहासिक शोध के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और पर्यावरणविदों ने भाग लेकर नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन पर गहन मंथन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जल संरक्षण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाले डॉ राजेन्द्र सिंह, ह्यडॉल्फिन मैनह्न डॉ आरके सिन्हा, दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय, आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक डॉ शुकुमार , उपनिदेशक डॉ धीरज सिन्हा, कन्वेनर डॉ अंशुमाली तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। दो दिनों तक चले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों जिनमें एनडीआरसी निदेशक डॉ. गोपाल शर्मा, बीएचयू के डॉ. राजीव प्रताप सिंह, वैज्ञानिक डॉ. शरद तिवारी, डॉ. अभय सिंह, डॉ. आर.ई. मास्टो, डॉ. भानु पांडे, डॉ. एस.एस. राठौड़, एएसआई के डॉ. अमित मिश्रा, आईआईटी (आईएसएम) के डॉ. दीपक झा सहित अनेक विद्वानों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शशि शेखर ने हजारीबाग जिले की महाने (मुहाने) नदी घाटी के किनारे विकसित लगभग 3000 वर्ष पुरानी सभ्यता पर विस्तृत शोध प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित विशेषज्ञों ने गंभीरता से सुना और सराहा। उनके शोध में दैहर, सोहरा, हथिंदर और मानगढ़ सहित अन्य स्थलों पर मिले पुरातात्विक साक्ष्यों एनबीपीडब्ल्यू, प्राचीन मूर्तियों तथा चौथी-पांचवीं सदी के अवशेषों का उल्लेख किया गया।

अपने शोध पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि मुहाने नदी का उद्गम हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड से होता है और यह चतरा होते हुए बिहार में प्रवेश कर निरंजना नदी से मिलकर फल्गु नदी की सहायक बनती है। यही फल्गु नदी गया में पितृ तर्पण के लिए विश्वप्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पूरी घाटी हजारों वर्षों तक विकसित सभ्यता का केंद्र रही, लेकिन आज यह नदी अपनी पहचान खोती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि इतिहास की जीवित धरोहर है। छोटी नदियों के क्षरण का सीधा असर बड़ी नदियों पर पड़ता है। यदि मुहाने जैसी नदियां समाप्त होती हैं, तो फल्गु जैसी नदियों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**गिरिडीह (नबिटासं)।** रामकृष्ण महिला महाविद्यालय, गिरिडीह में मंगलवार को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईक्यूऐसी, एनसीसी तथा एनएसएस इकाई 1 और 2 के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. के. एन. शर्मा ने यक्ष्मा (टीबी) के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक इलाज योग्य बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि देश को यक्ष्मा मुक्त बनाया जा सके वहीं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. नम्रता तिर्की ने यक्ष्मा के कारण, लक्षण और इसके रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नियमित जांच और सही इलाज को इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका बताया कार्यक्रम का संचालन आईक्यूऐसी की समन्वयक प्रो. रेणुका साहू ने किया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. संजीव सिन्हा, एनसीसी सीटीओ पूनम प्रभा मुंडू, डॉ. मनीषा रतन होरो, डॉ. आतिश रंजन, डॉ. दीपिका कुमारी, प्रो. लक्ष्मण राम सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



### भंडारीडीह में सैकड़ों युवाओं ने थामा राजद का दामन, फूल-माला पहनाकर किया स्वागत

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 भंडारीडीह में सोमवार को सैकड़ों युवाओं ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने सभी नए साथियों का फूल-माला पहनाकर एवं पार्टी का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वारिस अंसारी ने की। इस दौरान पार्टी में शामिल हुए युवाओं ने कहा कि राजद के कार्यों और नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने एक नई उम्मीद और आशा के साथ पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी नए साथियों का हृदय से स्वागत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पार्टी और मजबूती से कार्य करेगी तथा नगर निगम क्षेत्र में विकास योजनाओं को गति दी जाएगी इस मौके पर कामरान अंसारी सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### बेलतू में पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, 1500 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा निकली

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** प्रखंड अंतर्गत बेलतू गांव में मंगलवार को वैदिक श्री श्री 1008 शिव हनुमंत श्री सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंगलवार को यज्ञ मंडप परिसर से करीब 1500 महिलाएं और युवतियां भगवा वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर भव्य शोभायात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय करते हुए बाजे-गाजे और जयघोष के साथ घाघरा डैम पहुंची, जहां यज्ञाचार्य आचार्य वैद पंडित जय नंदन मिश्रा एवं उपयज्ञाचार्य ऋषि राज वेदव्यास मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर की परिक्रमा करते हुए जय श्री राम, हर-हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पुनः बेलतू स्थित यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ 24 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। इस दौरान तीन दिनों तक मानस प्रवक्ता हलचल बाबा श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाएंगे। इस अवसर पर मंदिर पुजारी पंडित वरुण मिश्रा, यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव राजेश साहा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र, उपाध्यक्ष बालेश्वर कुमार, उपसचिव रामलखन पासवान, पूर्व प्रमुख नीतू कुमारी, पंसस पूनम देवी, रिंकी कुमारी, मुखिया दिनेश साव, मुखिया महेश प्रसाद साहू, बैजनाथ महतो, संजय कुमार भारती, रामलखन राणा, बैजन्ती देवी, नीरू साव, लोकनाथ राणा, लिलाधन साव समेत यज्ञ समिति के सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



### विश्व यक्ष्मा दिवस पर विशेष अभियान का शुभारंभ, 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान शुरू

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सदर अस्पताल सभागार, गिरिडीह में आज विश्व यक्ष्मा दिवस 2026 के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई तथा जिले में 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान शुरू करने की घोषणा की गई कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रेखा कुमारी ने टीबी उन्मूलन को लेकर विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मुफ्त जांच, फ्री एंटी-टीबी दवाएं, टीपीटी सीवाई टीबी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। वर्ष 2025 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 83,748 बलगम जांच में 3,247 टीबी मरीजों की पहचान कर इलाज शुरू किया गया, जिसमें 96 प्रतिशत सफलता दर हासिल हुई उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज अवधि में प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है। साथ ही टीबी उपचार सहयोगियों टीबी ट्रीटमेंट सपोर्टर को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

# गंदगी और अव्यवस्था के बीच हुआ अरघाघाट पर चैती छठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह ।** आस्था के महापर्व चैती छठ के दौरान शहर के प्रसिद्ध अरघाघाट में इस बार श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक ओर जहां छठ व्रती पूरी श्रद्धा और नियमपूर्वक भगवान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे, वहीं दूसरी ओर घाट की बदहाल व्यवस्था ने पूरे आयोजन पर सवाल खड़े कर दिए घाट की स्थिति इतनी खराब थी कि नदी में नाले का गंदा, कचरा युक्त काला पानी बह रहा था।

इसी दूषित पानी में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के लिए मजबूर होना पड़ा। धार्मिक आस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण पर्व में ऐसी स्थिति ने लोगों को आहत कर दिया इतना ही नहीं, शाम के अर्घ्य के दौरान घाट पर भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग गया, जिससे श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने और वापस लौटने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों जाम में फंसे रहे इस पूरे मामले पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पूर्व राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह बीबीएमकेयू धनबाद के सीनेट सदस्य रंजीत राय ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि छठ जैसे पवित्र पर्व में इस तरह की अव्यवस्था बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसी स्थिति न हो, इसके लिए घाटों की समय रहते सफाई, स्वच्छ पानी की व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण की ठोस योजना बनाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि आस्था के इस महापर्व की गरिमा बनी रह सके।

# उत्पाद विभाग की कार्रवाई में 2 टन जावा महुआ को किया गया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असनाचूवा एवं गोरमोरवा में अवैध महुआ चुलाई शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर संचालित अवैध शराब भट्ठियों का भंडाफोड़ किया गया। घटनास्थल एवं आसपास छिपाकर रखे गए लगभग 2200 किलोग्राम जावा महुआ (किन्वयन योग्य) को विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए एवं लगभग 130 लीटर अवैध चुलाई शराब भी बरामद की गई। इस मामले में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान की जा रही है तथा सभी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है। इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक उत्पाद श्री सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक श्री एंटोनि बागे, उत्पाद आरक्षी श्री अनूप कुमार सिंह एवं सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गिरिडीह में फायरिंग मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने गांडेय थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देसी पिस्टल, मैगजीन और जिंदा गोली सहित अन्य सामान भी बरामद किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 मार्च 2026 की शाम करीब 5:30 बजे गांडेय थाना क्षेत्र के एक गांव में गोली चलने की घटना हुई थी।

इस दौरान टिकम मरांडी के पेट में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने गांडेय थाना कांड संख्या 12/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर आरोपी जवाहर मरांडी उर्फ छोटका पिता स्व. नारायण मरांडी, ग्राम जामबाद थाना मुफस्सिल को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन, 7.65 एमएम की एक जिंदा गोली तथा एक खोखा बरामद किया गया।

पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में गांडेय थाना कांड संख्या 13/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में भी प्राथमिकी दर्ज की है इस कार्रवाई में एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक सहित गांडेय, मुफस्सिल और अन्य थाना प्रभारियों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार सख्ती बरती जा रही है।

# अरगाघाट सहित विभिन्न छठ घाटों पर डूबते सूरज को अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** चैती छठ महापर्व के अवसर पर मंगलवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र के अरगाघाट छठ घाट सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतधारियों ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया हर वर्ष हिंदू नववर्ष के अवसर पर मनाए जाने वाले चैती छठ के मौके पर इस बार भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला अरगाघाट छठ घाट, शास्त्रीनगर, बोड़ो छठ घाट, बुढ़वा छठ घाट और सिहोडीह छठ घाट समेत कई स्थानों पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुटे रहे। घाटों पर छठ व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया हालांकि, श्रद्धा के इस महापर्व के बीच अव्यवस्था और गंदगी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। कई घाटों पर नालियों का पानी जमा था और कचरे का अंबार लगा हुआ था, जिससे व्रतियों को उसी गंदे पानी में खड़े होकर अर्घ्य देने को मजबूर होना पड़ा स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंत्री और मेयर के दौरे के बावजूद साफ-सफाई की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। नगर निगम की लापरवाही के कारण छठ

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उन्हें तुरंत निपटाया जाए, जबकि अन्य मामलों में शीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिले इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी सरकारी योजना से संबंधित कोई समस्या हो, तो वे बिना संकोच प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखें। उन्होंने जनता दरबार को प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

# झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा मुखिया सम्मेलन 2025-26 का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो ।** शिक्षा के बिना विकास संभव नहींह्न झ यह बात विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारुकुदर पंचायत के मुखिया श्री उत्तम महतो ने आज नगर भवन, हजारीबाग में आयोजित मुखिया सम्मेलन 2025-26 जन भागीदारी कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने शिक्षा को समाज के समग्र विकास का आधार बताते हुए जनप्रतिनिधियों से इसमें सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग एवं अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना तथा उपस्थित मुखियागणों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग ने कहा कि विद्यालयों के विकास योजनाओं का निर्माण एवं उसका प्रभावी क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि विद्यालयों के प्रमुख हितधारक हैं और उनके द्वारा नियमित मूल्यांकन एवं निरीक्षण से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी का एकमात्र लक्ष्य बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उनका विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना है। इसके लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सम्मेलन के दौरान जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का नामांकन, ठहराव, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर विशेष बल दिया गया। साथ ही ह्लठहराव हेतु प्रयासह्न कार्यक्रम, शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी एवं ह्लसिटी बजाओ-बच्चा बुलाओह्न अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों जैसे नशा मुक्ति एवं बाल विवाह उन्मूलन पर भी जोर दिया गया। इको क्लब, जल सेना एवं बाल संसद के माध्यम से विद्यालयों में हरियाली, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभाग प्रभारी श्री अजय कुंडू, सी-3 संस्था से श्री अभिनव कुमार, क्षेत्र प्रबंधक श्री कुमार पी. गौरव, संकुल साधन सेवी श्री प्रविंद कुमार सिंह, श्री अजय नारायण दास, श्री ओम प्रकाश कुमार, श्री आनंद कुमार, सुश्री मीनाक्षी अनुष्का एवं श्री प्रभु कुमार साव की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से बच्चों के नामांकन एवं उनके ठहराव को सुनिश्चित करना रहा, जिसे लेकर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

# 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के संकल्प को साकार करने हेतु सामूहिक प्रयास जरूरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** "जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह-सह-विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम 2026" का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, खूंटी द्वारा नगर भवन, खूंटी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त आर० रॉनिटा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूंटी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त आर० रॉनिटा ने कहा कि सहिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जिनके समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक सुलभ कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहिया दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने आगे कहा कि टीबी जैसी संक्रामक बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को टीबी के लक्षणों की समय पर पहचान, मरीजों को चिन्हित करने, जांच एवं पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" के संकल्प को साकार करने हेतु सभी का सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जनसहभागिता, नियमित मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वित प्रयास से ही टीबी मुक्त समाज का निर्माण संभव है। साथ ही उन्होंने सहिया एवं स्वास्थ्य पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सहिया दीदियों, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों समेत अन्य को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि समय पर पहचान, उचित उपचार एवं जनसहभागिता से यक्ष्मा जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत एएनसी सुनिश्चित करने का निर्देश सभी सहिया दीदियों को दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सा कर्मी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीपीएम, डीपीसी, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट, सहिया दीदियां एवं अन्य संबंधित जन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर टीबी मुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प लिया।

# उपायुक्त ने की लंबित योजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट न्यास समिति एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उनके क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नई योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीएमएफटी कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अब तक अपूर्ण योजनाओं की स्थिति पर गहन समीक्षा करते हुए विलंब के कारणों की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के चयन पर विशेष जोर दिया गया। इस क्रम में प्रत्यक्ष रूप तथा अप्रत्यक्ष रूप से कुल 25 किलोमीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विद्यालयों में सोलर पैनल अधिष्ठापन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, एलईडी लाइट व्यवस्था, भवन मरम्मत, न्यूट्रिशन गार्डन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आपूर्ति, स्किल डेवलपमेंट एवं कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार योजनाओं का चयन कर अनुशंसा भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद के अंतर्गत प्राप्त निधि का उपयोग जनहित में प्रभावी योजनाओं के माध्यम से किया जाए, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# अवैध रूप से संचालित क्लिनिक की जांच कर कार्रवाई के निर्देश



**खूंटी।** उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पीसी&पीएनडीटी एक्ट से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित समिति के सदस्य एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को पीसी&पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में पीसी&पीएनडीटी एक्ट के तहत कुल 9 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में कुल 6 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालित है, 2 नए अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के संचालन हेतु आवेदन प्राप्त हुए है।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एक्ट के तहत सभी गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करना समिति के सदस्यों का उत्तरदायित है। सभी सदस्यों को उनके भूमिका एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड क्लीनिक एवं क्लीनिक के संचालन हेतु सभी अधिनियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, ताकि भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके। क्लीनिक में चिकित्सक होना अनिवार्य है। जिससे मरीजों को समस्या न हो। एक्ट के सम्पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने, जनजागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यकता अनुसार ससमय छापेमारी करने पर बल दिया गया। बैठक में सदस्यों के रूप में सिविल सर्जन, चिकित्सक, अधिवक्ता, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो चैती छठ को लेकर पूरे प्रखंड में मंगलवार को विभिन्न जलाशयों तालाबों में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को श्रद्धालुओं के द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया। व्रती अपने-अपने निवास स्थलों से देर शाम परिजनों एवं शुभचिंतकों के साथ छठ घाट के लिए निकले। आगे-आगे छठ मैया का डाला एवं उनके पीछे व्रती व परिवार के लोग छठ मैया के गीत गाते चल रहे थे। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखंड के ग्राम जामु, दशारो, नावाडीह, देवीपुर, खेशमी, पपलो, बीचरिया, नई टांड, नवादा, नवलशाही समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में व्रतियों ने डूबते सूर्य को नमन किया। बाद में सुप, डाला में रखे ठेकुआ व विभिन्न तरह के फल से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। परिवार के लोगों ने सुप पर गंगाजल, दूध व जल से अर्घ्य अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की।

# रामनवमी से पहले चंदवारा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा पुलिस ने रामनवमी से पहले चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च। फ्लैग मार्च चंदवारा पुराना थाना से निकाला गया जो बजरंगबली चौक होते हुए ढाब थाम, पूर्णाथाम, भोंडो, पिपराही पहुंचे। इस दौरान लोगो से अपील किया कि रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके मनाने की बात कही। वही पूजा पंडाल में भी पूजा समिति से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। मौके पर थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार, दिली


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत दुर्गापुर और पानागढ़ रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार हैः

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-पीबीसीओ-26-1**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-पीएस-151-26-1, कार्य का विवरणः** दुर्गापुर (कैटेगरी-ए) रेलवे स्टेशन पर, मेन स्टेशन बिल्डिंग के पास मौजूदा पीआरएस बिल्डिंग में स्थित, 500 वर्ग फुट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में दर्शाया गया है) के निर्धारित क्षेत्र में, एक प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव, **ई-नीलामी की तिथि/समयः** दिनांक 30.03.2026 को 12.30 बजे। **क्रम सं.: एए/2, लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस-एएसएन-पीएएन-पीएस-152-26-1, कार्य का विवरणः** पानागढ़ (कैटेगरी-बी) रेलवे स्टेशन पर, दक्षिण भाग सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित, 400 वर्ग फुट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में दर्शाया गया है) के निर्धारित क्षेत्र में, एक प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव, **ई-नीलामी की तिथि/समयः** दिनांक 30.03.2026 को 12.40 बजे।

ASN-401/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अलर्ट मोड में धनबाद पुलिस, रामनवमी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रामनवमी के पावन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार द्वारा जारी सख्त दिशा-निर्देशों से साफ है कि इस बार किसी भी तरह की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर 'जीरो टॉलरेंस' अपनाया जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने सभी अखाड़ा और जुलूस समितियों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जुलूस केवल लाइसेंस में निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में रूट परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जुलूस में अधिकतम 100 लोगों की सीमा तय की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पहचान प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। सभी अखाड़ा समितियों को 20-20 वॉलेंटियर्स की सूची उनके नाम, मोबाइल नंबर और फोटो पहचान पत्र के साथ संबंधित थाना में जमा करनी होगी। वहीं, जुलूस में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए पहचान पत्र जरूरी किया गया है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। जिला प्रशासन ने जुलूस की पूरी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है। इससे हर गतिविधि रिकॉर्ड में रहेगी और जरूरत पड़ने पर साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए भड़काऊ नारे, आपत्तिजनक गीत या किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कार्यों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की चेतावनी दी गई है।

# गढ़वा में निकाला गया मंगला जुलूस, रानी लक्ष्मीबाई के गेटअप में दिखीं महिलाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में रामनवमी को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल है। पूरे शहर में भगवा रंग की छटा बिखर गई है। आज 24 मार्च को विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह नजर आया। शोभायात्रा में कहीं नरसिंह अवतार तो कहीं कांतारा अवतार की झांकी ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। वहीं मंगला जुलूस में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई महिलाएं रानी लक्ष्मीबाई के गेटअप में मंगला जुलूस में शामिल हुईं।

गढ़वा में मंगला जुलूस की शुरुआत शहर के काली मंदिर से हुई, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रंका मोड़ पहुंची। यहां अलग-अलग अखाड़ा समितियों द्वारा आकर्षक और मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। श्री महावीर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में दक्षिण भारत से आए कलाकारों ने कंटारा फिल्म की अद्भुत कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया।

वहीं मंगला जुलूस में नारी शक्ति विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्री महावीर मंडल की महिला अध्यक्ष विनीता आनंद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं लाल साड़ी पहनकर एक समान वेशभूषा में जुलूस में शामिल हुईं। भगवान राम के भजनों पर थिरकती महिलाओं की टोली ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और "जय श्री राम" के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस संबंध में श्री महावीर मंडल अखाड़ा के संस्थापक अध्यक्ष कंचन कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी पहले से कहीं अधिक रही है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भविष्य में रामनवमी का आयोजन और भी भव्य होगा, जो हजारीबाग जैसे बड़े आयोजनों को भी टक्कर देगा।

वहीं दूसरी ओर श्री राम सेवा संपूर्ण अखाड़ा समिति द्वारा भी भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में महाराष्ट्र से बुलाए गए ढोल-नगाड़ा पार्टी के साथ भगवान नरसिम्हा के अवतार पर कलाकारों ने झांकी प्रस्तुति की। शोभायात्रा काली मंदिर से निकलकर रंका मोड़, गढ़देवी मोड़, मझिआंव मोड़ होते हुए रमा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सह नगर परिषद अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा की यह सनातन की झलकियां हैं, जो आज आस्था के रूप में सड़कों पर उमड़ी है। मंगला जुलूस से पूरा शहर राममय हो गया है।

# देवघर में एक साल में पांच हजार ड्राइविंग लाइसेंस रद्द, 28 लाख रुपए जुर्माने वसूले




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड में सड़क हादसे और मोटर अधिनियम के उल्लंघन के मामले आए दिन देखने को मिलते हैं। ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने में देवघर जिला इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रहा है। यह बात कोई हवा हवाई नहीं, बल्कि जिला परिवहन विभाग द्वारा सस्पेंड किए गए ड्राइविंग लाइसेंसों की संख्या बता रही है। देवघर जिला में पिछले एक साल में करीब पांच हजार से ज्यादा ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। जो यह बताता है कि ड्राइविंग लाइसेंस तो बना दिए गए हैं। लेकिन लोगों को ड्राइविंग का सेंस अभी भी नहीं समझ में आ पाया है।

***ट्रैफिक नियम पालन के लिए लाइसेंस किया जाता है सस्पेंडः डीटीओ***

देवघर के डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी बताते हैं कि लाइसेंस सस्पेंड करने की प्रक्रिया इसलिए की जाती है कि लोग ट्रैफिक के नियमों का पालन करें और विभागीय कार्रवाई से डरें। लेकिन जिस तरह से देवघर में लोगों की मानसिकता बनती जा रही है, इससे कहीं ना कहीं परिवहन विभाग चिंतित है। साथ ही वैसे लोगों के लिए ठोस कदम उठाने पर मजबूर हो रहा है, जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर खुद और दूसरे को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

***जिले में पांच हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड***

जिला परिवहन विभाग से मिले आंकड़े के अनुसार अप्रैल 2025 में 821 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए गए, इसके अलावा मई में 1105, जून में 157, अगस्त में 623, सितंबर में 617, अक्टूबर में 312, नवंबर में 176, दिसंबर में 203, जनवरी 2026 में 225 और फरवरी में करीब 200 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। कुल आंकड़े को देखें तो करीब पांच हजार से ज्यादा ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

***गलत ड्राइविंग से सरकार ने वसूले 28 से 30 लाख रुपए***

सिर्फ ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड ही नहीं, बल्कि परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों को तोड़ने के लिए मोटी रकम भी फाइन के रूप में वसूला। पिछले 6 महीने में करीब 28 से 30 लाख रुपए रफ और रैस ड्राइविंग के लिए वसूले गए हैं। जिला परिवहन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर महीने में 231700 रूपए जुर्माना के रूप में वसूले गए। इसके अलावा नवंबर में 207800 रूपए, दिसंबर में 440725 रुपए, जनवरी में 360900 रुपए और फरवरी में 536300 रुपए जुर्माने के रूप में वसूले गए।

# आस्था के साथ मनाया जा रहा चैती छठ, अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया गया अर्घ्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची/गिरीडीह/बोकारो।** चैत माह में मनाए जाने वाले चैती छठ पर्व के तहत श्रद्धालुओं ने गहरी आस्था और भक्ति के साथ संध्या अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शाम होते ही शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया।

**छठी मइया और सूर्य देव की पूजा**

व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में घाटों पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान के साथ छठी मइया और सूर्य देव की पूजा-अर्चना की। जैसे ही सूर्यास्त का समय नजदीक आया, व्रतियों ने जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर छठ गीतों की गूंज सुनाई दी, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

**सुख, शांति और समृद्धि के लिए पूजा**

चैती छठ, जो कि चैत्र माह में मनाया जाता है, लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। व्रती पूरे नियम और संयम के साथ इस पर्व का पालन करते हैं, जिसमें सूर्य उपासना का विशेष महत्व होता है।

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई**

इस अवसर पर भगवान भास्कर की विशेष पूजा-अर्चना की गई। व्रतियों ने फल, ठेकुआ, नारियल सहित अन्य प्रसाद अर्पित कर सूर्य देव से आशीर्वाद मांगा। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई और सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

**आस्था और श्रद्धा में कोई कमी**

बताया जाता है कि हर साल चैत माह में इस पूजा का आयोजन पारंपरिक रूप से किया जाता है। हालांकि कार्तिक छठ की तुलना में इसका स्वरूप अपेक्षाकृत छोटा होता है, लेकिन आस्था और श्रद्धा में कोई कमी नहीं होती। यही कारण है कि हर साल बड़ी संख्या में लोग इस पर्व में भाग लेते हैं।

**प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था**

प्रशासन की ओर से भी इस अवसर पर पुख्ता व्यवस्था की गई थी। घाटों पर रोशनी, सुरक्षा बल और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।


## NAME CHANGE

I RAHUL DEEP S/O DHANANJAY PANDEY R/O Krishnapuri Muhalla Sahijna Koleshari Bhupnarayan Niwas Garhwa Jharkhand-822114 have changed the name of my minor Son ARYAVIR PANDEY to SOURISH DEEP aged 9 Months.



## दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैंः **1. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-02, दिनांक 23.03.2026,** आद्रा मंडल में विद्युत (सामान्य) कार्यों के लिए 15 नामांकित अमृत भारत स्टेशनों पर सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,06,58,616/-, **2. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-03, दिनांक 23.03.2026,** आद्रा मंडल के आसनसोल-चाण्डिल खंड में मधुकुंड-दामोदर जंक्शन के बीच किमी 315/15-17 में प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग नं. केए-159 के स्थान सामान्य ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 3,62,843/-, **3. इलेक्ट-जी-एडीए-2026-04, दिनांक 23.03.2026,** बांकुड़ा में मौजूदा एफओबी के प्रतिस्थापन के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 22,99,808/-, **ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे है और दिनांक 16.04.2026 को 12.30 बजे के बाद निविदाएँ खोली जाएंगी।** उक्त ई-निविदा के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। (PR-1338)



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/16, दिनांकः 23.03.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 15255005डी;** स्पेसिफिकेशन नं. अनेक्सर/ईओटीसी/5टी/केपीए के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 5 टन; रु. 141400, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(2); 08251235;** फिनिशिंग वार्निश टीवीए-1410; रु. 116040, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(3); 15265006;** 73 मीटर श्राउडेड टाइप डीएसएल आदि के साथ ईओटी क्रेन, 25 टन की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 284090, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(4); 15255008डी;** एसडीएल 80 मीटर के साथ इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 40 टन; रु. 258040, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(5); 11261425;** प्रचलित टॉर्क टाइप हेक्स. नट का सेट; रु.128250, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.05.2026, **समयः** 13.30 बजे **(6); 10252187;** विभिन्न न्यूमैटिक के लिए मेन्टेनेंस किट; रु.283540, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(7); 10252427ए;** रोलर बेयरिंग के बिना संपूर्ण एक्सल बॉक्स का सेट; रु.479730, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(8); 11251431;** लैवाटरी पैन आदि का सेट; रु. 271740 **(9); 10262252;** डब्ल्यूएपी-7 डब्ल्यूएजी-9 के लिए क्रू फैन; रु.115780, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समयः** 13.30 बजे [क्रम सं. 8 एवं 9 के लिए] **(10); 15255041बी;** ईओटी क्रेन क्षमता 10 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.172000, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(11); 20265006;** मेमू कोचों के लिए स्मोक डिटेक्टर एवं फायर अलार्म सिस्टम; रु. 170030, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(12); 15255157ए;** 25 टन ईओटी क्रेन की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.135400, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(13); 15255135ए;** ईओटी क्रेन 30 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 154000, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(14); 22265160;** सैल्मेटिरोल 25 एमसीजी + फ्लूटिकेसोन 250 एमसीजी; रु. 119600, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(15); एसपीएससीएलपीएससीस्लीपर 26-28;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपर्स का क्रय; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.03.2026, **समयः** 13.30 बजे **(16); 1226एफ-एस_स्विच_4866;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-4866 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए 6400 मिमी (ओआर) के एफ/एस स्विच 52 केजी के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 859750, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(17); 22251625बी;** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम251024 एआई 25-26; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(18); एचवीएन_टी-8992_2026;** ड्रॉइंग नं. आरटी-8992 के समरूप एचवीएन लाइनरों के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 654900, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.03.2026, **समयः** 13.30 बजे **(19); 1226-टीडब्ल्यूएस-9775;** पीएससी स्लीपरों पर 60 केजी(यूआईसी)/60ई1ए1 रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) हेतु थिक-वेब टंग रेल्स एवं एंटी क्रीप डिवाइस के साथ 6400 मिमी कर्व्ड थिक वेब स्विच, जो पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के 1 इन 8.5, बीजी 60 केजी टर्नआउट के लिए सभी फिटिंग्स के साथ संपूर्ण है अर्थात स्विच पोर्शन के लिए सभी फिटिंग्स सब असेंबली नं. टी-9775 ऑल्ट-03 के अनुसार है; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(20); 12261030;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु. 5000000 **(21); 12261039;** आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी3741 एवं टी-3742 के समरूप 60 केजी पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी यूआईसी रेल्स के लिए कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर;रु. 550720, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.04.2026, **समयः** 13.30 बजे [क्रम सं. 20 एवं 21 के लिए] **(22); 14261159;** स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस-टीसी-30/2005, वर्शन 1 के समरूप संशोधन 5 के साथ सिग्नलिंग और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए अंडरग्राउंड रेलवे जेली-फिल्ड टेलीकॉम 6 क्वाड केबल, 0.9 मिमी व्यास; रु. 5000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(23); 1226- एनसीआरजीआरएसपी-8779;** आरडीएसओ के स्टैंडर्ड लेआउट ड्रॉइंग नं. टी-8779, ऑल्ट.03 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के लिए, 60 केजी 1 में 12 पूर्ण टर्नआउट हेतु, 6 मिमी मोटे नायलॉन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटों का निर्माण और आपूर्ति; रु.305860, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(24); 14261109;** स्पेसि. नं. आईआरएसः एस-63/2014(रिव.4.0) के अनुसार साइजः 12 कोर x1.5 वर्ग मिमी के हाई कंडक्टिविटी कॉपर कंडक्टर के साथ पीवीसी-इंसुलेटेड आर्मर्ड, अंडरग्राउंड, अनस्क्रीन्ड रेलवे सिग्नलिंग केबल (हेवी ड्यूटी), रु.5000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2026, **समयः** 13.30 बजे **(25); 22265178;** इंज पेम्ब्रोलिजुमैब 100 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम261946, एआई 26-27; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.04.2026, **समयः** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 25 के लिए] । **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-77/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बिहार के पहले 'जीविका दीदी हाट' का संचालन शुरू

## पोषणयुक्त मिलेगा खाद्य पदार्थ □किसानों की बढ़ेगी आमदनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण क्षेत्रों में पोषणयुक्त खाद्य बाजार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत एकंगरसराय प्रखंड के तेल्हाड़ा में जीविका दीदी हाट का संचालन शुरू किया गया है। यह बिहार का पहला ऐसा हाट है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों को स्वस्थ, सुलभ और स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

इस हाट में सब्जियां, फल, दूध सहित अन्य पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 70 से 90 प्रतिशत पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ बाजारों से ही प्राप्त होते हैं, इसलिए सरकार ने इस दिशा में सुधार को प्राथमिकता दी है। यह हाट पारंपरिक बाजारों से अलग है और इसे स्थानीय स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इससे न केवल ग्रामीण उपभोक्ताओं को बेहतर विकल्प मिल रहे हैं, बल्कि स्थानीय किसानों को बाजार और महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

हाट में कुल 26 दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इनमें किराना, फल-सब्जी, जूस व पेय पदार्थ, प्रसाधन सामग्री, जूते-चप्पल, सौंदर्य केंद्र, जन औषधि केंद्र, सुधा डेयरी, दीदी की रसोई, ग्राहक सेवा केंद्र तथा सिलाई केंद्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सिलाई केंद्र के माध्यम से महिलाओं को कौशल विकास से भी जोड़ा जा रहा है।

यह हाट पोषणयुक्त खाद्य उपलब्धता, खाद्य बबार्दी में कमी, स्वच्छता व खाद्य सुरक्षा, महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तथा पोषण संबंधी जागरूकता जैसे पांच प्रमुख बिंदुओं पर आधारित है। इस पहल को जीविका के नेतृत्व में इन्फ्यूजन (पोषण उन्मुख खाद्य बाजार नवाचार) परियोजना के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय संस्थानों का सहयोग मिल रहा है।

मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार तनुजा ठाकुर खालको तथा निदेशक शैलेश कुमार ने हाट का निरीक्षण किया और इसकी सराहना की।

# स्कूल में 'गंगाजल' विवाद

## दो प्रधान शिक्षिकाएं आमने-सामने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिले के बहादुरपुर प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भटानी इन दिनों पढ़ाई के लिए नहीं बल्कि विवादों के कारण चर्चा में है। यहां पूर्व और वर्तमान प्रधान शिक्षिकाओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई खुलकर सामने आ गई है, जिससे स्कूल का माहौल प्रभावित हो रहा है।विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षिका सुनीता देवी ने वर्तमान प्रधान शिक्षिका रंजिता कुमारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जातिसूचक शब्द कहे जाते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस कुर्सी पर वह बैठती थीं, उसे गंगाजल से धोकर बैठने की बात कही गई।

वहीं, वर्तमान प्रधान शिक्षिका रंजिता कुमारी ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि सुनीता देवी ने विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव को बहला-फुसलाकर बैंक से जुड़ी प्रक्रिया में गड़बड़ी करने की कोशिश की है। यह मामला अब सिर्फ स्कूल तक सीमित नहीं रहा। शिकायत वरीय अधिकारियों और पुलिस तक पहुंच चुकी है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजना कुमारी खुद विद्यालय पहुंचीं और पूरे मामले की जांच की। उन्होंने दोनों पक्षों को साफ तौर पर हिदायत दी कि स्कूल को विवाद का अखाड़ा न बनाया जाए। रंजना कुमारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच की गई है और दोनों शिक्षिकाओं को सख्त चेतावनी दी गई है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान प्रधान शिक्षिका के आने के बाद स्कूल में शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और पढ़ाई पटरी पर लौटी है।

## टॉप 10 के छात्रों को दी बधाई

**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम में ग्रामीण परिवेश में शिक्षा अध्ययन कर सर्वोच्च सफलता प्राप्त की उन सभी छात्रों को बुद्धिजीवी चेतना मंच की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं तथा उनके उज्जवल भविष्य को कामना करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति छात्र शिक्षक और अभिभावक को प्रोत्साहन करने की जरूरत है। जिन छात्रों ने 10 टॉप की सूची में आए उसमें अधिकांश छात्र और उनके माता-पिता साधारण वर्ग के लोग हैं। शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण परिवेश के बच्चों कड़ी मेहनत और परिश्रम कर सफलता अर्जित कर रहे हैं। बुद्धिजीवी चेतना मंच औरंगाबाद जिले के सभी सफल छात्राओं एवं सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करता है। मंच के प्रदेश संयोजक डॉ संतोष कुमार अजय श्रीवास्तव संतोष कुमार सिंह समता प्रसाद यादव शिक्षक रामजन्म सिंह डॉ तुलसी यादव सहित सभी मंच के सभी सदस्यों ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। औरंगाबाद जिला के सभी टॉप 10 के अंदर आने वाले छात्र-छात्राओं का मंच के द्वारा सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया है। शिक्षा के माध्यम है जिससे समाज में अत्याचार और अन्याय को समाप्त किया जा सकता है।

# एक करोड़ की हेरोइन के साथ तीन धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** पुलिस और नारकोटिक्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हेरोइन तस्करी के एक नेटवर्क का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली मोड़ बस स्टैंड के पास तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। बाद में उनकी निशानदेही पर पटना में छापेमारी कर दो और तस्करों को पकड़ा गया।

सदर थाना पुलिस और नारकोटिक्स की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दरभंगा के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड के पास कार्रवाई की। यहां से तीन तस्करों को 18 पैकेट हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद हेरोइन की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दरभंगा से गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने पटना में छापेमारी की। वहां से दो और तस्करों को 10 पैकेट हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार आरोपी असम के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए सदर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस डॉ. केतन अशोक हिंगोले ने बताया कि पिछले 15 दिनों के भीतर तस्करों के खिलाफ यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि हेरोइन की खेप असम के गुवाहाटी और सिलचर से लाई जा रही थी। तस्कर पहले सिलचर से पूर्णिया पहुंचे और वहां से दरभंगा होते हुए पटना ले जाने की योजना थी। पुलिस को बरामद टिकटों से इस पूरे रूट की पुष्टि भी हुई है।

गिरफ्तार तीनों तस्कर मोतिहारी जिले के एक ही गांव के रहने वाले हैं और पहले भी गुवाहाटी में हेरोइन मामले में पकड़े जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे सूचना मिली और 9:10 बजे के आसपास संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में कुंदन कुमार, दीपू कुमार और रत्नेश कुमार शामिल हैं, जो मोतिहारी जिला के फेनाला थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। रत्नेश कुमार के पास से 74 ग्राम हेरोइन, कुंदन कुमार के पास से 74 ग्राम हेरोइन और दीपू कुमार के पास से 73 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। इन सभी के पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी, चार सोने की अंगूठियां और कई मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

सदर थानाध्यक्ष सह ट्रेनी आईपीएस डॉ. केतन अशोक हिंगोले ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, पटना से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध तस्कर हेरोइन लेकर दरभंगा के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पहुंचने वाले हैं और वहां से पटना जाने की फिराक में हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस से उतरते ही तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 18 पैकेट में 221 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

दरभंगा में गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने पटना में छापेमारी कर दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मनीष सिंह (30 वर्ष) और कन्हैया कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है। इनके पास से भी 10 पैकेट हेरोइन बरामद किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

## ट्रैक्टर और ट्रेलर की टक्कर में एक की मौत

**औरंगाबाद।** बारुण थाना क्षेत्र के सिंदुरिया के पास मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर और ट्रेलर की टक्कर में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गुलाम बीघा गांव निवासी राजेंद्र सिंह (45) के रूप में हुई है। घायल का इलाज बारुण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र सिंह चैती छठ व्रत कर रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य भी व्रत में शामिल थे। मंगलवार सुबह खरना के बाद वह देव जाने के लिए निकले थे, जहां शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देना था। इसी दौरान सिंदुरिया के पास ट्रैक्टर और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल अवस्था में उन्हें बारुण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया। वहां से भी चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार भेज दिया। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गई।

# 'स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी' अभियान की शुरूआत

## लोगों से श्रमदान में शामिल होने की अपील




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज लोक आस्था का महापर्व चैती छठ को सिक्स लेन पुल के पूर्वी छोर लखीबाग- जनकपुर क्षेत्र से स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान का शुभारंभ किया गया।

स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर के तले स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल अभियान के संयोजक विजय कुमार मिद्ध, सह संयोजक विनोद कुमार, राम प्रमोद सिंह, रवीन्द्र कुमार, गांधी गिरी, चंदन रजक, चांदो रजक, तारकेश्वर नाथ पटवा आदि ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध, अंतः सलीला, मोक्ष दायिनी, ऐतिहासिक- धार्मिक महत्व को संजोय रखने वाला फल्गु नदी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में झाड़ी, कुड़ा, नाली की पानी, आदि के कारण इसकी स्वच्छता और सुंदरता तार-तार हो रही है, जिसे हम गयाजी वासी सप्ताह में एक दिन छुट्टी के दिन रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान कर इसे स्वच्छ और सुन्दर बना सकते हैं। नेताओं ने कहा इस अभियान से फल्गु नदी के पूर्वी छोर के भदेजा- भदेजी, सलेमपूर- भूस्नडा, नौरंगा, लखीबाग, उतरी लखीबाग, जनकपुर, हेठ मानपूर, पटवा टोली, अलीपूर, शादी पूर तथा पश्चिमी छोर के अम्मा, खीरीयावां, केंदुई, डण्डी बाग, घुघरी टांड, लखनपूरा, विष्णुपद, देव घाट, गायत्री घाट, ब्राह्मणी घाट, पिता महेश्वर घाट, महादेव घाट, सीढिया घाट, किरानी घाट, राय बिंदेशवरी घाट, मोरीया घाट, पंचायती अखाड़ा घाट, राम शीला घाट, कंडी नवादा घाट के सम्मानित लोगों के बीच जनजागरण अभियान चला कर सप्ताह के प्रत्येक रविवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दो घंटे श्रमदान कर फल्गु नदी को साफ और स्वच्छ रखने हेतु प्ररित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत फल्गु नदी के पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकन्द तथा पूर्वी छोर पर मोराटाल से खिजरसराय तक मैरीन ड्राइव का निर्माण कराने का भी आवाज बुलंद कर सरकार से मांग किया जाएगा।

# राइफल सफाई के दौरान चली गोली, जवान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत पालीसाई कैंप में तैनात झारखंड पुलिस के जवान अजय किशोर खाखा (45) की राइफल की सफाई के दौरान गोली लगने से दर्दनाक मौत हो गई। वे गुमला जिले के रायडीह गांव के निवासी थे। इस घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम करीब 4 बजे अजय किशोर खाखा कैंप परिसर में अपनी राइफल की नियमित सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक राइफल से गोली चल गई, जो सीधे उनके सिर में जा लगी।

गोली लगते ही वे गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि राइफल में मैगजीन लगा हुआ था, जिससे यह हादसा हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर देर रात सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया। सोमवार को विधिवत पोस्टमार्टम कराने के बाद जवान को पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने नम आंखों से अपने साथी को श्रद्धांजलि दी।

जगन्नाथपुर के एसडीपीओ रफाईल मुर्मू ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके पैतृक गांव रायडीह भेज दिया गया, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुखद घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# शिविर आयोजित कर किसानों दी गयी पशु बांझपन की जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रहटौली पंचायत में पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया प्रेम कुमार साहनी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.एस. प्रसाद एवं पशु चिकित्सक डॉ. श्याम किशोर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.एस. प्रसाद ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए पशुओं में बांझपन की समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय पर सही देखभाल, संतुलित आहार एवं नियमित टीकाकरण के अभाव में पशुओं में बांझपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने पशुओं में बांझपन के प्रमुख लक्षणों, कारणों तथा उसके वैज्ञानिक उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी डॉ. श्याम किशोर ने भी पशुपालकों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि पशु समय पर हीट में नहीं आते हैं या बार-बार गभार्धान के बाद भी गर्भधारण नहीं होता है, तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

उन्होंने स्वच्छता, उचित पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष बल दिया शिविर के दौरान विभिन्न पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा बांझपन सहित अन्य बीमारियों से संबंधित दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। किसानों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया इस मौके पर वीर सिंह, रविंद्र कुमार, सीताराम मंडल, संतोष कुमार, अखिलेश कुमार, मुरारी, विश्वनाथ, अभिषेक, धीरज कुमार, ललिंदर दास सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में पशुपालक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने इस तरह के आयोजन की सराहना की।

## नशेड़ी बेटे ने ली मां की जान

**गोपालगंज।** जिले से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है, जिसने मां-बेटे के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया। महम्मदपुर थाना क्षेत्र के काशी टेंगराही गांव में एक कलयुगी बेटे ने जमीन के विवाद और शराब के नशे में धुत होकर अपनी ही मां की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना ने न केवल परिवार को बिखेर दिया, बल्कि पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल पैदा कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मृतका के घर में लंबे समय से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी बेटा कुछ समय पहले बाहर से लौटा था और शराब की लत का शिकार हो चुका था। घटना वाले दिन विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने आपा खो दिया और नशे में अपनी मां पर जानलेवा हमला कर दिया। परिजनों के मुताबिक, वृद्धा के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट की गई थी कि उसके हाथ और पैर भी टूट गए।घर में मची चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लहूलुहान वृद्धा को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल और फिर गोरखपुर रेफर कर दिया।

# नकाबपोश अपराधियों ने बैंक में की लूटपाट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के तेघड़ा नगर परिषद क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बैंक लूट की घटना से सनसनी फैल गई। वार्ड संख्या दो स्थित एक्सिस बैंक की शाखा को अपराधियों ने निशाना बनाया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग और ग्राहक दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छह अपराधी तीन अपाचे बाइक पर सवार होकर बैंक पहुंचे थे। सभी अपराधियों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। बैंक में घुसते ही उन्होंने कर्मचारियों और ग्राहकों को डराया-धमकाया। इसके बाद कैश काउंटर से पैसे लूट लिए। घटना को अंजाम देकर सभी अपराधी तेजी से फरार हो गए। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में पूरी कर ली गई।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अपराधी बैंक से करीब चार से पांच लाख रुपये लेकर भागे हैं। हालांकि, लूट की सटीक राशि का आकलन अभी किया जा रहा है। बैंक प्रबंधन ने भी पुलिस को पूरी जानकारी दी है।

घटना के बाद बैंक कर्मचारियों में भय का माहौल है। ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही तेघड़ा थाना अध्यक्ष अमित कुमार मौके पर पहुंचे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इलाके की घेराबंदी कर जांच तेज कर दी गई है। संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनीष भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# जिप में राजनीतिक हलचल तेज

## अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल तेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** जिला परिषद में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी के खिलाफ कई निर्वाचित सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की है। इस संबंध में सदस्यों ने उप विकास आयुक्त एवं जिला परिषद अध्यक्ष को औपचारिक पत्र सौंपकर अपनी असंतुष्टि दर्ज कराई है।

सदस्यों का आरोप है कि अध्यक्ष के मनमाने कार्यकलापों के कारण परिषद के कामकाज में पारदर्शिता और संतुलन की कमी आई है।

पत्र में कहा गया है कि कुल निर्वाचित सदस्यों में से बहुमत ने अध्यक्ष के प्रति विश्वास की कमी जताई है। साथ ही, विशेष बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और पारित कराने की मांग की गई है।

अविश्वास प्रस्ताव की मांग करने वालों में रीना देवी, अरविंद प्रताप शाही, मुहम्मद अरमान, पूजा देवी, विद्या भारती, आरती देवी, अशोक राम, कुसुम देवी, सहना खातून, कमलबास कुंवर और मौली देवी प्रमुख रूप से शामिल हैं। सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से विशेष बैठक आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

प्रस्तावित एजेंडे में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें जिला परिषद सदस्यों के अधिकारों का हनन, व्यक्तिगत हितों के लिए विद्यालयों में पुस्तकालय के नाम पर पुस्तक एवं फर्नीचर की आपूर्ति, नियमित रूप से प्रत्येक तीन महीने पर सामान्य बैठक नहीं कराना शामिल है।

इसके अलावा, बैठक की कार्यवाही पंजी में सदस्यों के प्रश्नों को हटाने तथा तथ्यों को अपने अनुसार दर्ज कराने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही, योजनाओं के चयन में भेदभाव और अपने क्षेत्र में अधिक राशि खर्च करने के आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। अब सभी की नजर प्रस्तावित विशेष बैठक पर टिकी है, जहां अविश्वास प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# स्कूलों में लगाये जायेंगे सीसीटीवी कैमरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** जिले के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने सभी विद्यालय प्रधानों को को एक सप्ताह के अंदर विद्यालय परिसर एवं सभी वर्ग कक्ष तथा कार्यालय कक्ष में उत्तम गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरा विद्यालय में उपलब्ध कोष से नियमानुसार उपयोग करते हुए लगवाने का निर्देश दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने महुआ प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय हरपुर मिर्जानगर में दो शिक्षकों के बीच लंबे समय से चल रहे आपसी विवाद में प्राथमिकी एवं महिला आयोग में की गई शिकायतों के कारण विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण पर इसका असर पड़ने को लेकर यह आदेश जारी किया है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरपुर मिर्जानगर में व्याप्त शैक्षणिक वातावरण की समीक्षा के क्रम में विद्यालय में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमत्ता और उनके विस्तार के संबंध में कहा गया है कि प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय में पूर्व से स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से चौबीसों घंटे कार्य कर रहे हों।

आवश्यकतानुसार विद्यालय में उपलब्ध कोष का नियमानुसार उपयोग करते हुए सभी कक्षों, कार्यालय कक्ष एवं संपूर्ण विद्यालय परिसर में पर्याप्त संख्या में नए कैमरे लगाए जाए। कैमरे की गोपनीयता एवं नियंत्रण प्रणाली का पासवर्ड प्रधानाध्यापक अपने पास सुरक्षित और संधारित रखेंगे। यह पासवर्ड किसी भी अन्य शिक्षक या बाहरी व्यक्ति के साथ साझा नहीं किया जाएगा ताकि फुटेज की गोपनीयता और सुरक्षा बनी रहे। यदि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी कैमरों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या तकनीकी बाधा उत्पन्न की जाती है, तो इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा। ऐसी किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होते ही प्रधानाध्यापक को तत्काल जिला कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। ताकि संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जा सके।

## जुबानी जंग हुई तेज

**पटना।** राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के बयान पर तीखा पलटवार किया है। निशांत ने कहा था कि 2005 से पहले बिहार दंगा और हिंसा के दौर से गुजर रहा था, लेकिन उनके पिताजी ने हालात बदल दिए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि, डेटा निकालकर देख लीजिए, विधि-व्यवस्था और अपराध के मामले में बिहार की स्थिति चिंताजनक है। 2005 के बाद से अब तक अपराध दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में आंकड़े विधानसभा में भी पेश किए जा चुके हैं। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में अपराध 'आर्गेनाइज्ड' तरीके से हो रहा है, जबकि पहले ऐसा नहीं था। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया। कहा कि बिहार में अपराध की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अपराध के मामले में यूपी के बाद बिहार का ही नंबर आता है। नीतीश राज में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। वहीं, बिहार में तथाकथित 'सम्राट मॉडल' को लेकर पूछे गए सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि राज्य में कोई मॉडल नहीं चलने वाला। बिहार की जनता मौजूदा सरकार से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और अपराध चरम पर है।

# पुलिस की जगह स्वयं घाट पर कमान संभालते नजर आए मुखिया प्रतिनिधि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** चैती छठ 2026 के शाम अर्घ्य के दौरान, बिहार के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोदीपुर के पंचायत प्रतिनिधि ने सक्रिय भूमिका निभाई। लोदीपुर पंचायत प्रतिनिधि ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर व्रतियों के लिए बैरिकेडिंग, रोशनी, और साफ-सफाई सुनिश्चित की, विशेषकर उन घाटों पर जहां गहराई अधिक थी।

मुखिया प्रतिनिधि घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से स्वयं तैनात रहे और ताकि अराजक तत्व के लोग इस पूजा विधि विधान में कोई अड़चन ना उत्पन्न करे। घाटों के किनारे किनारे स्वयं घूम-घूमकर बारीकी से जांच करते रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस घाट पर श्रद्धालूओं के लिए व्यवस्था मुहैया करवाते हैं ताकि श्रद्धालूओं के पूजा में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

# भोजपुरी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता की आत्मा : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना, गया।** नई दिल्ली की पावन भूमि पर पूर्वांचल एकता मंच द्वारा आयोजित 13वें विश्व भोजपुरी सम्मेलन 2026 के भव्य दो दिवसीय कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भाषा, परंपरा और अस्मिता का जीवंत उत्सव है। अपने संबोधन में उन्होंने भोजपुरी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भोजपुरी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता की आत्मा है। इसकी मिठास, सरलता और आत्मीयता विश्वभर में बसे करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने उल्लेख किया कि आज मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम तथा त्रिनिदाद एवं टोबैगो जैसे अनेक देशों में भोजपुरी की गूंज सुनाई देती है जो हमारे पूर्वजों के परिश्रम और त्याग की अमिट पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि भोजपुरी भाषा और संस्कृति ने भारतीय लोकजीवन को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोकगीत, लोकनृत्य, पर्व-त्योहार और परंपराएं समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देती है। उन्होंने इस अमूल्य धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर इसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्वांचल एकता मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भोजपुरी समाज को वैश्विक मंच प्रदान करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। डिजिटल युग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने भोजपुरी भाषा को साहित्य, सिनेमा, शिक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाषा के सशक्त होने से हमारी पहचान भी और अधिक मजबूत होती है। अंत में डॉ प्रेम कुमार ने सभी से भोजपुरी भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया और इसे हमारे पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



# मगध विश्वविद्यालय बना बिहार दिवस समारोह का ओवरऑल चैंपियन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया/पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम, डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के गणमान्य शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. शाही ने बिहार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री के सपनों के बिहार के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने बिहार की अस्मिता और गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा शोध एवं समसामयिक मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने की अपील की। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय सहित कई विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं–नृत्य, संगीत, वादन, रंगोली, मेहंदी, अभिनय एवं वाद-विवाद–में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। समग्र प्रदर्शन के आधार पर मगध विश्वविद्यालय को ओवरऑल विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय उपविजेता घोषित हुआ। समारोह में डॉ परम प्रकाश राय डॉ. मोहम्मद शमशाद अंसारी, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, राहुल कुमार, अविनाश कुमार, डॉ. आभा सिंह, डॉ. कविता सिंह, डॉ. श्वेता गोयल, डॉ. अन्य स्वराज, डॉ. वंदना सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एकता वर्मा, डॉ. ममता एवं डॉ. मीनाक्षी ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सम्मेलन कक्ष में कलस्टर शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के पटना क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों को वेब पोर्टल पर अपने वार्षिक उधोग सर्वेक्षण रिटर्न्स स्वंय भरने एवं सर्वेक्षण कार्य के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 24 मार्च 2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना दीघा रोड, पटना के केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सम्मेलन कक्ष में एक क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने रिटर्न्स को वेब पोर्टल पर स्वंय संकलन के लिए औद्योगिक इकाईयों के प्रबंधक को उत्साहपूर्ण प्रयास करने की अपील की। औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये उप महानिदेशक ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बदलते हुए परिदृश्य में सरकार के नीति निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु औद्योगिक इकाईयों द्वारा समय पर एएसआइ रिटर्न का स्वंय संकलन किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है। स्वागत भाषण राजीव कुमार झा, सहायक निदेशक ने दिया। देवेंद्र कुमार, धीरेन्द्र नाथ प्रसाद के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों अमिताभ पाठक कमलेश प्रधान दिलीप कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, जीतेंद्र राय, सुबोध कुमार, चन्दन कुमार एवं सुमित कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को वेब पोर्टल पर अपना रिटर्न्स भरने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सम्मिलित कुछ महत्वपूर्ण औधोगिक इकाईयों इत्यादि के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन मंजूषा कुमारी, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने किया।

# प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में बीडी कॉलेज में 'कैंपस टू कलेक्टरेट' सेमिनार का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना ने स्टडीआईक्यू आइएएस के सहयोग से 'कैंपस टू कलेक्टरेट' (कलेक्टरेट) सेमिनार का सफल आयोजन किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। सत्र में विद्यार्थियों के लिए एक रोचक क्विज भी आयोजित किया गया जिसने उनकी सहभागिता को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सीमा कुमारी एवं डॉ. विनिता तिवारी द्वारा किया गया जिसमें संकाय सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। यह पहल विद्यार्थियों को सिविल सेवा की ओर प्रेरित करने तथा उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देने का एक सार्थक प्रयास है।

# डॉ. संजय मयूख ने परिवार संग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महान पर्व चैती छठ के अवसर पर राजधानी पटना के विभिन्न घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में विधान पार्षद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संजय मयूख ने अपनी धर्मपत्नी एवं परिजनों के साथ विधि-विधानपूर्वक अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच पारंपरिक लोकगीतों, वेद मंत्रों और भक्ति भाव से सराबोर वातावरण ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। व्रती महिलाएं एवं पुरुष कमर तक जल में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा। डॉ. मयूख ने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति की आत्मा है जिसमें प्रकृति, अनुशासन, तप और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने व्रती महिलाओं के कठोर तप, संयम और आस्था की विशेष सराहना करते हुए कहा कि छठ महापर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और लोगों को एक सूत्र में बांधता है। गौरतलब है कि चैती छठ के अवसर पर पटना सहित पूरे बिहार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घाटों पर उमड़ती है जहां चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है।

# 25 मार्च तक काम पर लौटें, वरना होगी कड़ी कार्रवाई : विजय सिन्हा

### सरकार सख्त, राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अवैध घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में हड़ताली राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सामूहिक अवकाश को अवैध करार दिया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्धारित समयसीमा 25 मार्च तक कार्य पर नहीं लौटने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज के स्तर से विभागीय पत्र भी जारी कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार राजस्व सेवा के कुछ पदाधिकारियों द्वारा 9 मार्च 2026 से घोषित सामूहिक अवकाश न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि इससे आम जनता के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार जनहित और प्रशासनिक व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा तथा उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाले भूमि सुधार जनकल्याण संवाद जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के मद्देनजर राजस्व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# केवाइपी केंद्र 'विशाल युवा केंद्र' में नामांकन प्रभावित

### उच्च न्यायालय के आदेश के बाद संचालक ने विभाग से की त्वरित कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा / वैशाली।** वैशाली जिले के जंदाहा स्थित विशाल युवा केंद्र से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है जहां केंद्र के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने नामांकन में आई कमी और केंद्र के स्वामित्व विवाद को लेकर गंभीर मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने बिहार सरकार के संबंधित विभाग को आवेदन देकर पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन की मांग की है। डॉ. झा ने बताया कि वे वर्ष 2017 से लगातार उक्त केंद्र का संचालन कर रहे हैं तथा भवन, स्टाफ, कंप्यूटर, सर्वर, इंटरनेट, बिजली सहित सभी संसाधनों का खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्हें अब तक केंद्र के स्वामित्व का अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र में नामांकन नहीं होना विभागीय व्यवस्था और वित्तीय बाधाओं का परिणाम है। विशेष रूप से केंद्र के नाम से बैंक खाता स्वीकृत नहीं होने के कारण वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता प्रभावित होती है जिससे विश्वास का संकट उत्पन्न होता है। डॉ. झा ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित संस्था (एक एन. जी.ओ.) के पदाधिकारियों द्वारा लगभग 21 लाख की राशि रोकी गई है। साथ ही उनके पक्ष में जारी 5-5 लाख के दो चेक भी बाउंस हो गए जिनसे संबंधित मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। उल्लेखनीय है कि यह योजना प्रारंभ में श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के अधीन संचालित होती थी, किन्तु वर्तमान में यह युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के अधीन संचालित की जा रही है। इस मामले में डॉ. झा द्वारा दायर वाद में पटना उच्च न्यायालय ने वैकल्पिक उपाय अपनाने की स्वतंत्रता प्रदान की है। इसके आलोक में उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि केवाईपी कोड का स्वामित्व उन्हें प्रदान किया जाए क्योंकि वास्तविक रूप से केंद्र का संचालन एवं प्रबंधन वे ही कर रहे हैं। डॉ. झा ने बिहार कौशल विकास मिशन एवं संबंधित विभाग से यह भी मांग की है कि केंद्र के नाम से बैंक खाता शीघ्र स्वीकृत किया जाए तथा लंबित मामलों का निष्पादन किया जाए, ताकि केंद्र पुनः पूर्ण क्षमता से संचालित हो सके और स्थानीय युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके।



# डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेल खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की गति से होगा ट्रायल व निरीक्षण

### जनसामान्य रेलवे लाइन से दूर रहें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेलखंड में रेल परिचालन की 180 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति क्षमता तक वृद्धि हेतु अवसंरचना उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मार्च 2026, बुधवार को डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेलखंड में मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस ट्रायल ट्रेन से 180 किमी प्रतिघंटा तक की अधिकतम गति के साथ परिचालन हेतु निरीक्षण सह ट्रायल किया जाना है। पहले ट्रेन डाउन दिशा में डीडीयू जंक्शन से चलकर गया जंक्शन होते हुए आगे प्रधानखांटा तक जाएगी, फिर अप दिशा में डीडीयू जंक्शन वापस आयेगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डीडीयू - गया - प्रधानखांटा रेलखंड में 180 किमी प्रति घंटा पर दोनों ओर से प्रस्तावित स्पीड ट्रायल को देखते हुए 25.03.2026 मंगलवार को दिन भर रेलवे ट्रैक से पर्याप्त सुरक्षात्मक दूरी बनाए रखें। सभी जन सामान्य रेल लाइन के निकट न आएं तथा मवेशियों को भी रेल लाइन से दूर रखें। सभी समपार फाटक पर सभी संकेतों एवं निर्देशों का पालन करें।

# बाबा साहब की जयंती की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक

### बिहार भाजपा 92 हजार बूथों पर मनाएगी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा तथा जिला से लेकर बूथों तक में जयंती को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबा साहेब की जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखेन्द्र पासवान, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान भी उपस्थित रहे। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती को भव्य और धूमधाम तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई और बैठक में कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना भी बनाई गई। बैठक में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए चलेगा अभियान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनका समग्र शारीरिक एवं बौद्धिक विकास सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में 25 मार्च 2026 को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के तहत राज्य के चयनित चार जिलों - अररिया, अरवल, किशनगंज एवं मधेपुरा में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक दी जाएगी। वहीं, जो बच्चे किसी कारणवश इस दिन दवा लेने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 30 मार्च 2026 को आयोजित मॉप-अप डे के दौरान दवा खिलाई जाएगी। कृमि संक्रमण दूषित मिट्टी और अस्वच्छता के कारण फैलता है जिससे बच्चों के पोषण स्तर और हीमोग्लोबिन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए बहु-विभागीय समन्वय के साथ व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, संस्कृत विद्यालयों तथा तकनीकी संस्थानों (पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि) में बच्चों को दवा दी जाएगी।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

### बिहार दिवस के अंतिम दिन सम्मानित किए गए कलाकार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन पटना नगर निगम की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया गया। इस अवसर पर पटना की मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के लिए अपील की। उन्होंने पटनावासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मेयर सीता साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हमें अपने रोजमर्रा के व्यवहार और आदतों में सुधार लाना होगा। मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहा है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

मेयर सीता साहू ने पटनावासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियानों में भाग लें और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पटना को स्वच्छतम शहर बनाना होगा। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू नवगीत ने कहा कि सभी मिलकर स्वच्छता के लिए प्रयास करें।

# सम्राट अशोक की जयंती पर भव्य रथ यात्रा व अशोक रत्न अवार्ड का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के द्वारा महान सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड 2026 सह भव्य रथ यात्रा के आयोजन को लेकर पटना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने जानकारी दी कि यह भव्य कार्यक्रम 26 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा, इसी को लेकर यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी शुरुआत वर्ष 2009 से लगातार की जा रही है।

# अब नहीं चलेगी गड़बड़ी, नगर निकायों पर सीएजी की नजर

### अब सभी नगर निकायों की ऑडिट कराई जाएगी सीएजी से : उप मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत बिहार सरकार अब राज्य के सभी नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार (सीएजी) से कराएगी। इसकी घोषणा राज्य के उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि ऑडिट में गड़बड़ी पाए जाने पर जवाबदेह कार्यपालक पदाधिकारियों (ईओ) और अभियंताओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा मंगलवार को अपनी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों की चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यह पहला मौका है जब नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार से कराने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक नगर निकायों की ऑडिट चार्टर एकाउंटेंट के द्वारा कराई जाती रही है। सीएजी के द्वारा ऑडिट कराए जाने से नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आएंगे। जिससे जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से बदलते विकास के परिदृश्य के बीच शहरीकरण की नई संभावनों के द्वार खोल रहा है। वर्तमान में बिहार की 15.6 प्रतिशत आबादी ही शहरी क्षेत्रों में निवास करती है जो राष्ट्रीय औसत 36 प्रतिशत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले दिनों राज्य में 11 नए टाउनशिप विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन टाउनशिप में नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों के साथ-साथ सीतामढ़ी और सोनपुर को भी शामिल किया गया है जिससे संतुलित एवं योजनाबद्ध शहरी विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार शहरी स्वच्छता और कर प्रणाली में भी व्यापक सुधार ला रही है। नगर निकायों को 30 दिनों में स्वच्छता और टैक्स व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

# बिहार में मसूर की सरकारी खरीद को मिली मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। बिहार सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा रबी 2026 मौसम में बिहार से 32,000 मीट्रिक टन मसूर की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अभी तक बिहार में सिर्फ धान एवं गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद होती थी, लेकिन अब बिहार में दलहन फसल की भी खरीद होगी। बिहार के किसानों के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों की आय बढ़ाने तथा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मसूर की खरीद की जाएगी तथा भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता- नई शर्तों के इंतजार में टला हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच पिछले महीने जिस अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी थी, उसे लेकर कई तरह की दुविधाएं थीं और कुछ शर्तें पहले ही सवालों के घेरे में थीं। अमेरिका की ओर से जिस ढांचे में शुल्क दरें तय करने की बात कही गई थी, उसे भारत के लिहाज से घाटे का सौदा माना जा रहा था।एक तरह से तभी इस बात की आशंका बन रही थी कि भारत इस मसले पर अमेरिका से पुनर्विचार करने को कह सकता है। मगर कई बार वैश्विक समीकरण इस तरह काम करते हैं कि दोनों पक्षों को मौजूदा तकाजों के मुताबिक फैसला लेना होता है। शायद यही वजह है कि उस समय अमेरिका की ओर से शुल्क दर घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया था और भारत ने उस पर सहमति जताई थी।मगर अब भारत सरकार की ओर से यह साफ कहा गया है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता तभी आगे बढ़ेगा या उस पर हस्ताक्षर होंगे, जब नया वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर इसी महीने हस्ताक्षर होने थे, लेकिन चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुरानी शुल्क दरों को अमान्य करार दे दिया गया, इसलिए अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को वैश्विक व्यापार के लिए नया ढांचा तैयार करने की जरूरत पड़ रही है।इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी व्यापार समझौते में शामिल देश तभी सहमत होते हैं, जब उन्हें विश्व बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं या लाभ मिलें। मगर पिछले महीने अमेरिका के साथ जिन परिस्थितियों में व्यापार समझौते पर बात आगे बढ़ी थी, उसे भारत के लिहाज से अनुकूल नहीं कहा जा सकता था। खासतौर पर शुल्क दरें तय किए जाने की कसौटी चूंकि समान नहीं थी, इसलिए आने वाले वक्त में इस मसले पर संतुलन बनाने की मांग उठने की पूरी संभावना थी।इसके अलावा, खुद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के शुल्क दरों के ढांचे को कठघरे में खड़ा कर दिया। हालांकि एक वस्तुस्थिति यह भी है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भले ही वार्ता आगे बढ़ रही थी, लेकिन अब तक यह केवल समझौते के प्रारूप तक ही पहुंची थी।

*यह वही नदी है जो भारत में सियांग और फिर ब्रह्मपुत्र बनती है और आगे बांग्लादेश में जमुना के रूप में बहती है। अकेले ब्रह्मपुत्र घाटी में भारत के करीब तेरह करोड़ लोगों की आजीविका इस नदी पर निर्भर है जबकि बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। चीन ने तिब्बत के यारलुंग सांगपो नदी पर जिस विशाल जलविद्युत परियोजना की शुरुआत की है, उसने एशिया की भू-राजनीति में हलचल नहीं बल्कि भूकंप ला दिया है। यह कोई साधारण बांध नहीं, बल्कि पानी के जरिये ताकत हासिल करने की खुली रणनीति है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि इसकी मार सीधे भारत और बांग्लादेश जैसे निचले देशों पर पड़ने वाली है। इस साल की शुरुआत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने नववर्ष संबोधन में जब इस परियोजना का ऐलान किया तो दुनिया को साफ संदेश मिला कि चीन अब न तो पर्यावरण की चिंता करेगा और न ही पड़ोसी देशों की।*

# ड्रैगन ने चल दी है नई चाल, अब पानी से करेगा वार, भारत आखिर कैसे देगा जवाब?

**(नीरज कुमार दुबे)**

करीब 167 अरब डॉलर की लागत से बन रही यह परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत योजना बताई जा रही है जिसकी क्षमता 67 से 80 गीगावाट तक आंकी जा रही है। तुलना करें तो यह थ्री गॉर्जेस बांध से भी लगभग तीन गुना बड़ी हो सकती है।

यह वही नदी है जो भारत में सियांग और फिर ब्रह्मपुत्र बनती है और आगे बांग्लादेश में जमुना के रूप में बहती है। अकेले ब्रह्मपुत्र घाटी में भारत के करीब तेरह करोड़ लोगों की आजीविका इस नदी पर निर्भर है जबकि बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। यानी यह परियोजना सीधे करोड़ों जिंदगियों पर असर डालने वाली है।

### पानी पर कब्जा यानी भविष्य पर कब्जा

चीन इस परियोजना को हरित ऊर्जा का नाम दे रहा है, लेकिन असल खेल कहीं ज्यादा गहरा है। नदी के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण का मतलब है नीचे बहने वाले पानी पर नियंत्रण। और यही वह बिंदु है जहां यह परियोजना एक रणनीतिक हथियार बन जाती है।

विशेषज्ञों का साफ कहना है कि यदि चीन चाहे तो सूखे के समय पानी रोक सकता है और तनाव के समय अचानक छोड़ सकता है। इससे बाढ़ जैसी तबाही पैदा हो सकती है। यही वजह है कि भारत के पूर्वोत्तर में इसे वाटर बम कहा जा रहा है।

लोवी संस्थान की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि तिब्बत के पठार पर चीन का बढ़ता जल नियंत्रण भारत की अर्थव्यवस्था पर गला घोंटने वाला दबाव बना सकता है। यह केवल जल संकट नहीं बल्कि खाद्य संकट और ऊर्जा संकट को भी जन्म दे सकता है।

### पर्यावरण के साथ खतरनाक खिलवाड़

जिस इलाके में यह परियोजना बन रही है वह भूगर्भीय दृष्टि से बेहद अस्थिर है। यह क्षेत्र दुनिया की सबसे गहरी घाटियों में



गिना जाता है और यहां भूकंप तथा भूस्खलन आम बात है। ऐसे में इतनी बड़ी संरचना बनाना सीधे आपदा को निमंत्रण देना है। यदि किसी भी कारण से बांध को नुकसान पहुंचता है तो उसका असर हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है। ब्रह्मपुत्र की तेज धारा और विशाल जल प्रवाह इसे और भी खतरनाक बना देते हैं।

इसके अलावा नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव से पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ेगा। अनुमान है कि ब्रह्मपुत्र हर साल लगभग सात सौ मिलियन टन गाद लेकर आती है जो असम और बांग्लादेश की जमीन को उपजाऊ बनाती है। यदि यह प्रवाह बाधित हुआ तो खेती पर सीधा असर पड़ेगा।

### तिब्बत की आवाज दबाकर बनाई जा रही परियोजना

इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा चिंता पारदर्शिता को लेकर है। न तो पर्यावरणीय रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है और न ही स्थानीय लोगों से कोई राय ली गई है। तिब्बती समुदाय और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की आवाज को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने इसे चीन का दोहरा रवैया बताया है। उन्होंने हाल ही में कहा कि चीन जब अपने हित में होता है तो अंतरराष्ट्रीय नियमों की बात करता है और जब नहीं होता तो उन्हें कुचल देता है।

चीन की इस चाल के जवाब में भारत ने भी अपनी रणनीति तेज कर दी है। भारत पूर्वोत्तर में 208 बांध बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिसकी कुल क्षमता 75 गीगावाट से ज्यादा होगी। इसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट अपर सियांग है जिसकी ऊंचाई लगभग तीन सौ मीटर और क्षमता ग्यारह गीगावाट होगी। इसका मकसद केवल बिजली बनाना नहीं बल्कि चीन के जल नियंत्रण के खतरे को संतुलित करना है। भारत की योजना है कि वर्ष 2047 तक ब्रह्मपुत्र बेसिन से छिहत्तर गीगावाट से अधिक बिजली पैदा की जाए। यानी यह साफ है कि यह अब ऊर्जा की दौड़ नहीं बल्कि रणनीतिक टकराव बन चुका है।

### पानी से डेटा तक फैलती जंग

अब यह संघर्ष केवल नदी तक सीमित नहीं रहा। जलविद्युत परियोजनाएं अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल नेटवर्क से जुड़ चुकी हैं। चीन अपने बांधों को स्मार्ट ऊर्जा तंत्र से जोड़ रहा है जबकि भारत भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी और डेटा विश्लेषण पर काम कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि जो देश पानी को नियंत्रित करेगा वही ऊर्जा और डेटा दोनों पर नियंत्रण हासिल करेगा। यानी भविष्य की ताकत अब पानी और तकनीक के गठजोड़ में छिपी है।

### बिना नियम के खतरनाक खेल

सबसे बड़ा खतरा यह है कि ब्रह्मपुत्र को लेकर भारत और चीन के बीच कोई औपचारिक जल समझौता नहीं है। यानी कोई बाध्यता नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। अतीत में चीन ने साल 2000 में आई बाढ़ के दौरान जरूरी आंकड़े साझा नहीं

## सनसनी, सियासत और साजिश




# चैनल-दर-चैनल भारत और दुनिया का हाल, टीवी की चीख-पुकार में डूबी सियासत

**(सुधीश पचौरी)**

अंकल सैम का जवाब नहीं। अंकल अपने ही युद्ध में फंसे हैं। एक दिन कहते हैं- नाटो होर्मुज को खोलने में मदद करे। जब नाटो मुकर जाता है, तो कहने लगते हैं कि नाटो गद्दार है, कायर है। गैस भरे दो जहाज होर्मुज जलमार्ग से भारत आ रहे हैं। भारत की विदेश नीति जिंदाबाद! विपक्ष के एक नेता- इधर कहां आ रहे हैं, वे तो अमेरिका जा रहे हैं। कुछ देर बार नेता जी अपनी पोस्ट उतार लेते हैं। दूसरे नेता- न गैस, न तेल, अपनी विदेश नीति फेलज बैठे हैं हम सिलेंडर लिए, कोई हमें उठाए क्यों। तीसरे नेता- 'पेनिक पेनिक' करते-करते बीती रे उमरिया।

अथ चुनाव की बहार और बंगाल का जादू। एक ओर मोदी की ललकार। इस बार आर या पारज अलविदा धमकी वाली सरकार। तुरंत आती जवाबी हुंकार कि एक बार फिर खेला होबेज खेला होबे..! इस बीच चुनाव आयोग का एलान- बंगाल के चुनाव दो चरण में। बाकी सब एक चरण में। अब तृणमूल कांग्रेस नाराज- पहले आठ चरण में चुनाव, तो अब दो चरण में क्योंज साजिश है साजिश है। चार मई, टीमएसी गई। फिर खबर की खबर- आधी रात में बंगाल के दो शीर्ष अधिकारियों के तबादलेज फिर कनिष्ठ अफसरों के तबादले। साजिश है साजिश है! हमें हराने की साजिश है, लेकिन सारी साजिश नाकाम होगीज तृणमूल ही आनी है। एक अमेरिकी विशेषज्ञ रिचर्ड वुल्फ- अमेरिकी साम्राज्य का पतन शुरूज अमेरिका फंसा इजराइल ने फंसायाज उसने सोचा नहीं था कि ईरान इस कदर प्रतिरोध करेगाज दांव उलटा पड़ाज लेने के देने पड़े। विपक्ष विलाप- तेल नहीं, गैस नहीं, रेस्तरां बंद, ढाबे बंद, महंगाई-महंगाई जनता बर्बाद। सत्ता प्रवक्ताओं का आलाप- तेल भी है, गैस भी है, विपक्ष लोगों को डराता है अराजकता फैलाता है।

फिर, एक सनसनीखेज खबर- ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई हमले में घायल सुरक्षा मंत्री मृतज अंगुली की अंगूठी से पहचान। फिर एक प्रतिवादी खबर- नेतन्याहू कई दिन से गायब। जवाब में एक चैनल नेतन्याहू को 'काफी' पीते दिखाता है। एक वीडियो में वे कहते दिखते हैं कि शेर अभी जिंदा है। एक चैनल एक ईरानी प्रोफेसर के बयानों को प्रसारित करता है कि अमेरिका-इजराइल नहीं जानते कि वे किससे भिड़े हैंज हम बता देंगे कि हम क्या हैं! क्या समझौता करेंगे? जवाब आता है कि नहींज हम सिर पर कफन बांध कर लड़ रहे हैंज हम होर्मुज बंद कर उनको रुला देंगे। और सच! 'होर्मुज बंद' तो दुनिया बंद। दुनिया भर में हाय-हायज तेल की कीमतें चढ़ीं। एक अंग्रेजी चैनल खबर देता है कि दुनिया के सट्टा बाजार का भट्ठा बैठा। अपना बाजार भी दस हजार अंक तक जा गिरा। जिस रात इजराइल ने कतर के सबसे बड़े गैस भंडार पर हमला किया, उस दिन से त्राहि-त्राहि मची फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी आदि 'शांति शांति' का जाप करते दिखे कि युद्ध बंद करो। कुछ कहने लगे कि मोदी अकेले हैं जो बातचीत और शांति करा सकते हैं। मगर अपन भी बड़े होशियार कि हर हाल में 'ठंड' रखते हैं और किसी के उकसावे में नहीं आते। विपक्ष के नेता के इस व्यवहार पर एतराज करने वाले आला नागरिकों में ज्यादातर सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, कुछ न्यायविद् और कुछ बुद्धिजीवी थे। एक बहस में एक अधिकारी जब एतराज जताने बैठे, तो उनको विपक्ष के प्रवक्ताओं से बहुत कुछ सुनना पड़ा कि इनमें से बहुत से ऐसे हैं, जिनको सत्ता से कुछ न कुछ चाहिए। एक ओर 'परंपरागत राजनीति' है, तो दूसरी ओर सत्ता को चिढ़ाने की राजनीति। परंपरागत राजनीति इसकी काट नहीं कर पाती। वह प्रतिक्रिया में सिर्फ खिसियाती रह जाती है। और अंत में, अंकल सैम का जवाब नहीं। अंकल अपने ही युद्ध में फंसे हैं। एक दिन कहते हैं- नाटो होर्मुज को खोलने में मदद करे। जब नाटो मुकर जाता है, तो कहने लगते हैं कि नाटो गद्दार है, कायर है। हमें उनकी जरूरत नहीं! फिर कहते हैं कि चाहूं, तो युद्ध को दो सेकंड में बंद कर दूंज अब दुनिया कहने लगी है- युद्ध तुम्हारा, खर्च हमारा, नहीं चलेगा!

# ईरान-इजरायल युद्ध का असर- भारत में बढ़ा महंगाई का खतरा

**(अभिषेक पाण्डेय)**

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल-गैस ठिकानों पर हमलों से वैश्विक बाजार में दबाव बढ़ गया है। क्रूड कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर हैं और रुपया कमजोर होने से भारत की आयात लागत बढ़ रही है। प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल महंगे हुए हैं, जिससे उद्योगों की लागत बढ़ने और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। भारत के पेट्रोल मार्केट में इसके प्रीमियम वैरिएंट की हिस्सेदारी बहुत कम है, केवल 2 से 4 प्रतिशत तक। लेकिन, इसका 2.35 रुपये तक महंगा होना बताता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से तेल-गैस पर दबाव बढ़ता जा रहा है और कंपनियों के लिए शायद बहुत देर तक इसे संभालना मुमकिन न रहे। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में भी बढ़ोत्तरी हुई है। रिफाइनरी पर हमले- मौजूदा संघर्ष में तेल-गैस ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी का माहौल है। कुवैत ने बताया कि शुक्रवार को भी ईरान ने उसकी मीना अल अहमदी रिफाइनरी पर हमला किया, जिसके बाद इसके कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ा। सऊदी, यूएई और कतर - इन सभी की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जिससे सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ा है।

गिरता रुपया- संकट से निपटने के लिए भारत अपने आयात में विविधता ला रहा है। लेकिन, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत परेशानी बनी हुई है। क्रूड अब भी 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जबकि सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध जारी रहा तो दाम 180 डॉलर के पार भी जा सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारत के लिए परेशानी और बढ़ गई है। उसे तेल की खरीद के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। शुक्रवार को रुपया टूटकर 93.71 पर पहुंच गया।

महंगाई का डर- भारत में तेल की कीमतें बाजार स्थितियों के हिसाब से कंपनियां तय करती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्टैंडर्ड पेट्रोल के दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन आखिरकार प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल का बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। इंडस्ट्रियल डीजल के दाम में करीब 21 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। इसका इस्तेमाल भारी उद्योगों और हेवी मशीनरी में किया जाता है। इसका दाम बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ सकती है, उद्योगों का मुनाफा घटेगा और कई सामान महंगे हो सकते हैं। कमर्शल एलपीजी संकट की वजह से पहले ही काफी असर पड़ रहा है।

वास्तविक समाधान- जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत 6 देशों ने होर्मुज स्ट्रेट को आवाजाही के लिए सुरक्षित बनाने में सहयोग करने की बात कही है। यह बढ़ते ऊर्जा संकट का नतीजा है कि इन देशों को मजबूरी में इस मामले में उतरना पड़ रहा है। हालांकि वास्तविक समाधान अमेरिका-इस्राइल और ईरान के हाथ में है।

# दिल्ली से मुंबई तक तपता भारत- क्या यह कुदरत की आखिरी चेतावनी है?

**देश में बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम संबंधी घटना नहीं रह गई है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक गंभीर राष्ट्रीय मुद्दा बनती जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2026 में गर्म मौसम की चेतावनी दी है। उसने कहा है कि मार्च से मई के बीच देश के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहेगा। अधिक तापमान वाले दिनों की संख्या बढ़ सकती है। यह चेतावनी इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है।**

**(देवेंद्रराज कुमार)**

भारत पहले से ही दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां अत्यधिक तापमान और गर्मी का प्रभाव बड़ी आबादी पर पड़ता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि गर्मी का मौसम पहले शुरू हो रहा है और यह लंबे समय तक बना रहता है।

उदाहरण के लिए मार्च 2026 के पहले सप्ताह में ही दिल्ली में तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से लगभग सात डिग्री अधिक था। पिछले पंद्रह वर्षों में मार्च के शुरुआती सप्ताह में इतना अधिक तापमान पहली बार महसूस किया गया। यह केवल एक शहर तक सीमित नहीं था, बल्कि देश के कई हिस्सों में इसी तरह की स्थिति देखी गई।

पिछले कई दशक के आंकड़े बताते हैं कि भारत का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। यह वृद्धि लगभग 0.15 डिग्री सेल्सियस प्रति दशक की दर से दर्ज की गई है। जब तापमान में ऐसी निरंतर वृद्धि होती है, तो इसका सीधा प्रभाव तापमान की आवृत्ति और तीव्रता पर पड़ता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में भारत में गर्मी और लू की लहरें अधिक लंबी और खतरनाक हो सकती हैं। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनी केवल मौसम का अनुमान नहीं है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक चेतावनी है कि जलवायु संकट की चुनौती अब स्पष्ट रूप से हमारे सामने है। पिछले कुछ वर्षों में तापमान की आवृत्ति और तीव्रता दोनों ही बढ़ी हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में अक्सर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है।

इस साल मार्च के दौरान मुंबई में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से लगभग छह डिग्री अधिक था और इस कारण मौसम विभाग को चेतावनी जारी करनी पड़ी। इसी प्रकार पुणे में भी तापमान 38.5 डिग्री तक पहुंच गया और कई जिलों में तापमान चालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। यह स्पष्ट संकेत है कि गर्मी की शुरुआत पहले हो रही है और इसका विस्तार अधिक व्यापक हो रहा है।

यह केवल तापमान की वृद्धि नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन, कृषि, जल संसाधन और ऊर्जा प्रणाली पर व्यापक प्रभाव डालती है। अत्यधिक गर्मी के कारण खेतों में नमी



कम हो जाती है, फसलें प्रभावित होती हैं। जल स्रोत सूखने लगते हैं। इसके अलावा बिजली की मांग बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद से लगातार बढ़ रहा है।

इसका मुख्य कारण जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक प्रदूषण और वनों की कटाई है। जब वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ती है, तो पृथ्वी की सतह पर अधिक गर्मी बनी रहती है, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देशों में इसका प्रभाव और अधिक तीव्र रूप में दिखाई देता है। शोध बताते हैं कि जलवायु संकट के कारण अत्यधिक तापमान वाली घटनाओं की संख्या और अवधि दोनों बढ़ रही हैं। इससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है, तो शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिससे निर्जलीकरण, लू लगने और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं। भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण भी अत्यधिक तापमान की समस्या को गंभीर बना रहा है। शहरों में विकास कार्यों के दौरान बड़ी मात्रा में कंक्रीट, डामर और धातु जैसी सामग्री का उपयोग होता है जो सूर्य की गर्मी को अधिक अवशोषित करती हैं और लंबे समय तक उसे रोक कर रखती हैं। इस कारण शहरों में तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक हो जाता है। जब शहरों में पेड़ों और हरित क्षेत्रों की संख्या कम होती है, तो यह प्रभाव और भी बढ़ जाता है। कई बड़े शहरों में ऊंची इमारतों के कारण हवा का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे गर्मी अधिक महसूस होती है। जब शहरों में हरित क्षेत्र कम होते हैं, तो प्राकृतिक शीतलन प्रक्रिया कमजोर हो जाती है और वातावरण में बनी गर्मी रात में भी पूरी तरह कम नहीं हो पाती। इसलिए शहरी नियोजन में हरित क्षेत्रों का संरक्षण और विस्तार अत्यंत आवश्यक है। अत्यधिक तापमान का सबसे गंभीर प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है। शरीर में पानी की कमी हो जाती है। रक्तचाप तथा हृदय गति पर भी प्रभाव पड़ता है। लू लगने जैसी स्थिति बढ़ जाती है जो कई बार जानलेवा साबित होती है। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और पहले से बीमार लोग विशेष रूप से अधिक जोखिम में होते हैं। भारत में बड़ी संख्या में लोग खुले वातावरण में काम करते हैं, जैसे किसान, निर्माण श्रमिक और फुटकर विक्रेता।

उन्हें अत्यधिक गर्मी का सीधा सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए, तो अत्यधिक तापमान और लू सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकते हैं। इसलिए सरकार और समाज दोनों को मिल कर इसके प्रभाव को कम करने के उपाय अपनाने होंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी।

भारत जैसे देश में जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसके अलावा पशुधन पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, जल संसाधनों पर भी इसका दबाव बढ़ता है, क्योंकि गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ जाती है। कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर पहले से ही गिर रहा है। इसलिए सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और समाज मिल कर जलवायु अनुकूल विकास की दिशा में काम करें। हरित ऊर्जा का उपयोग, वनों का संरक्षण, जल संसाधनों का सतत प्रबंधन और शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों को बढ़ावा इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हो सकते हैं।

लोगों को भी अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाना होगा। साथ ही उन्हें ऊर्जा की भी बचत करनी होगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना होगा। यदि हम सामूहिक प्रयास करें, तो बढ़ती गर्मी की चुनौती का सामना किया जा सकता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**कुरसेला /कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के मंडल टोला खेरिया गांव में एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार दल-बल के साथ सोमवार की रात करीब 9 बजे मौके पर पहुंचे और शव को कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया। मृतका रेखा देवी (28) गांव के राजेश मंडल की पत्नी थी। परिजनों के मुताबिक रेखा सोमवार की शाम जलावन लाने के दौरान कुरसेला स्टेशन के पश्चिमी सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसमें उसकी मौत हो गई। वही ग्रामीणों में चर्चा थी कि महिला घरेलू कलह के कारण ट्रेन से कटकर अपनी जान गंवा बैठी। मृतका के एक तीन साल की पुत्री है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया गया है। मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।



### किसान सलाहकार समिति की बैठक

**कटिहार (नबिटासं)।** संयुक्त कृषि भवन सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय किसान सलाहकार समिति की बैठक आत्मा के परियोजना निदेशक सह जिला कृषि पदाधिकारी मिमथिलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों के किसान सलाहकार समिति के अध्यक्षों, एफपीओ के प्रमुख, आत्मा के उप परियोजना निदेशक शशिकांत झा ने शिरकत की। बैठक में आत्मा के माध्यम से किसानों को दी जानेवाली तकनीकी,कृषि सहित इसकी अन्य आनुसांगिक इकाइयों मे पैदावार बढाने की पहलुओं से अवगत कराया गया। कृषि, पशुपालन, कुक्कट पालन, गव्य विकास, बकरी पालन सहित अन्य क्षेत्रों की बेहतर जानकारी के लिए पात्र एवं इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण हेतु भेजने का निर्णय लिया गया। श्री कुमार ने कृषक प्रतिनिधियों व अधिनस्थ कर्मियों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया।



### लोक आस्था का पर्व चैती छठ पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्ध्य

**कटिहार (नबिटासं)।** औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय स्पोर्टिंग क्लब के नेतृत्व में लोक आस्था का महान चैती छठ पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर निगम की ओर से विजय बाबू की पोखर पर साफ सफाई पोखर के अंदर



सफाई लाइटिंग की व्यवस्था बेरेकेटीग की व्यवस्था की गई है। छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को विजय बाबू के पोखर पर सारी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पोखर पर छठवर्ती एवं श्रद्धालु काफी मात्रा में लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व मनाने काफी संख्या में पोखर पर पहुंचे। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की गई है। बिजली विभाग, बियाडा विभाग एवं उद्यमियों के तरफ से हर संभव सहयोग किया जा रहा है। लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व को संपन्न करने में क्लब के अध्यक्ष के अलावा श्यामल किशोर सिन्हा, महासचिव नौशाद सिद्दीकी,असद इकबाल,आजाद सिंह,सूरज कुमार,मनोज कुमार चुन्नू, प्रेम कुमार साह, राजीव कुमार विश्वकर्मा,गौरव शाह, रमाकांत कुशवाहा, श्रीकांत शर्मा, मौसम कुमार सिंह, राजेश शर्मा, विवेक सिंह राठौड़, हरेंद्र मिश्रा, दिग्विजय सिंह, प्रमोद पासवान, पिंटू यादव, रवि शाह,अर्जुन सिंह, बच्चू सरकार, रंजन सिंह डिंपी मंडल, कुंदन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त पंचायत के लिए जिला पदाधिकारी ने तीन मुखियों को किया सम्मानित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** टीवी मुक्त पंचायत के लिए मनसाही प्रखंड के तीन पंचायत के मुखिया को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन मुखिया को सम्मानित किया गया उनमें चितौड़िया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान, साहेबनगर पंचायत के मुखिया मजीर्ना खातून एवं मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव शामिल हैं ।



### चैती छठ पूजा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने दिया संध्या अर्घ्य

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के चंपा धारकारी कोसी सहित विभिन्न छठ घाटों पर चैती छठ के शुभ अवसर पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने संध्या अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से आरोग्य एवं सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मनसाही,मोहनपुर, चितौरिया, मरंगी, कुरेठा, फुलहारा, भेड़ मारा एवं हफलागंज समेत अन्य छठ घाटों पर व्रतियों, उनके परिजनों और श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करते हुए उन्हें सायं कालीन अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर हफलागंज के शिव मंदिर चौक स्थित छठ घाट पोखर में श्रद्धालु भक्तों ने बड़ी संख्या में भगवान भास्कर के आराधना की एवं उनसे अपने एवं अपने परिजनों के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। चैती छठ पूजा को लेकर श्रद्धालु भक्तों में उत्साह देखते ही बनती थी।

# विकास कार्य में आ रही भूमि संबंधी समस्या को दूर किया जाय : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अवगत कराया कि पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ के कारण आई तेज हवा और बारिश के प्रभाव से जिले के कुछ क्षेत्रों से किसानों के द्वारा फसल क्षति का शिकायत मिल रही है। इसलिए सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी किसानों के हुई फसल क्षति का रिपोर्ट बनाकर जिला मुख्यालय में उपस्थित करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि किसानों को नियमानुसार फसल क्षति की मुआवजा प्रदान किया जा सके।

उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में निर्माण किये जाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर,खेल मैदान, पानी की टंकी, पंचायत भवन एवं



आंगनबाड़ी केंद्र आदि हेतु आवंटित भूमि की स्थिति की समीक्षा की तथा अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन विकास कार्यों हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने का प्रयास करें। डीएम ने जोर देकर कहा कि भूमि संबंधी अड़चनों को तत्काल दूर किया जाए, ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकें।उन्होंने कहा कि जिन पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है,उसे जिला पंचायत राज पदाधिकारी को हैंड ओवर कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि पंचायत सरकार भवन में सभी प्रकार के कार्यों का संचालन स-समय किया जा सके। हर एक सुविधा आमजनों को उपलब्ध कराया जाए सके। बैठक में शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन,पथ निर्माण, ग्रामीण पथ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित अन्य सभी संबंधित विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार सहित समन्वय समिति के सभी सदस्य जिलास्तरीय पदाधिकारीगण एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी शामिल रहे ।

# श्रीरामनवनी पर सुजापुर परिक्षेत्र और नपं बरारी परिक्षेत्र से निकलेगी रामध्वज शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** पिछले साल की अपेक्षा इस साल बरारी प्रखंड क्षेत्रवासियों में श्रीरामनवमी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।पिछले साल जहां सुजापुर पंचायत से एक काढ़ागोला स्टेशन बाजार,बरारी ब्लाक क्षेत्र, रेफरल अस्पताल चौक आदि जगहों के घरों एवं सार्वजनिक जगहों जैसे दुकान,पोल,खम्बों में राम पताका राम ध्वज लगाया जा रहा है।रामभक्तों के द्वारा सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि रामनवमी के



मात्र रामनवमी के उपलक्ष्य में पैदल भव्य शोभायात्रा निकाली जाती थी। जो की सुजापुर परिक्षेत्र परिभ्रमन करते हुए नगर पंचायत सिवाना ढाला तक आती थी। परन्तु इस बार सुजापुर पंचायत सहित बरारी नगर पंचायत में भी पैदल भव्य शोभायात्रा के साथ झांकी निकाली जाएगी।हालांकि हर वर्ष नगर पंचायत में मोटरसाइकिल पर युवा वर्ग रामध्वज लेकर परिभ्रमन करते थे। इस बार बजरंग दल के कार्यकर्ता, गौरीधाम शिव मंदिर फाउंडेशन के कार्यकताओं के अलावा क्षेत्र के रामभक्तों ने भी शोभायात्रा में अपनी सहभागिता बढाई है। बजरंग दल के संयोजक राजीव भगत, प्रवीण रिंकू, पवन चौरसिया, आदित्य भगत, शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम के संस्थापक ई० विकास तिवारी अपने पूरे मंदिर कमिटी के सदस्यों के साथ राम ध्वज भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं।

भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर बजरंग दल और शिव मंदिर फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा लगातार सुजापुर, बलवा, गौरीडीह, सिवाना रोड, बरारी हाट, बरारी बस्ती, रामजानकी मंदिर गुरुबाजार, उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व 26 मार्च को गांधी स्मृति भवन स्थित हनुमानजी मंदिर प्रांगण से रामध्वज शोभायात्रा निकलेगी,जो कि रेफरल अस्पताल चौक,बरारी थाना चौक से होते हुए डाकबंगला चौराहा से श्री भगवती मंदिर बरारी हाट से मालाकार चौक से बरारी बस्ती होते हुए अवध नगर चौक होते हुए धर्मशाला मुहल्ला होते हुए राम जानकी मंदिर गुरुबाजार से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक से काढ़ागोला स्टेशन बाजार से पुनः बजरंग बली मंदिर गांधी स्मृति भवन गुरुबाजार में समाप्त होगी।

वही शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम में ई०विकास तिवारी के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि पूरे गौरीडीह गांव में भव्य रामध्वज शोभायात्रा का भ्रमण कराया जाएगा। शोभायात्रा को लेकर बजरंग दल के प्रवीण रिंकू ने बताया कि सुजापुर पंचायत से निकलने वाली शोभायात्रा पूरे सुजापुर परिभ्रमन करते हुए बलवा चौक पहुँचेगी जहां शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम से निकलने वाली रामभक्तों की टीम शामिल होगी। जो कि पुनः यह शोभायात्रा गौरीडीह परिक्षेत्र में घूमेगी।

# गंगातट श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी (कटिहार)।** लोक आस्था के इस महापर्व पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ अर्पण करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाओं और पुरुषों ने विधि-विधान से पूजन करते हुए लोक मंगल, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। गंगा घाटों पर सुबह से ही साफ-सफाई और सजावट का विशेष इंतजाम किया गया था। जैसे ही सूर्यास्त का समय नजदीक आया, घाटों पर दीपों की रोशनी और छठ गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

व्रतियों ने जल में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को दूध, गंगाजल और फल-फूल से अर्घ अर्पित किया।



छठ पर्व प्रकृति और सूर्य उपासना का अनूठा संगम है। जिसमें भगवान भास्कर को एकमात्र मूर्त देवता मानकर उनकी आराधना की जाती है। यह पर्व पूरी तरह स्वच्छता, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। मान्यता है कि छठ व्रत करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से पूजा-अर्चना कर सकें। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, एसडीपीओ बिनोद कुमार, आरओ रामसागर पासवान सुरक्षा इंतजाम का लेते देखे गये।

### इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के फुलहारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मिथलेश सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते कदम को लेकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षा का परिणाम जारी किया गया जिसमें फुलहरा पंचायत के मासूम राजा,नजीर हुसैन, मोहम्मद साहिल ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर फुलहारा सहित पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया हैं। उन्होंने कहा कि पूरे कटिहार जिले के छात्र - छात्राओं को इंटर परीक्षा में परिणाम घोषित होने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लाया हैं,तथा उन साथियों के लिए जो सफल नहीं हो पाए कहा कि निराश होने की बिलकुल जरुरत नहीं हैं।

# रसोइ गैस किल्लत और महंगाई पर फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और लगातार हो रही किल्लत के खिलाफ मंगलवार को कटिहार में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कि अगर जल्द ही गैस की कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया गया और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कभी नोटबंदी, कभी ऑक्सीजन और अब



कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में शहीद चौक के समीप कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आक्रोश जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने देश के पेट्रोलियम मंत्री एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस कीमतों ने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया है, वहीं गैस की किल्लत ने गरीब और मध्यम वर्ग के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है।

जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। जिसके कारण लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी एलपीजी सिलेंडर के लिए जनता को लाइन में खड़ा कर परेशान किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि आम जनता की है। मौके पर तौकीर आलम, दिलीप विश्वास, अमन कुमार, अंजुमन कौसर उर्फ आम्रपाली यादव, सउद मुखिया, संजय सिंह, डॉ० विपीन, अवधेश मंडल, बनवारी यादव, प्रदीप पासवान, संजय कुमार सिंह, मुस्ताक आजम, अल्तमश दीवान, श्रुतिकांत कश्यप, निरंजन पोद्दार, मेजर जमाल, एडवोकेट हसन, निक्कू सिंह, मोहम्मद असलम, मोहम्मद जहांगीर आलम, ताहिर आलम, अरुण यादव, चंदन यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि को प्रशासन ने कराया अतिक्रमणमुक्त

## अवैध अतिक्रमण पर चलाया गया जेसीबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर लेने के विरुद्ध प्रशासन ने कारवाई करते हुए जेसीबी से अवैध निर्माण एवं घेरा को हटाते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली करा दिया है। जानकारी के अनुसार सरकारी जमीन एक समुदाय के श्मशान जाने का रास्ता था।उसे एनी खॉ ने घेर कर अतिक्रमित कर लिया था।विगत कई वर्षो से आमजनों की शिकायत पर अतिक्रमणवाद की कारवाई चल रही थी।जांच पड़ताल के बाद अंचल प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण हटा लेने को कई बार नोटिस भी दिया गया।लेकिन निर्धारित अवधि में



अतिक्रमण नहीं हटाने पर अनुमंडल पदिधिकारी के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार,अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह एवं पुलिस बलों की उपस्थिति में जेसीबी लगाकर अवैध अतिक्रमण को हटाकर खाली करा लिया गया है।इस अभियान को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।हलांकि कोई विरोध नहीं होने से अतिक्रमण हटाने की कारवाई शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।मामले को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ शुभम प्रकाश ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।उन्होंने आमजनों से अपील किया है कि अतिक्रमित सरकारी भूमि स्वयं खाली कर दें।अन्यथा अतिक्रमणवाद के विरुद्ध चलाई जाने वाली कारवाई में नुकसान हीं होता है।इस अवसर पर अंचल कर्मी कौशल कुमार,अंचल अमीन अहमद अली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बेमौसम वर्षा से फसल क्षति को लेकर जदयू ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार ने विगत रात आई भीषण आंधी तूफान एवं बेमौसम वर्षा होने से प्रखंड क्षेत्र में लगे मकई, गेहूं, केला,आलू की फसल बर्बाद होने को लेकर मुख्यमंत्री बिहार पटना को पत्र लिखकर सभी किसानों को फसल की राशि का मुआवजा एवं किसानों के ऋण माफ करने की मांग की हैं। इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष श्री पोद्दार ने कहा कि प्रखंड में बेमौसम आंधी तूफान एवं वर्षा होने से मकई, गेहूं,केला, आलू, सब्जी आदि फसल 80 फीसदी से ज्यादा नुकसान हो गया हैं। किसान बैंक से ऋण लेकर खेती किए हैं।

# हथियार संग वीडियो बनाना पड़ा भारी, दारोगा सस्पेंड

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद एसपी ने की त्वरित कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बरारी थाना में पदस्थापित पुअनि दिवाकर सरकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बताया जाता है कि 22 मार्च 2026 को बरारी थाना क्षेत्र के सवार्राम दियारा में क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसआई दिवाकर सरकार का हथियार के साथ एक वीडियो बनाया गया। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित पदाधिकारी ने स्वयं ही हथियार के साथ वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने इस आचरण को अनुशासनहीनता मानते हुए त्वरित कार्रवाई की और उन्हें निलंबित कर दिया। साथ ही मामले में अग्रेतर विभागीय कार्रवाई भी जारी है। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर एक बार फिर सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्थानीय स्तर पर भी यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।



# ट्वीनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत तीन स्कूलों के बच्चे पहुंचे डुमरिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा (कटिहार)।** बिहार शिक्षा परियोजना की ओर से संचालित ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुर्गास्थान, टिकैली और नेपड़ा के छात्र-छात्राओं का दल अपने शिक्षकों के नेतृत्त्व में सोमवार को सदानंद उच्च विद्यालय डुमरिया पहुंचे। जहा बच्चों ने कम्प्यूटर लैब, आइसीटी लैब, पुस्तकालय, कला कक्ष और विज्ञान प्रयोगशाला का बारी बारी से भ्रमण कर उसमें उपलब्ध सामग्रियों को लेकर अपने शिक्षकों एवं कक्ष प्रभारी शिक्षकों से पूछताछ किया।

वहीं छात्राओं ने सहेली कक्ष का भ्रमण कर अपने शिक्षिकाओं से कक्ष की महत्ता और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान बच्चे काफी



जिज्ञासु होकर जानकारी प्राप्त करते देखे गये। भ्रमण के क्रम में बच्चों ने उपलब्ध खेल सामग्रियों के साथ अपना मनोरंजन भी किया। कार्यक्रम के अंत में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई राउंड की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली द्वारा उउवि नेपड़ा को प्रथम, उउवि टिकैली को द्वितीय,उउवि दुर्गास्थान को तृतीय एवं मेजबान सदानंद उच्च विद्यालय को चतुर्थ स्थान दिया गया। प्रधानाध्यापक राघवेन्द्र कुमार झा ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अन्य स्कूलों के बच्चों के साथ मिलकर स्कूली व्यवस्था को जानना और समान व्यवस्था संचालित करना है।

# दो दर्जन से अधिक लोगों ने हिन्दू धर्म में आस्था व्यक्त करते हुए की घर वापसी

- धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से शुद्धिकरणकर
- इसाई बने सनातनी भाई बहनों की करायी गयी सनातन धर्म में घर वापसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ग्रामीण।** सीमांचल के इलाके में विभिन्न प्रलोभनों के सहारे धर्मांतरण के धंधा कोई नयी बात नहीं है। इससे जुडी खबरें सुर्खियों में रहीं हैं। लेकिन लोग अब धर्मांतरण के धंधेबाजो की ठगी के खेल को समझने लगे हैं। सहस्त्रों वर्षो की महान स्नातन संस्कृति, बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय, प्राणी मात्र के कल्याण की कामना रखनेवाली सनातन संस्कृति में अपनी आस्था रखते हुए बहला फुसलाकर प्रलोभन के सहारे ईसाई बनाये गये 29 लोगों ने अपने धर्म सनातन धर्म में पुर्नवापसी की है। हिंदू संगठन के सहयोग से एक बार फिर सनातन को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए जिले के मनिहारी प्रखंड क्षेत्र के नीमा पंचायत के छह परिवार के कुल 29 लोगों ने एक साथ ईसाई धर्म त्याग कर फिर से



हिंदू धर्म में वापसी किया है। कटिहार जिला के मनिहारी विधानसभा जो राजनीतिक रूप से अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और इस क्षेत्र में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। ऐसे में अशिक्षा, गरीबी और मजबूरी लोगों के लिए अक्सर संकट की वजह होता है।

इसी को लेकर धर्मांतरण के धंधा चलाने वाले लोग भोले भाले आदिवासी समुदाय के लोगों को रोजगार का लालच, बेहतर जीवन का सपना दिखाकर बीमार होने पर इलाज कि समुचित व्यवस्था का दिखावा कर और बच्चों के लिए मुफ्त एजुकेशन का लालच देकर धर्मांतरण करवाते हैं। नीमा पंचायत के छः परिवारो को भी ऐसे ही हसीन सपने दिखाकर लालच देकर क्षेत्र में सक्रिय ईशाई मिशनरियों के एजेंटों धर्म परिवर्तन कराया था। लेकिन अब यह वादा पूरा नहीं करने पर छह परिवार के कुल 29 लोग घर वापसी किया है और इस क्षेत्र के और बड़ी संख्या के में लोग घर वापसी की तैयारी में है।

सुदूर इलाके के मूल निवासी समुदाय के लोग इस पर ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में तो नहीं है लेकिन हिंदू संगठन के लोग जिन लोगों ने तमाम विधि विधान के माध्यम से कभी हिंदू समुदाय के लोग जो क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। एक बार फिर हिंदू धर्म में घर वापसी कर रहे है। आखिर क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग हिंदू धर्म छोड़कर क्रिश्चियन बन गए थे और फिर क्रिश्चियन धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में आ रहे हैं। इस पर घर वापसी करने वाले और हिन्दू संगठन के लोगों में शांति देवी चंपई छद्म नाम जिला सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, प्रीतम प्रताप सिंह,अमर कुमार मेहता उप नगर संयोजक, मिथलेश कुमार बजरंग दल, कार्यकर्ता ने बताया कि सीमांचल क्षेत्र में चोरी छिपे मूल आदिवासियों को प्रलोभन देकर ईशाई बनाने के धंधे को अब लोग समझने लगे हैं। साथ ही विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल व अन्य आनुसंगिक संगठनों द्वारा भी बनवासी कल्याण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## भारत में 7 साल बाद खुलेंगे ईरानी तेल के लिए रास्ते, चुकानी होगी ज्यादा कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरानी तेल 7 साल बाद भारत आने को तैयार है। ईरान ने युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी कर दी है। इस कारण वहां से आने वाले तेल के जहाजों के लिए परेशानी हो रही है। तेल की सप्लाई बनी रहे, ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में ईरानी तेल से बैन हटा दिया है। भारत साल 2019 से ईरानी तेल नहीं खरीद रहा था। अब दिल्ली के लिए रास्ता साफ हो गया है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के कारण दुनियाभर में ऊर्जा संकट गहरा गया है। इसी संकट से निपटने के



लिए ट्रंप ने 30 दिनों के लिए ईरानी तेल से बैन हटाया था। इस बैन के हटने के बाद व्यापारियों ने भारतीय रिफाइनरों को ईरानी तेल बेचने की पेशकश की है। तेल रियायत के बजाय ब्रेंट की तुलना में प्रीमियम यानी ऊंची कीमत पर ऑफर किया गया है। सूत्रों के अनुसार ईरानी तेल को द्बष्टश्व ब्रेंट से लगभग 6 से 8 डॉलर प्रति बैरल के प्रीमियम पर पेश किया गया है। साथ ही पेमेंट की भी सख्त शर्तें रखी गई हैं, जिसमें कार्गो पहुंचने के सात दिनों के भीतर भुगतान की उम्मीद की जा रही है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने उन जहाजों के लिए 30 दिनों की छूट दी है जो 20 मार्च तक लोड हो चुके हैं और 19 अप्रैल तक अनलोड हो जाएंगे। इसमें वे जहाज भी शामिल हैं।

## घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में आज 24 मार्च को कोई बदलाव नहीं किया गया। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज स्ट्रेट पर संकट के चलते गैस सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष का असर अब ऊर्जा आपूर्ति पर साफ दिखने लगा है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का करीब 60-65 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आती है। हालांकि, कुछ इलाकों में कमी की खबरों के बावजूद सरकार ने भरोसा दिलाया है कि फिलहाल देश में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और आम उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए एलपीजी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के दायरे में ला दिया है। इसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि कमर्शियल उपभोक्ताओं की सप्लाई को उनकी जरूरत के लगभग एक-पांचवें हिस्से तक सीमित किया गया है। इस कदम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों की रसोई पर कोई असर न पड़े। मार्च की शुरुआत में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू सिलेंडर (14.2 द्मद्द) 60 महंगा हुआ था और कमर्शियल सिलेंडर (19 द्मद्द) 115 बढ़ा था। इसके बाद से अब तक कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकार गैस सप्लाई को मजबूत करने के लिए कई कदम उठा रही है। शहरी गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी दे रही है। प्रोजेक्ट्स को 10 दिन में मंजूरी देने का निर्देश भी दी है। साथ ही, सरकार यह भी चाहती है कि बड़े शहरों में कमर्शियल उपयोग के लिए एलपीजी की निर्भरता कम हो। मौजूदा समय में तेल कंपनियां सिर्फ दिन का स्टॉक रखती हैं, जो संकट के समय कमजोर साबित हो सकता है। सरकार अब लंबी अवधि के लिए स्टॉक बढ़ाने और कैवर्न स्टोरेज (भूमिगत भंडारण) बनाने की योजना पर काम कर रही है। एलपीजी सप्लाई को सुरक्षित बनाने के लिए भारत अब अमेरिका और कनाडा जैसे देशों से आयात बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। हाल ही में अमेरिका से एलपीजी आयात के लिए समझौता भी किया है, जो कुल आयात का लगभग 10 प्रतिशत होगा।

# गल्फ से पैसा कैसे आएगा पश्चिम एशिया संघर्ष ने बढ़ाई टेंशन, करोड़ों परिवारों की लाइफलाइन पर संकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध की तपिश अब उन भारतीय घरों तक भी पहुंच सकती है जिनके परिवार के लोग खाड़ी देशों में काम करते हैं और वहां से पैसे भेजते हैं। इस समय ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद हालात कुछ बदल सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि युद्ध बड़ा और हालात खराब हुए तो गल्फ यानी खाड़ी देशों में काम करने वाले लोग अपने घर पैसे (रेमिटेंस) कैसे भेजेंगे यह वह पैसा होता है जिसके दम पर उस शख्स का परिवार अपने घर के खर्चे चलाता है। ऐसे में भारत समेत दुनियाभर के करोड़ों परिवारों की लाइफलाइन पर संकट पैदा हो गया है।

पश्चिम एशिया में बते तनाव और युद्ध की आशंका ने प्रवासियों द्वारा अपने देश भेजे जाने वाले पैसे (रेमिटेंस) पर संकट के बादल खे कर दिए हैं। विश्व बैंक की साल 2021 की एक रिपोर्ट बताती है कि दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका के देशों के लिए यह पैसा उनकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की तरह है। विदेश से भारत आने वाला पैसा यानी रेमिटेंस पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। साल 2010-11 में भारत को भेजी जाने वाली



रकम 55.6 अरब डॉलर थी। यह बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 118.7 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जो दोगुने से भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के 2025 के एक सर्वे के अनुसार साल 2029 तक यह बढ़कर करीब 160 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

**क्यों बढ़ रहा है खतरा:** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, तेल संकट और आर्थिक अनिश्चितता के कारण वहां काम कर रहे प्रवासी मजदूरों की नौकरियों और आय पर असर पड़ सकता है। इसका सीधा असर उनके द्वारा भेजे जाने वाले पैसों यानी रेमिटेंस पर पड़ेगा। लाखों परिवार अपनी रोजमर्रा की जरूरतों जैसे खाना, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए इसी पैसे पर निर्भर हैं। अगर यह प्रवाह रुकता है तो गरीबी बढ़ने से लेकर आर्थिक अस्थिरता तक गहरा सकती है। वहीं सामाजिक संकट भी पैदा हो सकता है।

### किस देश की बड़ी हिस्सेदारी

आरबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के लिए रेमिटेंस का सबसे बड़ा सोर्स अमेरिका था। भारत के कुल रेमिटेंस में अमेरिका की हिस्सेदारी 2023-24 में 27.7 फीसदी थी, जो 2020-21 में 23.4 फीसदी थी। खाड़ी सहयोग परिषद (गल्फ कॉर्पोरेशन काउंसिल-जीसीसी) के देशों, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान और बहरीन ने मिलकर 2023-24 में भारत को प्राप्त कुल रेमिटेंस में 38 प्रतिशत का योगदान दिया। भारत को भेजे जाने वाले रेमिटेंस में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर यूएई है। कुल रेमिटेंस में यूएई की हिस्सेदारी 2020-21 में 18 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 19.2 प्रतिशत हो गई। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों में युद्ध का असर सीधे तौर पर प्रवासियों की कमाई और उनके द्वारा स्वदेश भेजे जाने वाले पैसे पर पने की आशंका है। आंकड़ों के मुताबिक 15 देशों को अकेले पश्चिम एशिया से 133 अरब डॉलर से ज्यादा की राशि भेजी गई थी। दक्षिण एशिया और अफ्रीका के लाखों लोग खाड़ी देशों में कंस्ट्रक्शन, सर्विस और अन्य सेक्टर में काम करते हैं।

# कम गैस वाले सिलेंडर की कोई योजना फिलहाल लागू नहीं : सुजाता शर्मा

**योजना फिलहाल लागू नहीं की जा रही है और इस तरह की खबरें पूरी तरह अटकलें हैं**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि 14.2 किलो के सिलेंडर में कम गैस भरने जैसी कोई योजना फिलहाल लागू नहीं की जा रही है और इस तरह की खबरें पूरी तरह अटकलें हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें। देश में एलपीजी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंता के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां घरेलू 14.2 किलो वाले सिलेंडर में कम गैस (करीब 10 किलो) भरकर सप्लाई कर सकती हैं, ताकि सीमित स्टॉक को ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके। हालांकि, सरकार ने इस तरह की खबरों को फिलहाल अफवाह बताया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने इन खबरों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने साफ कहा कि 14.2 किलो के सिलेंडर में कम गैस भरने जैसी कोई योजना फिलहाल लागू नहीं की जा रही है और इस तरह की खबरें पूरी तरह अटकलें हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें। हालांकि, सरकारी कंपनियों के कुछ अधिकारियों ने यह जरूर संकेत दिया है कि इस तरह का प्रस्ताव विचाराधीन है, लेकिन अंतिम फैसला सरकार को ही लेना है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष, खासकर ईरान से जुड़े हालात, ने हॉर्मुज के रास्ते तेल और गैस सप्लाई को प्रभावित किया है। इससे भारत में आयात पर असर पड़ा है और घरेलू स्टॉक पर दबाव बढ़ गया है। सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है, जबकि कमर्शियल गैस सप्लाई में कटौती की जा रही है। सरकार के मुताबिक, घरेलू गैस की बुकिंग अब घटकर करीब 50 लाख के आसपास आ गई है, जिससे सप्लाई पर



दबाव कुछ कम हुआ है। साथ ही, देश में सप्लाई फिलहाल सामान्य बनी हुई है और ड्राई आउट (गैस खत्म होने) जैसी स्थिति नहीं है। घरेलू उत्पादन बढ़ा, आयात पर निर्भरता घटी- सरकार ने बताया कि अब की 50 60 प्रतिशत मांग घरेलू उत्पादन से पूरी की जा रही है, जो पहले करीब 40 प्रतिशत थी। इससे आयात पर निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है। गैस संकट के बीच पिछले 10 दिनों में करीब 2 लाख उपभोक्ताओं ने पाइप्ड नेचुरल गैस की ओर रुख किया है, जबकि 3.5 लाख नए कनेक्शन जारी किए गए हैं। यह संकेत है कि लोग वैकल्पिक ईंधन की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में कनेक्शन की स्थिति- भारत में इस समय कुल 33.2 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं, जो देश के ऊर्जा उपभोग में इसकी अहम भूमिका को दर्शाते हैं।

**रुपये में मजबूती से मिला सपोर्ट**

# शेयर मार्केट में जोरदार उछाल के हैं 4 कारण, निवेशकों को 5 लाख करोड़ का फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शुरुआती कारोबार में ही बीएसई सेंसेक्स 1,500 अंकों से अधिक चढ़कर 74,200 के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 करीब 400 अंक उछलकर 22,900 के स्तर तक पहुंच गया। इस तेजी के चलते कुछ ही मिनटों में निवेशकों की संपत्ति करीब 5 लाख करोड़ बढ़ गई। भारतीय शेयर मार्केट में मंगलवार, 24 मार्च को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में ही बीएसई सेंसेक्स 1,500 अंकों से अधिक चढ़कर 74,200 के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 करीब 400 अंक उछलकर 22,900 के स्तर तक पहुंच गया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। इस तेजी के चलते कुछ ही मिनटों में निवेशकों की संपत्ति करीब 5 लाख करोड़ बढ़ गई और बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 415 लाख करोड़ से बढ़कर लगभग 420 लाख करोड़ रुपये हो गया। शेयर बाजार में तेजी का सबसे बड़ा कारण अमेरिका-ईरान तनाव में नरमी के संकेत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और मध्य पूर्व में संघर्ष खत्म करने को लेकर सकारात्मक प्रगति हो रही है।



इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 9 अप्रैल तक युद्ध खत्म होने की संभावना जताई गई है। इस नरम रुख ने वैश्विक निवेशकों की चिंता कम कर दी और बाजार में सकारात्मक माहौल बना। भारतीय बाजार को एशियाई और अमेरिकी बाजारों से भी मजबूत संकेत मिले। जापान, दक्षिण कोरिया और चीन के बाजारों में 2 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई, जबकि अमेरिकी बाजार भी पिछली रात बढ़त के साथ बंद हुए थे। अमेरिका द्वारा ईरान पर संभावित हमलों को टालने के फैसले ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया।

मार्च एक्सपायरी के चलते बाजार में शॉर्ट कवरिंग भी तेजी का एक बड़ा कारण रही। निफ्टी ने 22,500 के मजबूत सपोर्ट से उछाल लिया, जिससे ट्रेडर्स ने अपनी शॉर्ट पोजीशन कवर की और खरीदारी बढ़ी। विशेषज्ञों के अनुसार, 2,500 22,400 का स्तर मजबूत सपोर्ट बना हुआ है और इस स्तर पर गिरावट आने पर खरीदारी देखने को मिल सकती है। 34 पैसे की बढ़त के साथ 93.63 पर खुला।

# दनादन मिल रहे सुजलॉन एनर्जी को ऑर्डर, शेयर में तेजी, 40 पर आया दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर मंगलवार, 24 मार्च को करीब 2 प्रतिशत तक चढ़ गए, जब कंपनी को लगभग 100 मेगावॉट का एक और बड़ा ऑर्डर मिला। यह सुजलॉन को मिला छठा रिपीट ऑर्डर है, जिससे कंपनी के प्रति भरोसा साफ झलकता है। खबर सामने आने के बाद निवेशकों में हल्की सकारात्मकता देखी गई और शेयर 40.67 के आसपास ट्रेड करता दिखा। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि यह वित्त वर्ष 2026 में मिला चौथा (सरकारी कंपनी) ऑर्डर है। इस प्रोजेक्ट से बनने वाली बिजली का इस्तेमाल महाराष्ट्र के नंदुरबार में के आने वाले पेट्रोकेमिकल प्लांट को डीकार्बोनाइज करने में किया जाएगा। यानी यह प्रोजेक्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी अहम माना जा रहा है। इस



ऑर्डर के तहत सुजलॉन 47 एडवांस 120 विंड टरबाइन जनरेटर लगाएगी, जिनमें हर एक की क्षमता 2.1 मेगावॉट होगी। कंपनी सिर्फ टरबाइन सप्लाई ही नहीं करेगी, बल्कि पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी भी संभालेगी—जिसमें इंस्टॉलेशन, एरेक्शन, कमीशनिंग और बाद में ऑपरेशन व मेंटेनेंस सेवाएं भी शामिल हैं। इससे कंपनी को लंबे समय तक स्थिर रेवेन्यू मिलने की उम्मीद रहती है। दिलचस्प बात यह है कि इससे पहले भी ब्रद्बरु ने सुजलॉन को तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात में प्रोजेक्ट्स दिए हैं। यानी दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। महाराष्ट्र में सुजलॉन की पहले से ही 2.2 गीगावॉट की इंस्टॉल्ड क्षमता है और यहां कंपनी का मार्केट शेयर करीब 38 प्रतिशत है, जो इसे इस क्षेत्र में मजबूत खिलाड़ी बनाता है। दोबारा एंट्री की थी, जिसकी शुरुआत एनटीपीसी लिमिटेड से 1.1 गीगावॉट के बड़े ऑर्डर से हुई थी। आज कंपनी के कुल ऑर्डरबुक का 64 प्रतिशत हिस्सा और कमर्शियल-इंडस्ट्रियल सेगमेंट से आता है, जो इसके बिजनेस मॉडल की मजबूती दिखाता है। अगर शेयर के प्रदर्शन की बात करें तो हालिया तेजी के बावजूद सुजलॉन का स्टॉक पिछले एक महीने में करीब 8 प्रतिशत और साल 2026 में अब तक करीब 22.5 प्रतिशत गिर चुका है।

### होम लोन ग्राहकों से काट लिया ज्यादा ईएमआई, कई ग्राहकों को कर दिया डिफॉल्टर घोषित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा में एक बड़ी तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है, जिसके चलते होम लोन लेने वाले कई ग्राहकों के खातों से तय ईएमआई से ज्यादा रकम काट ली गई। यह समस्या मार्च महीने में सामने आई, जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बैंक के सिस्टम में गड़बड़ी के कारण कुछ खातों पर गलती से ज्यादा ब्याज दर लागू हो गई। इसका सीधा असर यह हुआ कि ग्राहकों के खातों से उनकी निर्धारित ईएमआई से अधिक राशि काट ली गई। हालांकि, कुछ मामलों में इसका उल्टा भी हुआ, जहां ग्राहकों से कम ब्याज वसूला गया। इकनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक जिन ग्राहकों के खाते से ज्यादा पैसा कट गया और बैलेंस कम हो गया, उन्हें बैंक के सिस्टम ने डिफॉल्टर के रूप में चिन्हित कर दिया। इसके बाद कई ग्राहकों को वसूली एजेंसियों के कॉल आने लगे, जिससे वे घबरा गए। इतना ही नहीं, इस गड़बड़ी का असर उनके क्रेडिट स्कोर पर भी पड़ा, जो भविष्य में लोन लेने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। बैंक के प्रवक्ता ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नियमित समीक्षा के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई, जो सीमित संख्या में खातों तक ही सीमित थी। उन्होंने बताया कि जिन ग्राहकों से ज्यादा पैसे कटे थे, उन्हें रिफंड कर दिया गया है।

# छुट्टी के लिए मैनेजर से पूछना अच्छा नहीं लगता था, छोड़ी नौकरी और शुरू किया काम, अब लाखों की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रुति कुंदन कोलकाता से हैं। पहले वह कॉर्पोरेट फाइनेंस एनालिस्ट थीं। उन्होंने गुरुग्राम में जेनपैक्ट, टीसीएस और एक्सेंचर जैसी दिग्गज कंपनियों में काम किया। हालांकि, उनके मन में हमेशा एक सवाल रहता था। यह था- वो दिन कब आएगा जब छुट्टी के लिए मैनेजर से पूछना नहीं पेगा आखिरकार, साल 2023 में उन्होंने इस सवाल का जवाब ढूंढ लिया। कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर बोहोलेट की शुरुआत की। घर की रसोई में 250 रुपये के मोम से लड्डू मोमबत्ती बनाने से यह सफर शुरू हुआ। आज यह एक विशाल वेयरहाउस और 40 लाख रुपये से ज्यादा के सालाना टर्नओवर वाले वेंचर में बदल चुका है। श्रुति ने मोमबत्तियां बेचने के अलावा पैकेजिंग की समस्या को पहचानकर बी2बी कारोबार खा कर दिया। आइए, यहां श्रुति कुंदन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

श्रुति कोलकाता में पली-बढ़ीं। उन्होंने 2014 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से बी.कॉम ऑनर्स किया। इसके बाद कई बड़ी कंपनियों में नौकरी की। इनमें उन्होंने प्रोफेशनल मैनेजमेंट और क्लाइंट डीलिंग के गुर सीखे। क्रिएटिव कामों में उनकी बचपन



से दिलचस्पी थी। इसे उनके पति प्रणव श्री ने पहचाना। उन्हें बिजनेस शुरू करने के लिए बढ़ावा दिया। सितंबर 2023 में उन्होंने सिर्फ 11,000 रुपये की शुरुआती पूंजी से लड्डू के आकार की मोमबत्तियां बनाना शुरू किया। महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी के दौरान उनकी पहली 100 मोमबत्तियां हाथों-हाथ बिक गईं। इससे उनका कॉन्फिडेंस आसमान छूने लगा।

अक्टूबर 2023 में श्रुति को दुबई के एक क्लाइंट से 700 लड्डू मोमबत्तियों का ऑर्डर मिला। उस वक्त उनके पास सिर्फ 10 मोल्ड (सांचे) थे। वह घर से ही काम कर रही थीं। इस ऑर्डर को समय पर पूरा करने के लिए श्रुति ने दिन-रात काम किया। इसका फल यह मिला कि 9,000 रुपये की लागत वाले इस अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर से उन्हें 20,000 रुपये की कमाई हुई। इसके बाद उन्होंने इंडियामार्ट जैसे प्लेटफार्म्स से जुड़ने का फैसला किया। इसके जरिए सीधे सप्लायर्स से जुड़कर अपनी लागत कम की। बिजनेस को और मुनाफे में ले आईं।

श्रुति ने बिजनेस करते हुए महसूस किया कि छोटे उद्यमियों को अच्छी क्वालिटी के पैकेजिंग बॉक्स मिलना बहुत कठिन है। कारण है कि बे सप्लायर कम से कम 2,000 बॉक्स का ऑर्डर मांगते हैं। श्रुति ने इस कमी को अवसर में बदला। अपने ब्रांड के तहत कम मात्रा में बॉक्स बेचना शुरू किया। इसकी शुरुआत 20 पीस से होती है। आज उनके बिजनेस का 80 प्रतिशत हिस्सा इसी पैकेजिंग से आता है। अपनी प्रोडक्शन कैपिसिटी बाने के लिए उन्होंने 6.5 लाख रुपये की सेमी-ऑटोमैटिक मशीन लगाई। यह हर रोज 20,000 यूनिट्स तैयार कर सकती है।

साल 2023 में घर से शुरू हुआ श्रुति का सफर अब गुरुग्राम के पटौदी स्थित 1,200 वर्ग फीट के वेयरहाउस तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में उनका रेवेन्यू 42 लाख रुपये के करीब पहुंचने की उम्मीद है। श्रुति का विजन अब सिर्फ मोमबत्ती की मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं है। वह कॉस्मेटिक, परफ्यूम और फार्मा कंपनियों के लिए प्रीमियम पैकेजिंग का बा हब बनना चाहती हैं। उनका टारगेट वित्त वर्ष 2026-27 तक 1 करोड़ रुपये की सालाना बिक्री का आंका छूना है।

**यह बिल विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच पारित हुआ**

# पेट्रोल-डीजल पर नया टैक्स! हिमाचल में 5 प्रति लीटर तक सेस लगाने का रास्ता साफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल महंगे हो सकते हैं। राज्य विधानसभा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश वैट (संशोधन) विधेयक 2026 पास कर दिया, जिससे सरकार को पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल पर अधिकतम 5 प्रति लीटर तक सेस लगाने का अधिकार मिल गया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल महंगे हो सकते हैं। राज्य विधानसभा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश वैट (संशोधन) विधेयक 2026 पास कर दिया, जिससे सरकार को पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल पर अधिकतम 5 प्रति लीटर तक सेस लगाने का अधिकार मिल गया है। हालांकि, यह बिल विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच पारित हुआ। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि 5 अधिकतम सीमा है और सरकार अपनी जरूरत के हिसाब से कम दर भी तय कर सकती है। यानी फिलहाल यह तय नहीं है कि पूरा 5 ही लगाया जाएगा।

24 मार्च को देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि सोमवार को 11 प्रतिशत की गिरावट के बाद ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर प्रति बैरल तक चढ़ गया, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला करने की धमकी को पांच दिनों के लिए टाल दिया। ट्रंप ने ईरान से बातचीत का दावा किया, जबकि ईरान ने बातचीत होने से इनकार किया। दूसरी ओर इजरायल ने हमले जारी रखे। इस अपडेट के



बाद अमेरिकी क्रूड बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 4 प्रतिशत चढ़ गया।

अधिकांश महानगरों में पेट्रोल 100 प्रति लीटर से ऊपर बना हुआ है, जबकि डीजल अभी भी 100 से नीचे है। पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद भारत में फिलहाल पेट्रोल-डीजल के रेट स्थिर हैं। इसका कारण यह है कि कंपनियां वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद तुरंत कीमतों में बदलाव नहीं करतीं, बल्कि कुछ समय तक स्थिति को देखती हैं। भारत में ईंधन की कीमतें कई कारकों से प्रभावित होती हैं।

# अपराधियों ने खदान पर धावा बोल लूटा केबल

## सुरक्षा की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल
## हजारों लोगों पर छाया जलापूर्ति का संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के रामकनाली ओपी अंतर्गत बीसीसीएल एरिया-4 के रामकनाली कोलियरी से एक बार फिर लूट की खबर सामने आई है। बीती रात अपराधियों ने खदान में धावा बोलकर लगभग 600 फिट केबल काटकर ले गए। इस घटना से न केवल खदान कर्मियों में दहशत फैल गई है, बल्कि आसपास के करीब 15 हजार लोगों की जल आपूर्ति पर भी खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, खदान के मुख्य द्वार को काटकर अपराधी खदान में घुसे और खदान में मौजूद सभी कर्मियों से खदान में उपयोग होने वाले कैपलैम्प छीनकर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने खदान में लगे लाखों रुपये मूल्य के केबल काटकर अपने साथ ले गए। इसी दौरान खदान की टेलीफोन लाइन भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। घटना की जानकारी तब मिली जब खदान के कर्मचारी तय समय पर काम खत्म कर बाहर नहीं निकले। खदान के इंचार्ज ने मौके पर जाकर बंधक बने कर्मचारियों को बाहर निकाला और मामले की सूचना बीसीसीएल अधिकारियों को दी।

रामकनाली ओपी की घटना स्थल से केवल कुछ ही दूरी पर होने के बावजूद भी अपराधी आसानी से खदान में दाखिल हो गए, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं के कारण खदान कर्मियों में डर और चिंता बढ़ गई है। कुछ कर्मी अब खदान में ड्यूटी करने से भी कतरा रहे हैं।



स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन को सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीआईएसएफ की तैनाती सहित अन्य ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित न हो। अधिकारियों ने बताया कि मामले की लिखित सूचना रामकनाली थाना में दर्ज कर दी गई है और जांच प्रक्रिया जारी है। इस वारदात ने स्थानीय प्रशासन और खदान प्रबंधन दोनों के सामने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## दो बहनों को स्कॉर्पियो ने कुचला

**जमुई।** जमुई-गिद्धौर मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो चचेरी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश जारी है। यह हादसा बैंक मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दोनों युवतियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रतनपुर निवासी स्वर्गीय बुद्धू सिंह की 18 वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी और दिनकर कुमार की 20 वर्षीय पुत्री जुगनू कुमारी के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, दोनों बहनें बानाडीह गांव स्थित गर्भू स्थान मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान जमुई की ओर से आ रही काले रंग की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

# टोटल हिप रिप्लेसमेंट की सर्जरी के बाद मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद।** सदर अस्पताल में पहली बार एक मरीज की टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई थी। उक्त मरीज को आज सदर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के रे टाकीज के पीछे रहने वाले मरीज, बुद्धि शंकर (32), अहमदाबाद में एक दूध फैक्ट्री में कार्यरत थे। मरीज पोलियो से पीड़ित थे। कार्य के दौरान फैक्ट्री में गिरने से उनकी हिप बोन में गंभीर फ्रैक्चर हो गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे निजी अस्पताल में महंगा इलाज कराने में असमर्थ थे। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड होने के कारण उन्होंने इलाज के लिए सदर अस्पताल, धनबाद का रुख किया। यहां ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुकेश प्रसाद से परामर्श लिया गया। जांच के बाद उन्होंने मरीज को टोटल हिप रिप्लेसमेंट (टीएचआर) सर्जरी की सलाह दी।

तत्पश्चात 11 मार्च 2026 को सदर अस्पताल में डॉ. मुकेश प्रसाद (ऑर्थोपेडिक सर्जन) के नेतृत्व में, उनके सहयोगी डॉ. रवि खैतान तथा निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ. आनंद के सहयोग से इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

सर्जरी के बाद लगभग 12 दिनों तक मरीज को अस्पताल में रखा गया। इस दौरान फिजियोथैरेपी, नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन तथा दवाई इत्यादि देकर आज उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया। डिस्चार्ज होने से पहले मरीज को घुटने मोड़ने, पलाठी मारने, पैरों पर वजन रखकर चलने फिरने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई।

# ट्रेनें रद्द होने से यात्रियों को हो रही फजीहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 6 होली स्पेशल ट्रेनों की शेष सेवाओं को रद्द करने की घोषणा कर दी है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, रेलवे प्रशासन ने होली त्योहार पर यात्रियों की सुविधा के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर से बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए होली स्पेशल ट्रेनें चलाई थीं।

परंतु, अब इन होली स्पेशल ट्रेनों के शेष बचे एक-दो फेरे से पहले ही रेलवे ने इनका परिचालन बंद करने की घोषणा कर दी है। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला से गुजरने वाली ट्रेन नंबर 18403/18404 भुवनेश्वर - धनबाद - भुवनेश्वर एक्सप्रेस के रेलवे के द्वारा पूर्व में जारी दो स्टेशनों के समय सारणी को दक्षिण पूर्व रेलवे ने संशोधित कर नई समय सारणी जारी कर दी है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में रेलवे से जारी ट्रेन नंबर 18403 भुवनेश्वर - धनबाद एक्सप्रेस के राउरकेला में आगमन और प्रस्थान का समय क्रमशः 03:45 बजे और 03:50 बजे था।

जिसे रेलवे ने अब संशोधित कर राउरकेला स्टेशन में आगमन और प्रस्थान का समय क्रमशः 03:35 बजे और 03:40 बजे रहेगा। साथ ही नुगांव से होकर जाने का समय क्रमशः 04:22 था जिसे अब संशोधित कर 04:12 कर दिया गया है।

जबकि ट्रेन नंबर 18404 धनबाद - भुवनेश्वर एक्सप्रेस के हटिया में आगमन और प्रस्थान का समय क्रमशः 20:00 बजे और 20:05 बजे था, जिसे अब संशोधित कर 20:10 बजे और 20:15 बजे कर दिया गया है।

## प्राथमिकी दर्ज

**मुजफ्फरपुर।** नगर थाना के पुरानी गुदरी छोटी मजार व उसके पीछे के मोहल्ले डॉक्टर सिद्दीकी लेन इलाके में रविवार की शाम हुए दो गुटों के बीच हिंसक झड़प मामले में नगर थाने में प्राथमिकी कर ली गई है। दोनों पक्षों की ओर से कराई गई प्राथमिकी में नामजद व अज्ञात को आरोपित बनाया गया है।

मामले में दोनों पक्षों की ओर से गिरफ्तार किए गए मो. महफूल उर्फ मैंगो, मो. आरिफ, मो. लक्की खान व मो. मयूर से पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से चारों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।नगर थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि चार आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपित प्रोटेक्शन गैंग से भी जुड़े है। इस दिशा में भी जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पहली प्राथमिकी पुरानी गुदरी छोटी मजार की रहने वाली एक महिला ने कराई है। इसमें कहा कि लक्की खान व मयूर उनके घर में घूस गया। आरोपितों ने उनकी पुत्री के साथ जबरदस्ती कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगे।

# विधायक ने खोली क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर खर्च हो रहे करोड़ों रुपये के बावजूद जमीनी हकीकत सवालों के घेरे में है। पुराने स्वास्थ्य केंद्रों के अधूरे निर्माण, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के बीच नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बनाने की योजना ने विवाद खड़ा कर दिया है। पांकी से भाजपा विधायक डा. शशि भूषण मेहता ने इसे सीधे तौर पर जनता के पैसों की बबार्दी करार दिया है। विधायक मेहता ने नीलाम्बर-पीताम्बरपुर प्रखंड के सांगबार पंचायत स्थित गोराडीह गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां 12 वर्ष पहले बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज तक बिना डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के बंद पड़ा है, जबकि महज 1.5 किमी दूरी पर लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इसके बावजूद 1.5 करोड़ रुपये की लागत से नए केंद्र की योजना को उन्होंने अव्यवहारिक बताया।

उन्होंने पांकी प्रखंड के केल्हवा पंचायत अंतर्गत बोरोदिरी गांव और तरहसी प्रखंड के नवगढ़ पंचायत अंतर्गत बलियारी का भी जिक्र किया, जहां भवन तो हैं लेकिन चिकित्सक नहीं हैं। मेहता का आरोप है कि पहले से मौजूद और अधूरे पड़े भवनों को नजरअंदाज कर नए निर्माण की निविदा निकालना संदिग्ध और लाभ पहुंचाने वाली प्रक्रिया है।

विधायक ने यह भी कहा कि तरहसी में पहले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, जहां डॉक्टर उपलब्ध हैं, इसके बावजूद नए पीएचसी की योजना का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने जिला परिषद के माध्यम से संचालित इस योजना को जनता की संपत्ति की लूट करार देते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

डा.मेहता ने स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को मंगलवार की शाम स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाएंगे और साथ ही ईडी व सीबीआई को भी लिखित शिकायत भेजेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही।

विधायक ने प्रशासन से मांग की है कि नए निर्माण पर खर्च करने के बजाय पहले से बने और अधूरे स्वास्थ्य केंद्रों को पूरा किया जाए तथा उनमें डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को वास्तविक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## फ्लाइटें हुई रि-शेड्यूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** कोलकाता से इंडिगो और मुंबई से स्पाइसजेट कंपनी की एक-एक फ्लाइट शेड्यूल से बाहर रही। इससे दरभंगा और मुंबई हवाई मार्ग पर यात्रियों की संख्या में कमी दर्ज की गई। दरभंगा और कोलकाता के बीच हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या शून्य रही। दिल्ली से दरभंगा आनेवाली स्पाइसजेट की फ्लाइट विलंब से पहुंची। इससे दरभंगा-दिल्ली हवाई मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। दरभंगा एयरपोर्ट से मंगलवार को 10 विमानों का आवागमन हुआ।जानकारी के अनुसार,दिल्ली से दरभंगा आनेवाली अकासा की फ्लाइट क्यूपी 1405 निर्धारित समय 10:50 से 20 मिनट विलंब से 11:20 में पहुंची। मुंबई से दरभंगा आनेवाली अकासा की फ्लाइट क्यूपी 1529 निर्धारित समय 1:20 से 34 मिनट विलंब से 1:54 में पहुंची।

# अस्पताल से गायब मरीज की नौ दिनों बाद मिली परिसर से लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही का एक और बड़ा मामला सामने आया है। एक मरीज के गायब होने के 9 दिन बाद उसका शव अस्पताल परिसर में ही मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बागबेड़ा के बाबाकुटी निवासी 54 वर्षीय टेंपो चालक सुनील यादव को 13 मार्च को कमजोरी के कारण एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 14 मार्च की रात वह अपने बेड से अचानक लापता हो गए।

परिजनों ने अस्पताल परिसर और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार शाम एक चाय विक्रेता ने अस्पताल परिसर में पड़े एक शव की सूचना सुरक्षाकर्मियों को दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की पहचान सुनील यादव के रूप में हुई।

इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। शव देर रात तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। पुलिस भी मदद करने के बजाए मुकदर्शक बनी रही।

मृतक के परिजन घंटों देर तक मदद की गुहार लगाते रहें लेकिन कोई मदद नहीं मिला। घटना की जानकारी वरीय पदाधिकारियों को होने के बावजूद भी शव को उठाने के लिए कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। जबकि इसे लेकर परिजन हंगामा करते रहें।

शव कैथ लैब के समीप पास कचरे के ढेर के बीच पड़ा मिला। वहां से तेज दुर्गंध आ रही थी और शव पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। मृतक के हाथ में अब भी नीडल लगी हुई थी, जिससे साफ है कि वह इलाज के दौरान ही अस्पताल से बाहर निकले थे।

परिजनों के अनुसार, अगर अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा कर्मी सक्रिय रहते तो समय रहते उन्हें ढूंढा जा सकता था। उनका आरोप है कि पिछले 9 दिनों तक किसी ने गंभीरता से तलाश नहीं की।

# बेकारबांध में सार्वजनिक पुस्तकालय निर्माण का अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के बेकारबांध, गोविंदपुर, बाघमारा, टुंडी, तोपचांची सहित जिले के अन्य क्षेत्र से आए आमजनों की समस्या सुनी।



जनता दरबार में बेकारबांध से आए लोगों ने बेकारबांध के पास खाली जमीन पर सार्वजनिक पुस्तकालय एवं पार्क निर्माण करने का अनुरोध किया। वहीं बाघमारा से आए व्यक्ति ने बाघमारा में नवनिर्मित हाई स्कूल निर्माण में अनियमितता की जांच करने का अनुरोध किया। जबकि टुंडी से आए व्यक्ति ने टुंडी के सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कराने का आग्रह किया।

जनता दरबार में दुकान पर अवैध कब्जा करने, मंदिर के रास्ते को अवरूद्ध करने, फर्जी दस्तावेज के आधार पर रैयती जमीन पर अवैध कब्जा करने, वार्ड नंबर 23 में सड़क, नाला व नाली का निर्माण करने, अवैध कोयला खनन करने के संबंध में, राशि की लेनदेन में धोखाधड़ी करने, ऑनलाइन रसीद निर्गत करने, मुआवजा का भुगतान करने, बेलगड़िया में आवास आवंटन करने सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## आंधी-पानी से फसलें हुई बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** फारबिसगंज में तेज आंधी तूफान एवं बारिश में शहर के कोठीहाट में एक मकान गिरने से तीन वर्षीय बच्चे की दबकर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर दरभंगिया टोला स्थित एक कच्ची घर पर जेसीआई का दीवार गिर गया। जिसमें दबकर तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों के नाजुक हालत को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि कोठीहाट वार्ड संख्या दो निवासी संजय राय तेज आंधी तूफान एवं बारिश में अपने घर में परिवार के साथ मौजूद थे। अचानक से मकान का दीवार गिर गया, सभी लोग बाहर भागे लेकिन इस दौरान उसका तीन वर्षीय पुत्र शिवम कुमार उसकी चपेट में आ गया। जिसमें दबकर उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्वास्थ्य विभागमें जल्द भरा जायेगा रिक्त पदों को : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य में सभी रिक्त पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध है।इस कड़ी में जेपीएससी से 1,200 चिकित्सकों एवं जेएसएससी से 7,500 एएनएम व जीएनएम की शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने राज्य में बनकर तैयार 1,200 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों में भी लगभग 10 हजार पदों पर बहाली की बात कही।मंत्री ने विश्व यक्ष्मा दिवस पर मंगलवार को नामकोम स्थित आइपीएच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2030 तक राज्य में टीबी (यक्ष्मा) उन्मूलन की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। इस अवसर पर 100 दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री ने टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले टीबी चैंपियंस एवं सहिया के साथ-साथ संस्थाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने टीबी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंत्री ने टेंडर से चयनित 76 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।नियुक्ति पत्र पानेवाले चिकित्सकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सेवा का संकल्प है।

मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के प्रमुख अस्पतालों में सीटी स्कैन एवं एमआरआइ जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे मरीजों को अन्य राज्यों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया की पहचान के लिए राज्यव्यापी जांच अभियान विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

# कल्पना सोरेन के राज्यसभा जाने की अटकलें हुई तेज

## दो सीटें हो रही हैं खाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** काफी कम समय में ही विपरीत परिस्थितियों में राजनीति में आकर प्रभाव कायम करने वालीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन का अगला ठिकाना राज्यसभा हो सकता है।

राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट है कि कल्पना सोरेन उच्च सदन का सदस्य बनकर झारखंड के मुद्दों को दिल्ली में उठाएंगी। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का राज्यसभा में जाना केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक उन्नयन नहीं होगा, बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राज्य की राजनीति पर इसके कई व्यापक प्रभाव पड़ सकते हैं।

कल्पना सोरेन को राज्यसभा भेजना पार्टी के भीतर एक नई नेतृत्व पंक्ति को स्थापित करने का संकेत होगा। इससे दिल्ली में पार्टी मजबूत होगी। हेमंत सोरेन के साथ उनका उभरता राजनीतिक कद संगठनात्मक स्थिरता और भविष्य की रणनीति को मजबूती दे सकता है।

यह कदम पार्टी में परिवार और संगठन के संतुलन को भी साधेगा। राज्यसभा के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण में सीधी भागीदारी मिलती है।

कल्पना सोरेन यदि उच्च सदन में जाती हैं तो झारखंड से जुड़े आदिवासी, भूमि, खनिज और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है।

इसके अलावा उनका राज्यसभा पहुंचना महिला सशक्तिकरण और आदिवासी नेतृत्व दोनों दृष्टिकोण से एक मजबूत राजनीतिक संदेश होगा। इससे झामुमो को सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की राजनीति में बढ़त मिल सकती है।



पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से खाली हुई सीट झामुमो के कोटे की है। वहीं भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश का कार्यकाल भी इस वर्ष जून में समाप्त हो रहा है।

इस तरह राज्य की दोनों सीटों पर चुनाव होगा। विधानसभा के मौजूदा गणित के अनुसार सत्ताधारी महागठबंधन के पास कुल 56 विधायक हैं- झामुमो (34), कांग्रेस (16), राजद (चार) और भाकपा (माले) (दो)।

एक सीट जीतने के लिए 28 वोट की जरूरत होती है। ऐसे में गठबंधन यदि एकजुट रहता है तो दोनों सीटें आसानी से जीत सकता है। झामुमो दोनों सीटों पर दावा करेगा, प्रबल संभावना है।

झामुमो नेताओं का मानना है कि राज्यसभा में झारखंड की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए झामुमो के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

हालांकि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के रुख पर भी नजर रहेगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि अतीत में कई बार उन्होंने राज्यसभा सीटों को लेकर त्याग किया है, इसलिए इस बार एक सीट पर उनका स्वाभाविक अधिकार बनता है।

असम चुनाव में सीट शेयरिंग को तालमेल नहीं होने के कारण विवाद इसे जटिल बना सकती है। संख्या बल के लिहाज से एनडीए फिलहाल पीछे है।

भाजपा के 21 और सहयोगी दलों के कुल मिलाकर 24 विधायक हैं। ऐसे में बिना क्रास वोटिंग या गठबंधन में दरार के एनडीए के लिए सीट जीतना मुश्किल है। फिलहाल दोनों राज्यसभा सीट के लिए गठबंधन के पास सुनहरा अवसर हैं, लेकिन आंतरिक समन्वय ही इसकी असली परीक्षा होगा।

# मौसम विभाग ने किया कई जिलों में येलो अलर्ट जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आंधी-बारिश का दौर समाप्त होने के बाद भी बादलों की आवाजाही जारी है। कई दिनों तक आंधी, गर्जन, बारिश और ओला वृष्टि के कारण तापमान में ठंडक बरकरार है।

झारखंड के धनबाद, बोकारो , गिरीडीह और जामताड़ा समेत कई जिलों में अगले दो-तीन आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। 27 और 28 मार्च को गर्जन-वज्रपात के साथ आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 29 को भी बादल छाए रहने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, लगातार तीन पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस सप्ताह मौसम रंग बदलता रहेगा। वर्तमान में जम्मू व आसपास पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती घेरे के रूप में सक्रिय है। इसके बाद 26 और 28 मार्च को दो और पश्चिमी विक्षोभ मौसम को प्रभावित करेंगे।

दूसरी ओर, एक चक्रवाती घेरा असम व आसपास सक्रिय है। इन मौसम प्रणालियों से पूरे मार्च बादलों की आवाजाही जारी रहने और बीच-बीच में आंधी-बारिश का अनुमान है।

26 से सक्रिय होनेवाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से धनबाद राज्य के सभी हिस्से में गर्जन और वज्रपात की स्थिति बन सकती है। बिजली गिरने का खतरा भी हो सकता है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की भी संभावना है।


ओला वृष्टि भी हो सकती है। इसके बाद 28 की रात से सक्रिय होनेवाले पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है।

# बेंगलुरु भगदड़ के मृतकों को अनूठी श्रद्धांजलि

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी, स्मारक पट्टिका भी लगेगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले आईपीएल और इंटरनेशनल मैचों में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी। वहीं, स्टेडियम के एंट्री गेट पर स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) और हर मैच से पहले एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा, जिसमें दोनों टीमें हिस्सा लेंगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) ने पिछले साल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुए भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह खास पहल की है। 4 जून 2025 को ऋष्क्कक्की पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

**मैच से पहले दी जाएगी श्रद्धांजलि-** भगदड़ वाली घटना की याद में आरसीबी और केएससीए ने स्टेडियम में एक स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) लगाने और 11 सीटों को हमेशा खाली रखने का फैसला किया है। ये सीटें इंटरनेशनल मैच में भी उन 11 लोगों की याद में कभी बेची नहीं जाएंगी।



### हिल्सबरो मेमोरियल की तर्ज पर बनेगा स्मारक

स्टेडियम की गेट पर लगने वाली स्मारक पट्टिका को इंग्लैंड के मशहूर हिल्सबरो मेमोरियल की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। हिल्सबरो मेमोरियल को लिवरपूल एफसी के 97 फैंस की याद में बनाया गया था। दरअसल, 15 अप्रैल 1989 को एफए कप सेमीफाइनल के दौरान हिल्सबरो स्टेडियम में हुए भीषण हादसे में इन फैंस की जान चली गई थी, जिसके बाद उनकी स्मृति में यह मेमोरियल बनाया गया।

### काफी समय से बात चल रही थी- वेंकटेश प्रसाद

कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने इस पहल की पुष्टि करते हुए कहा कि इस दुखद घटना को याद करना भी पीड़ादायक है, लेकिन काफी समय से स्मारक बनाने पर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि 11 लोगों की याद को सम्मान देना जरूरी है, न कि पुराने जख्मों को कुरेदना।

### आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

4 दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया था। इनमें से 2 मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने हैं। शेड्यूल जारी करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि बेंगलुरु में आईपीएल मैच सरकार की परमीशन पर निर्भर करेंगे।

### स्टेडियम में मैच कराने पर रोक लग गई थी

भगदड़ हादसे के बाद जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमेटी ने इस स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया था, जिसके चलते यहां मैच कराने पर रोक लगा दी गई थी। इसके कारण आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के मुकाबले भी बेंगलुरु से हटाकर नवी मुंबई में आयोजित किए गए। वहीं, घरेलू टी-20 लीग महाराजा टी-20 ट्रॉफी को भी बेंगलुरु की बजाय मैसूर में शिफ्ट करना पड़ा था।

### स्टेडियम में मैच कराने की मंजूरी

कर्नाटक सरकार ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2026 के मैचों के आयोजन को मंजूरी दे दी है। यहां 28 मार्च को मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ओपनिंग मैच खेला जाएगा।

# यश दयाल आईपीएल के इस सीजन से बाहर

## निजी कारणों से नहीं खेलेंगे, क्रिकेटर पर पिछले साल रेप के 2 केस दर्ज हुए थे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल इस सीजन टीम से नहीं जुड़ेंगे। टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मोहम्मद बोबाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यश निजी कारणों से इस सीजन में नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी अभी भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में बने हुए हैं। यश को पिछले साल की नीलामी से पहले आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने 2022 में गुजरात



टाइटंस के साथ आईपीएल डेब्यू किया था और उसी साल टीम के साथ खिताब भी जीता था।

**2 बार रेप के आरोप लग चुके-** यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया। इस मामले में जयपुर के सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज है।

### यश ने श्वेता पुंडीर से शादी की

13 मार्च को खबर आई थी कि यश ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं थी। श्वेता पुंडीर दिल्ली की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और व्लॉगर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 5.87 लाख फॉलोअर्स हैं। वे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में ब्रॉडकास्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं।

**2023 सीजन में रिंकू ने लगातार 5 छक्के जड़े-** 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने उनके एक ओवर में लगातार पांच छक्के लगाए थे, जिसके बाद वह चर्चा में आए। 2024 में उन्हें भारत और बांग्लादेश के बीच घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में पहली बार चुना गया था, हालांकि अभी तक उन्होंने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है।

# हार्दिक, सुखजीत, संजय, अभिषेक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। यहां शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी



(अंडर 21) का जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जाएगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है। इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिए अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जाएगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर /अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरूष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

### सिनर ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

# मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनें



**इटली (एजेंसी)।** इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार सबसे अधिक सेट जीतने के मामले में नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सिनर ने मियामी ओपन के तीसरे राउंड में कोरेंटिन मूटे को 6-1, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 11 मिनट तक चला। इस जीत के साथ सिनर के लगातार जीते गए सेटों की संख्या 26 हो गई है, जबकि जोकोविच के नाम 24 सेट का रिकॉर्ड था। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2016 में इंडियन वेल्स और मियामी के बीच हासिल की थी।

**नवंबर से जारी है अजेय रहने का सिलसिला-** सिनर का यह शानदार सफर पिछले साल नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था। वहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने इसी महीने इंडियन वेल्स ओपन का खिताब भी जीता। म्यूटेट के खिलाफ जीत के साथ ही सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बना लिया है। मैच के बाद सिनर ने एटीपी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,मैं बहुत खुश हूं। यह खेल अप्रत्याशित है, इसलिए हम जितना हो सके उतना ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं। अब देखते हैं कि अगले दौर में क्या होता है। उन्होंने आगे कहा कि वे हर मैच के लिए तकनीकी रूप से पूरी तरह तैयार रहने की कोशिश करते हैं।

### अगले दौर में एलेक्स मिचेलसन से होगा मुकाबला

चौथे दौर में जैनिक सिनर का सामना अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन से होगा। मिचेलसन ने अपने तीसरे दौर के मुकाबले में अलेजांद्रो ताबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर आगे कदम बढ़ाया है। सिनर जिस फॉर्म में चल रहे हैं, उन्हें टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

**आईपीएल गाइडलाइन**

# मैच के दिन प्रैक्टिस पर रोक

## फिटनेस टेस्ट नहीं, जर्सी नंबर बदलने पर बताना होगा; ड्रेसिंग रूम में सिर्फ स्टाफ को एंट्री

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के लिए बीसीसीआई ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत मैच के दिन कोई भी टीम प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी। साथ ही खिलाड़ियों के लिए मैच-डे पर फिटनेस टेस्ट नहीं होगा। वहीं जर्सी नंबर बदलने से 24 घंटे पहले जानकारी देनी होगी और ड्रेसिंग रूम में सिर्फ स्टाफ को ही एंट्री मिलेगी। आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 11 मार्च को आईपीएल 2026 के पहले फेज का शेड्यूल जारी किया है।



**विरोधी टीम के नेट्स का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे-** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीमों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। यहां दोनों टीमों को प्रैक्टिस के लिए अलग-अलग विकेट मिलेंगे और कोई भी टीम विरोधी टीम के विकेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी।

**प्रैक्टिस से जुड़े मुख्य नियम-** हर टीम को प्रैक्टिस एरिया में दो नेट और मुख्य स्क्वायर पर एक साइड विकेट दिया जाएगा। मुंबई में यदि दोनों टीमें एक साथ अभ्यास करती हैं, तो उन्हें दो-दो विकेट दिए जाएंगे। ओपन नेट की अनुमति नहीं होगी, जिससे अभ्यास व्यवस्थित रहे।

साथ ही, अगर कोई टीम अपनी प्रैक्टिस जल्दी खत्म कर देती है, तो दूसरी टीम उसके विकेट का उपयोग नहीं कर सकेगी। सबसे अहम नियम यह है कि मैच के दिन किसी भी प्रकार की प्रैक्टिस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

### स्टाफ को एक्रेडिटेशन कार्ड रखना होगा

मैच के दिन सभी अधिकृत स्टाफ के लिए एक्रेडिटेशन कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा। खिलाड़ियों को स्क्वष्ठ बोर्ड के पास बैठने या गेंद हिट करने से बचने की सलाह दी गई है। ब्रॉडकास्ट के नियमों के तहत शुरुआती ओवरों में ऑरेंज और पर्पल कैप पहनना जरूरी होगा। इसके अलावा, पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन के दौरान स्लीवलेस जर्सी या फ्लॉपी पहनने की अनुमति नहीं होगी। मैच के दिन केवल 12 सपोर्ट स्टाफ (जिसमें डॉक्टर भी शामिल है) को ही टीम के साथ रहने की अनुमति मिलेगी।

### मैच के दिन फिटनेस टेस्ट नहीं होगा

मैच के दिन मुख्य स्क्वायर पर किसी भी तरह का फिटनेस टेस्ट नहीं किया जाएगा। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए टीम बस से ही आना होगा, हालांकि जरूरत पड़ने पर उन्हें दो बैच में लाया जा सकता है। खिलाड़ियों के परिवार और दोस्त अलग वाहन से आएंगे और केवल हॉस्पिटैलिटी एरिया से ही प्रैक्टिस देख पाएंगे। ड्रेसिंग रूम और मैदान पर सिर्फ अधिकृत स्टाफ को ही प्रवेश की अनुमति होगी, ताकि सुरक्षा और अनुशासन बना रहे।

**जर्सी नंबर बदलने की जानकारी देनी होगी-** टीमों को अपने खिलाड़ियों के जर्सी नंबर में किसी भी बदलाव की जानकारी कम से कम 24 घंटे पहले देनी होगी।

# बांग्लादेश आईपीएल बैन पर समीक्षा करेगा

## खेल मंत्री बोले-स्थिति को समझने के बाद इस पर फैसला लेंगे; सुरक्षा रिपोर्ट के बाद पीएसएल पर भी निर्णय

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगे बैन की समीक्षा जल्द हो सकती है। युवा एवं खेल राज्य मंत्री अमीनुल हक ने क्रिकबज से बातचीत में कहा कि वे इस बात की भी जांच करेंगे कि दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग आईपीएल के प्रसारण पर बांग्लादेश में बैन क्यों लगाया गया है। वे स्थिति को समझने के बाद इस पर दोबारा फैसला लेंगे। वहीं, सुरक्षा चिंताओं के आधार पर खिलाड़ियों के पीएसएल में खेलने पर भी अंतिम फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की रिपोर्ट के बाद ही लिया जाएगा।

**खेल और राजनीति को मिक्स नहीं करेंगे-अमीनुल हक-** प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व वाली पिछली अंतरिम सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लिया था। इसके साथ ही बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण पर भी रोक लगा दी गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला उस विवाद के बाद लिया गया था, जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मुस्तफिजुर रहमान को हटाया गया था।

हालांकि, मौजूदा युवा एवं खेल राज्य मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ बेहतर और दोस्ताना संबंध चाहता है।

अमीनुल हक ने बताया कि ईद की छुट्टियों के बाद क्रिकेट बोर्ड के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें आईपीएल पर लगे बैन के कारणों की समीक्षा होगी और आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि खेल का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए और दोनों देशों के बीच खेल संबंध सामान्य रहने चाहिए।




- **सुरक्षा पर बीसीबी की रिपोर्ट का इंतजार-** खेल मंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को सरकार से अनुमति लेनी होगी।

### बंद दरवाजों के पीछे होगा टूर्नामेंट

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को ही घोषणा की है कि वेस्ट एशिया में जारी संघर्ष के कारण पीएसएल 2026 के मैचों को केवल लाहौर और कराची तक सीमित कर दिया गया है। साथ ही, ये सभी मैच बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स यानी बिना दर्शकों के खेले जाएंगे। कई देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए ट्रेवल एडवाइजरी भी जारी की है।

इस पर अमीनुल ने कहा,अगर बीसीबी हमें भरोसा दिलाता है कि कोई समस्या नहीं है, तो हमें कोई दिक्कत नहीं है।

### इन 6 खिलाड़ियों को मिल चुका है एनओसी

बांग्लादेश के 6 प्रमुख खिलाड़ियों को पहले ही बोर्ड से एनओसी (एनओसी) मिल चुका है। इनमें मुस्तफिजुर रहमान और परवेज हुसैन इमोन (लाहौर कलंदर्स), शोरफुल इस्लाम, नाहिद राणा, तंजीद हसन तमीम और रिशाद हुसैन (पेशावर जाल्मी) शामिल हैं।



# साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला टी-20 टीम घोषित

## ● हरमनप्रीत संभालेंगी कप्तानी, स्मृति मंधाना उपकप्तान बनीं ● 17 अप्रैल से शुरू होगी 5 मैचों की सीरीज

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है।

इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की कमान अनुभवी ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर के हाथों में सौंपी गई है, जबकि स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की यह टी-20 सीरीज 17 अप्रैल से शुरू होने जा रही है।

**शेफाली और जेमिमा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा-** चयनकर्ताओं ने टीम में अनुभव और युवा जोश का तालमेल बिठाने की कोशिश की है। टीम के बल्लेबाजी क्रम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष जैसे विस्फोटक बल्लेबाज शामिल हैं।

ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी टीम का अहम हिस्सा हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से मैच पलटने की क्षमता रखती हैं। ऋचा घोष और उमा छेत्री को विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर टीम में जगह मिली है।

**गेंदबाजी में रेणुका और अरुंधति संभालेंगी कमान-** तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी पर होगी। स्पिन विभाग में श्रेयंका पाटिल और काश्वी गौतम जैसे उभरते हुए चेहरों को शामिल किया गया है। टीम में अन्य प्रमुख नामों में क्रांति गौड़, श्री चरणी, भारती फुलमाली और अनुष्का शर्मा शामिल हैं। चयन समिति ने इन खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट और पिछले दौरों पर किए गए अच्छे प्रदर्शन के आधार पर चुना है।

**डरबन और जोहान्सबर्ग में होंगे मुकाबले-** भारतीय टीम इस दौरे पर कुल 5 टी-20 मैच खेलेगी। सीरीज का आगाज 17 अप्रैल को डरबन में होगा। पहले दो मुकाबले इसी शहर में खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरा और चौथा टी-20 जोहान्सबर्ग के मैदान पर होगा। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच 27 अप्रैल को बेनोनी में खेला जाएगा।

- **मैच का समय समय के अनुसार 5.30 बजे शुरू होगी-** भारतीय दर्शकों के लिए अच्छी खबर यह है कि सीरीज के मैच शाम के समय आयोजित होंगे। शेड्यूल के मुताबिक, मैच भारतीय समय के अनुसार शाम 5¬30 बजे और रात 9¬30 बजे से शुरू होंगे। बीसीसीआई को उम्मीद है कि वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से यह दौरा टीम इंडिया के लिए काफी मददगार साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मूवी शूटिंग का नया ठिकाना बनी दिल्ली, गेमचेंजर साबित हुई ई-फिल्म क्लीयरेंस नीति




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में पेश किए गए दिल्ली आर्थिक सर्वे 2025-26 के मुताबिक 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 32 लाख विदेशी पर्यटक आए, जो देश में सबसे ज़्यादा हैं। सर्वे के डेटा से पता चला कि 2024 में राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 32,24,675 विदेशी पर्यटक आए, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। सर्वे में कहा गया है कि शहर के पुरातात्विक स्थलों में कुतुब मीनार में सबसे ज़्यादा 32.04 लाख व लाल किला 28.84 लाख पर्यटकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसमें कहा गया है कि डीडीए द्वारा बनाए गए बांसेरा पार्क और असिता पार्क सहित कई नए आकर्षण के साथ ही दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए भारत दर्शन पार्क और वेस्ट टू वंडर पार्क को शहर के टूरिज्म ऐप, देखो मेरी दिल्ली में जोड़ा गया है। डेटा के अनुसार कुल मिले 278 फिल्म शूटिंग आवेदन में से 50 को दिल्ली ई-फिल्म क्लीयरेंस नीति के तहत प्रोसेस किया गया, जिसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में फिल्मांकन को आसान बनाना है।

### मोदी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि संस्था हैं: चौहान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी के 8,931 दिनों के सार्वजनिक कार्यकाल को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। चौहान ने कहा कि मोदी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था हैं। शिवराज चौहान ने भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि मोदी अब भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित सरकार के मुखिया रहने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इतने लंबे कार्यकाल को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, क्योंकि मोदी अपने आप में एक संस्था हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिन-रात मेहनत कर देश सेवा का उदाहरण पेश किया है। उनका समर्पण और कार्यशैली हर किसी के लिए प्रेरणा है। जब पीएम मोदी की माता का निधन हुआ, तब भी उन्होंने अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दी। पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने के बाद वह तुरंत अपने तय कार्यक्रम में शामिल हुए, जो उनके कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि देश ने 2011 से 2013 के बीच के वह दिन भी देखे हैं, जब चारों ओर भ्रष्टाचार और घोटालों की चर्चा होती थी। उस समय जनता निराश थी, लेकिन मोदी आशा और विश्वास के प्रतीक बनकर सामने आए।

### निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग का शिकंजा सीटें नो दिखाकर छिपाने पर 29 मार्च तक सत्यापन के आदेश

**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों द्वारा सीटों की जानकारी छिपाने और मान्यता से जुड़े दस्तावेजों में गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद मौलिक शिक्षा निदेशालय एक्शन मोड में है। निदेशालय ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर आगामी 29 मार्च तक निजी स्कूलों के मान्यता प्रमाणपत्रों और सीट डिक्लेरेशन पोर्टल पर अपलोड रिकार्ड का अनिवार्य सत्यापन करने के आदेश दिए हैं। गलत दस्तावेज मिलने पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए गए हैं। विभागीय समीक्षा के दौरान सामने आया कि कुछ निजी स्कूल प्रवेश स्तर की कक्षाओं में नो दर्ज कर सीटों की संख्या शून्य दिखा रहे हैं।

# महिला आरक्षण के बाद यूपी में 120 लोकसभा सीटें

## कुल 816 सीटों में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला आरक्षण को लेकर कानून सरकार ने बीते लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पारित किया था, लेकिन अब उसमें संशोधन की तैयारी है। ऐसा इसलिए ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू किया जा सके। यही नहीं इस संबंध में जल्दी ही संशोधन विधेयक लाया जा सकता है। यदि आने वाले लोकसभा चुनाव में ही महिला आरक्षण को लागू किया गया तो फिर राज्यों में सीटों का समीकरण भी बदलेगा। महिला आरक्षण लागू होने के साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या 816 हो सकती है। फिलहाल 543 सीटें हैं। कुल 816 सीटों में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। अब राज्यों की बात करें तो पहले की तरह ही सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें यूपी में होंगी। यहां 120 सांसद चुने जा सकते हैं।

यूपी के ही पड़ोसी राज्य बिहार में सीटों की संख्या 40 से बढ़कर 60 हो सकती है। अब तक 48 सांसद दिल्ली भेजने वाले महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों की संख्या 72 हो सकती है। फिलहाल दक्षिण भारत के राज्यों की जो चिंता है कि उनकी सीटें कम हो सकती हैं। उसका भी ध्यान रखा



गया है और 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के अनुसार ही सीटों की संख्या तय होगी। इसीलिए अभी जो सीटों का अनुपात है, उसी के मुताबिक सीटें जुड़ेंगी। इस तरह भले ही सीटों की संख्या यूपी, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बढ़ जाएगी, लेकिन उनके अनुपात में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### अमित शाह ने की विपक्ष से बात, क्या है '2011 वाला भरोसा'

जानकारी मिली है कि महिला आरक्षण में संशोधन के लिए सरकार विपक्ष से बात कर रही है। इसकी जिम्मेदारी कई नेताओं के पास है और होम मिनिस्टर अमित शाह ने भी कई विपक्षी दलों से बात की है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष को भरोसा दिया गया है कि 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के अनुसार ही सीट संख्या तय होगी। इसके तहत यूपी की 120 सीटें होंगी और इनमें से 33 फीसदी यानी 40 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 72 सीटें होंगी और 24 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। पश्चिम बंगाल की सीटें 42 से बढ़कर 63 हो सकती हैं और इनमें से 21 महिलाओं के लिए रहेंगी। इसी तरह बिहार में महिलाओं के लिए 20 सीटें होंगी।

### साउथ इंडिया की टेंशन होगी दूर, तमिलनाडु में कितनी सीटें?

अब तमिलनाडु की बात करें तो यहां कुल लोकसभा सीटें 39 से बढ़कर 59 हो सकती हैं। इनमें से 20 महिलाओं के लिए रहेंगी। इसी तरह मध्य प्रदेश में 44 सीटें हो सकती हैं और इनमें से 15 महिलाओं के लिए रहेंगी। नए समीकरणों के तहत अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्यों की सीटें भी 2 से बढ़कर 3 हो सकती हैं। इनके अलावा मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम में भी दो सीटें हो सकती हैं। फिलहाल इन राज्यों से एक ही सांसद चुना जाता है। ऐसे ही दिल्ली के सांसदों की संख्या 11 हो सकती है, जिनमें से 4 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में सीटों की संख्या 5 से बढ़कर आठ हो जाएगी और महिलाओं के लिए तीन सीटें रहेंगी।

# पश्चिम एशिया के संघर्ष में सऊदी-यूएई भी कूदेंगे! ऑपरेशन प्रॉमिस का 78वां दौर शुरू

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध चौथे सप्ताह में पहुंच गया है लेकिन स्थिति कहीं से भी सामान्य होती नहीं दिख रही है। एक तरफ ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत हमलों की एक नई और भीषण लहर शुरू की है। वहीं दूसरी तरफ सऊदी अरब और यूएई जैसे देश भी अब इस संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी करते दिख रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के 78वें चरण की घोषणा की। इसके तहत इस्राइल के डिमोना, तेल अवीव और ईलाट जैसे अत्यधिक संवेदनशील ठिकानों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन हमलों में इमाद और काद्र (मल्टी-वारहेड) मिसाइल प्रणालियों और हमलावर ड्रोनों का इस्तेमाल किया है। आईआरजीसी का दावा है कि हालिया हमलों में डिमोना और अराद शहर में 200 से अधिक लोग हताहत हुए थे।

**सऊदी अरब-यूएई के रुख में बदलाव –** दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, सऊदी अरब और यूएई ने ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के संकेत दिए हैं। सऊदी अरब ने अमेरिका को अपने किंग फाहद एयर बेस तक पहुंच प्रदान करने पर सहमति जताई है, जबकि पहले वह अपने एयर बेस के इस्तेमाल से इनकार करता रहा था। कूटनीतिक मोर्चे पर सऊदी ने ईरान के सैन्य अताशे और चार दूतावास कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। वहीं, यूएई ने ईरान के मालिकाना हक वाले एक अस्पताल और क्लब को बंद कर दिया है, जो तेहरान के लिए अहम



माने जाते थे। यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली भी ईरानी हमलों को रोकने में जुटी है। कुछ वीडियो से यह भी संकेत मिले हैं कि ईरान पर हमलों के लिए बहरीन से मिसाइलें दागी गई थीं।

**कुवैत में बिजली संकट –** इस युद्ध की आग में पड़ोसी देशों भी झुलस रहे हैं। मंगलवार तड़के कुवैत में हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मिसाइलों को रोकने के दौरान गिरे मलबे से सात बिजली ट्रांसमिशन लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। अधिकारी बिजली सेवा बहाल करने में जुटे हैं

**ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समयसीमा बढ़ाई**
इस तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए दी गई समयसीमा बढ़ा दी है और पांच दिनों के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल दिए हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान समझौता करना चाहता है और उनके दूत स्टीव विटकॉफ व जेरेड कुशनर एक ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## इस धमाके के बाद मौके पर हड़कंप मच गया

# टेक्सास की तेल रिफाइनरी में विस्फोट से हड़कंप, स्थानीय लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका में टेक्सास तट के पास सोमवार को एक तेल रिफाइनरी में विस्फोट हुआ। इस धमाके के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसमान में धुएं का भारी गुबार छा गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्थानीय निवासियों को घरों के भीतर ही रहने का आदेश जारी किया है। यह विस्फोट ह्यूस्टन से लगभग 145 किलोमीटर पूर्व में स्थित पोर्ट आर्थर की वैलेरो रिफाइनरी में हुआ। पोर्ट आर्थर की मेयर चार्लोट एम. मोसेस ने जानकारी दी कि इस



घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। मेयर ने शहर के पश्चिमी हिस्से के लोगों से अपील की है कि वे घरों से बाहर न निकलें। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में रिफाइनरी से आग की लपटें और काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। प्रशासन ने फेसबुक के जरिए संदेश दिया है कि जब तक आपातकालीन सेवाओं की ओर से खतरा टलने की घोषणा का संकेत न मिल जाए, तब तक लोग सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। टेक्सास के राज्य प्रतिनिधि क्रिश्चियन मैनुअल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि टेक्सास कमीशन ऑन एनवायर्नमेंटल क्वालिटी की टीम वायु निगरानी उपकरणों के साथ रिफाइनरी पहुंच गई है। उन्होंने निवासियों को सलाह दी है कि वे बाहरी गतिविधियों को सीमित करें और अपने घरों के खिड़की-दरवाजे बंद रखें। वैलेरो की वेबसाइट के अनुसार, इस रिफाइनरी में लगभग 770 कर्मचारी काम करते हैं

# रूस दे रहा है ईरान को खुफिया मदद, हमारे पास इस बात के सबूत; जेलेंस्की ने किया बड़ा दावा

**कीव, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा दावा किया है। मंगलवार को जेलेंस्की ने कहा कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि रूस, ईरान को युद्ध के लिए खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस सपोर्ट) मुहैया करा रहा है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस की यह मदद ईरान को युद्ध में टिके रहने में मदद कर रही है और इससे संघर्ष और लंबा खिंच रहा है। इस बात के सबूत मिले हैं कि रूसी सरकार ईरानी शासन को खुफिया सहायता दे रहा है। यह स्पष्ट रूप से विनाशकारी है और इसे रोकना आवश्यक है, क्योंकि इससे केवल अस्थिरता ही बढ़ती है। बाजार पहले से ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इससे कई देशों में उर्जा जरूरत की स्थिति गंभीर हो रही है। ईरानी शासन को सत्ता में बने रहने और अधिक सटीक हमले करने में मदद करके, रूस युद्ध को लंबा खींच रहा है। इसका जवाब देना होगा।

रूस ने ईरान के बीच बातचीत इसी बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची



से फोन पर बात की। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने फारस की खाड़ी में अमेरिका और इस्राइल की आक्रामकता के कारण बिगड़ते हालात पर चर्चा की। उन्होंने इस संघर्ष के कैस्पियन क्षेत्र तक फैलने की आशंका पर भी चिंता जताई।

# ईरान जंग का असर: चीन ने बढ़ाए पेट्रोल-डीजल के दाम

## संकट की तैयारी शुरू

**बीजिंग, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का असर अब सीधे चीन की अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। संभावित ईंधन संकट को देखते हुए चीन ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। यह फैसला लिया है। सरकारी बयान के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में असामान्य बढ़ोतरी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसका मकसद देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखना, आम लोगों पर असर कम करना और ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। नई दरों के तहत पेट्रोल (गैसोलीन) की कीमत में 1160 युआन प्रति टन की बढ़ोतरी, डीजल की कीमत में 1115 युआन प्रति टन की बढ़ोतरी की गई है। इस घोषणा के बाद चीन में बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल पंपों पर पहुंच गए और अपने वाहनों में ईंधन भरवाने लगे, जिससे संभावित संकट की गंभीरता साफ दिखाई दे रही है। इस संकट की जड़ में स्दुनिया का सबसे अहम तेल परिवहन मार्ग है। यहां से करीब 20त्न वैश्विक ऊर्जा सप्लाई गुजरती है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के कारण इस मार्ग पर खतरा बढ़ गया है, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। चीन की स्थिति इसलिए ज्यादा संवेदनशील है क्योंकि वह अपनी जरूरत का करीब 70त्न कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से लगभग 45त्न तेल होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आता है यानी कुल सप्लाई का लगभग 30त्न हिस्सा सीधे इस मार्ग पर निर्भर है।हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन ने इस खतरे को कम करने के लिए कुछ मजबूत कदम पहले से उठा रखे हैं। गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषक एंड्रयू टिल्टन के अनुसार, चीन की ऊर्जा व्यवस्था अन्य देशों की तुलना में थोड़ी सुरक्षित है। इसकी वजहें हैं चीन के पास करीब 4 महीने का आपातकालीन तेल भंडार मौजूद



है। रूस के साथ लंबे समय के ऊर्जा समझौते के कारण चीन पर तुरंत असर सीमित हो सकता है, लेकिन अगर संकट लंबा चला तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

# दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण से निपटने में सरकार फेल, लोक लेखा समिति ने कमियों को किया उजागर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के सरकारी दावों की पोल खोल दी है। सोमवार को सदन में पेश अपनी तीसरी रिपोर्ट में, इस समिति ने प्रदूषण की निगरानी, सार्वजनिक परिवहन की बदहाली और उत्सर्जन मानकों को लागू करने में गंभीर प्रणालीगत कमियों को उजागर किया है। यह रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सीएजी (कैग) द्वारा किए गए प्रदर्शन ऑडिट पर आधारित है। पीएसी ने परिवहन और पर्यावरण विभागों को इन खामियों को दूर करने के लिए तत्काल और समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। समिति ने पाया कि दिल्ली में स्थापित कई कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ये स्टेशन सड़कों और पेड़ों के बहुत करीब हैं। इससे इनके द्वारा जुटाए गए आंकड़े और एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) की सटीकता पर गंभीर संदेह पैदा होता है। हैरानी की बात यह है कि कई बार जरूरी प्रदूषकों का पूरा डेटा उपलब्ध न होने के बावजूद भी एक्यूआई की गणना की गई। समिति ने नोट किया कि राष्ट्रीय मानकों में शामिल होने के बावजूद किसी भी स्टेशन पर लेड (सीसा) की मात्रा नहीं मापी जा रही थी। दिल्ली की परिवहन व्यवस्था पर प्रहार करते हुए पीएसी ने कहा कि शहर को लगभग 11,000 बसों की आवश्यकता है, लेकिन 2021



तक केवल 6,750 बसें ही उपलब्ध थीं। इनमें से भी एक बड़ी संख्या रखरखाव की कमी के कारण सड़कों से बाहर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में कुल 657 अधिसूचित रूटों में से 238 पर बसें नहीं चल रही थीं, जिससे लास्ट माइल कनेक्टिविटी की समस्या जस की तस बनी हुई है। कागजों पर सिमटी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति समिति ने दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ईवी नीति के क्रियान्वयन को भी सुस्त और बिखरा हुआ बताया। आडिट अवधि के दौरान न तो ईवी बोर्ड का गठन हुआ और न ही ईवी सेल सक्रिय हुआ। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और पार्किंग प्रबंधन में खामियों ने प्रदूषण कम करने की कोशिशों को कमजोर किया है।

नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के संकेत रिपोर्ट में पीयूसी (पीयूसीसी) प्रमाणपत्रों के वितरण में भी अनियमितता पाई गई। कई मामलों में बिना उचित टेस्ट वैल्यू के या मानक से अधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों को भी क्लीन चिट दे दी गई। इसके अलावा, दिल्ली में प्रवेश करने वाले बाहरी वाहनों का कोई ठोस डेटा उपलब्ध नहीं है और पुराने (उम्र पूरी कर चुके) वाहनों को कबाड़ करने की प्रक्रिया भी बेहद धीमी है।

# अरविंद केजरीवाल समेत चार आप नेताओं पर कार्रवाई की सिफारिश, सदन में फांसी घर मामले में दूसरी रिपोर्ट पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने फांसी घर मामले में अपनी दूसरी अंतरिम रिपोर्ट सोमवार को सदन में पेश की। समिति ने दो बार बैठकों में अनुपस्थित रहने और उचित स्पष्टीकरण न देने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के चार नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला का नाम शामिल है। समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत की ओर से सदन पटल पर रखी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इन चारों ने जानबूझकर 13 नवंबर 2025 और 20 नवंबर 2025 को आयोजित बैठकों में अनुपस्थित रहकर विशेषाधिकार समिति की अवमानना की है। राजपूत ने सदन में कहा कि समिति की बैठक में केजरीवाल ने उचित व्यवहार नहीं किया। जिसके लिए उन्हें समिति के सामने माफी मांगनी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक समिति ने पाया कि दो बार विशेषाधिकार समिति की बैठक में अनुपस्थित रहने के बाद सदन के



निर्देश पर चारों को एक और अवसर देते हुए 6 मार्च को बुलाया गया था। इसमें अरविंद केजरीवाल, राम निवास गोयल और राखी बिड़ला उपस्थित हुईं, लेकिन ये अपनी पूर्व अनुपस्थिति का कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। तर्क दिया कि इस मामले में विधानसभा व उसकी समिति का कोई क्षेत्राधिकार नहीं है। यह भी तर्क दिया कि मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। हालांकि, समिति ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय ने कोई अंतरिम आदेश या निर्देश जारी नहीं किया था। मनीष सिसोदिया इस बैठक में भी अनपस्थित रहे थे, लेकिन उन्होंने सूचना भेजी थी कि अचानक जाने के कारण वह नहीं आ सके। इसके चलते समिति ने उनके विरुद्ध छह मार्च की अनुपस्थिति के लिए कोई अलग कार्रवाई न करने का निर्णय लिया। समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि सदन इन चारों नेताओं के विरुद्ध जैसा उचित समझे।

# बोकारो में विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कैंप- 2 मोड़ स्थित शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अजय नाथ झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम से संबंधित कर्मियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रयास से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और शिक्षा का स्तर भी बेहतर हो रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों को शुभकामनाएं दिए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला आरसीएच पदाधिकारी सेलिना टुडू सहित अन्य उपस्थित थे।




**आगे भी बेहतर कार्य करने की अपील की–**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जो समाज के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बेहतर समन्वय से ही जिले का सतत विकास संभव है। उपायुक्त ने आगे कहा कि उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के नेतृत्व में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग मिलकर इस विषय पर पुनः अगले महीने एक विशेष बैठक आयोजित करें, ताकि कार्यक्रम की विशेष चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा के माध्यम से यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है और किन पहलुओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सम्मानित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण और बोकारो जिले की उपलब्धियों को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने सभी से इसी प्रकार आगे भी बेहतर कार्य करने की अपील की।

**आपसी समन्वय के साथ कार्य करें**

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि अन्य लोगों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया ताकि कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सके। समारोह में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बोकारो में हजारों छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आस्था और श्रद्धा के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन बुधवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर बोकारो सहित आसपास के क्षेत्रों में नदी, तालाब और विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे वातावरण में भक्ति, उत्साह और पवित्रता का अद्भुत संगम देखने को मिला। व्रतियों ने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सूर्य उपासना की तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। बोकारो के सेक्टर-1 स्थित सूर्य सरोवर, तिरंगा पार्क छठ घाट पर विशेष रूप से भव्य दृश्य देखने को मिला। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। घाटों पर साफ-सफाई, आकर्षक रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों से लोग संतुष्ट नजर आए। जगह-जगह स्वयंसेवकों ने भी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया। महिलाएं पारंपरिक साड़ी और पुरुष धोती-कुर्ता में सजे नजर आए, जिससे पूरे वातावरण में सांस्कृतिक रंग और गहराता गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि छठ महापर्व भारतीय लोक आस्था और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे लोग अत्यंत निष्ठा और कठोर नियमों के साथ मनाते हैं। इस दौरान घाटों पर गूंजते लोकगीत, दीपों की रौशनी और डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य एक दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा था।

### किन्नरों ने रखा छठ व्रत,अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष किन्नर समुदाय ने भी पर्व में विशेष रूप से भाग लिया है। विभा किन्नर काजल किन्नर सहित कई किन्नरों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ निर्जला व्रत रखा और घाटों पर पूजा-अर्चना की। चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन धनबाद के न्यू मटकुरिया रेलवे कॉलोनी में बने कृत्रिम छठ घाट पर किन्नर समाज ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। निर्जला व्रत रखकर नाच-गाकर उन्होंने समाज में सुख-समृद्धि, समानता और शांति के लिए भगवान भास्कर से कामना की. किन्नर समाज से विभा और काजल किन्नर पुरे श्रद्धा भाव के साथ छठ कर रही हैं. उन्होंने कहा कि छठी मईया से धनबाद की खुशहाली की कामना करती हैं.कल सुबह उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार, समाज और लोककल्याण की कामना की जाएगी। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत सम्पन्न हो जायेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### डीइओ ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को कैंप-टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति तथा विधिक मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने ईवीएम की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं की जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य है और मशीनों की सुरक्षा व क्रियाशीलता संबंधी प्रतिवेदन नियमित रूप से मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को भेजा जाता है। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिया कि समुचित प्रतिवेदन तैयार कर समय पर विभाग को प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।




### मांगों के समर्थन में बैंक ऑफ इंडिया के कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस द्वारा आगामी 30 मार्च को घोषित एक दिवसीय पूर्ण हड़ताल से पूर्व आज देश के सभी आंचलिक कार्यालयों के समक्ष आहूत धरना एवं प्रदर्शन की कड़ी में बोकारो अंचल के समक्ष भी धरना एवं प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों शामिल हुए, जिसमें महिला कर्मचारियों की भी उपस्थिति देखी गई। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सामूहिक रूप से जोरदार नारेबाजी की एवं एक घंटा धरना दे कर अपने कार्यक्रम को सफल किया। कर्मचारियों की मांगों में प्रमुख रूप से कर्मचारी संवर्ग में समुचित बहाली, कर्मचारियों के विरुद्ध जानबुझ कर भेदभाव की नीति अपनाना, फेडरेशन के साथ हुए समझौतों को लागू करने में जानबुझ कर टालने की नीति अपनाना बहुत सारे कर्मचारी हितों से जुड़े समझौतों का उल्लंघन करना, अनुशासनात्मक कार्रवाई के व्यवस्था को जान बुझ कर कर्मचारियों को तंग करने के लिए हथियार के रूप में इस्तमाल करने आदि है। इस अवसर पे बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाईज यूनियन झारखड स्टेट के उप महासचिव सिद्धेश नारायण दास ने कहा कि प्रबन्धन की कर्मचारी विरुद्ध नीति के खिलाफ सम्पूर्ण भारत में बैंक ऑफ इंडिया में 30 मार्च को एक दिवसीय पूर्ण हड़ताल का आयोजन है। साथ ही यह भी कहा कि प्रबन्धन द्वारा हमारी मांगों पर सकारात्मक रवैया नहीं अपनाने पर आगे आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदीप झा, राकेश मिश्रा, कुमारी प्रियंका ,विनय कुमार, शशि मिश्रा, जगन्नाथ दास, कृष्णा तिवारी, इंद्रजीत चौधरी और बैंक ऑफ इंडिया बोकारो शहर के सभी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### बीएसएल में सुरक्षा जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का निर्माण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त के मार्गदर्शन में आज संयंत्र परिसर में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। यह श्रृंखला प्लांट प्लाजा रोड पर सीआरएम-III विभाग से आरंभ होकर प्लांट प्लाजा गोलचक्कर तक बनाई गई, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना और 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को प्राप्त करना था। इस व्यापक सुरक्षा अभियान में संयंत्र के विभिन्न उत्पादन एवं सेवा विभागों के साथ-साथ प्रोजेक्ट्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।



## जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : निवेदन समिति

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा की निवेदन समिति का बोकारो भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस पहुंची। जहां जिले के अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलो एवं आमजन से प्राप्त निवेदनों से संबंधित बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति सह विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक द्वारा की गई। इसमें, समिति ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त जन-समस्याओं और विधायकों द्वारा समर्पित निवेदनों पर बिंदुवार चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के लिए कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर सदस्य सह विधायक बगोदर नगेन्द्र महतो, सदस्य सह मांडू विधायक निर्मल महतो, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, निदेशक डीपीएलआर मेनका, प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में समिति ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त जन-समस्याओं एवं विधायकों द्वारा दिए गए निवेदनों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान समिति के सभापति सह विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त निवेदनों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जिन मामलों में लापरवाही पाई गई, वहां संबंधित विभागों को जवाबदेही तय करने का भी निर्देश दिया गया। निवेदन समिति ने विशेष रूप से जनहित से जुड़े मुद्दों जैसे पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान ही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**प्रत्येक निवेदन को गंभीरता से लेना आवश्यक–**

समिति के सभापति सह विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक ने कहा कि निवेदन समिति जनता और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है, इसलिए प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाया जाए तथा अगली बैठक में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि आज के निवेदन समिति में कुल 52 निवेदन थे। उन सभी निवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा हुई तथा उक्त सभी निवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

**समिति का सख्त रुख –**

निवेदन समिति ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लंबित योजनाओं पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ज्ञातव्य हो कि बैठक से पूर्व उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार द्वारा सभापति एवं सदस्यों को पौधा, पुस्तक व बिरसा मुंडा की प्रतिमा देकर स्वागत किया गया।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित निष्पादन का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। इनमें भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, पेयजल, सहित कई जनहित से जुड़े मामले शामिल थे। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



**जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी–**

इस दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े।

## विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी की अध्यक्षता में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलिना टुड, डॉ नवील, विधायक प्रतिनिधि कुमार प्रभात रंजन, पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि तथा कर्मचारी एवं जिले के प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मोहम्मद सज्जाद आलम द्वारा सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी द्वारा टीबी कार्यक्रम में सभी प्रखंडों से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया, जिससे टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद द्वारा जिले में अधिक से अधिक निश्चय मित्र बनकर टीबी के इलाजरत सभी मरीजों को गोद लेने का आग्रह किया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी द्वारा जिले में चल रहे टीबी कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी गई तथा उपलब्धियां से अवगत कराया गया।



## धनबाद में चला मेगा वाहन जांच अभियान, 423 वाहनों की जांच - 200 पर सख्त कार्रवाई

**दो पहिया वाहन पर पीछे बैठे यात्री को हेलमेट लगाना होगा अनिवार्य**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एक व्यापक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी श्री अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर एक साथ संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने पूरी सख्ती के साथ कुल 623 वाहनों की जांच की, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 200 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद दिखी और हर आने-जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की गई। इस विशेष अभियान में सबसे अधिक ध्यान फैंसी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर दिया गया। जांच के दौरान 125 ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया, जिन पर नियमों के विरुद्ध डिजाइनर या अवैध नंबर प्लेट लगी हुई थी। इन सभी के खिलाफ मौके पर ही चालान काटा गया और उन्हें तुरंत सही नंबर प्लेट लगाने की सख्त हिदायत दी गई। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों पर हेलमेट जांच को लेकर भी सख्ती दिखाई गई। सिर्फ चालक ही नहीं बल्कि पीछे बैठे यात्रियों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य किया गया है। कई स्थानों पर ऐसे लोग पकड़े गए जो बिना हेलमेट यात्रा कर रहे थे, जिनके खिलाफ जुमार्ना लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह नियम सख्ती से लागू किया जा रहा है। चारपहिया वाहनों में काला शीशा (ब्लैक फिल्म) लगाने वालों के खिलाफ भी अभियान के दौरान कार्रवाई की गई। पुलिस ने ऐसे वाहनों को रोककर मौके पर ही कार्रवाई की और वाहन मालिकों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी। इसके अलावा सभी वाहनों के आवश्यक दस्तावेज—जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाण पत्र—की भी जांच की गई। जिन चालकों के पास कागजात अधूरे या अनुपस्थित पाए गए, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक अपनी सुरक्षा और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है, वहीं दोपहिया वाहन पर सवार दोनों व्यक्तियों के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है। साथ ही फैंसी नंबर प्लेट और काले शीशे का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। सभी वाहन चालक अपने साथ वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजात अवश्य रखें। पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि सड़क सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर इसी तरह सख्ती जारी रहेगी। इस अभियान से शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।

## ओडिशा स्टेट प्रोडक्टिविटी काउंसिल प्रतियोगिता में बीएसएल का शानदार प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र की विभिन्न टीमों ने 'ओडिशा स्टेट प्रोडक्टिविटी काउंसिल प्रतियोगिता-2026' में पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर संयंत्र का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के पश्चात आज विजेता टीम के सदस्यों ने निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन से भेंट कर इस प्रतियोगिता से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-III) राजेश कुमार झा, महाप्रबंधक (आईईडी) धीरज कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। गौरतलब है कि 'क्लस्टर्स ऐज ग्रोथ इंजनः मैक्सिमाइजिंग प्रोडक्टिविटी' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बीएसएल की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ओएसपीसी द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में सीआरएम-क्कक्क की टीम (वरीय प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह एवं उप प्रबंधक कुणाल अमेता) तथा ब्लास्ट फर्नेस की टीम (वरीय प्रबंधक सचिन शर्मा एवं वरीय प्रबंधक सुनील बंदूनी) ने सर्वोच्च '5-स्टार' रेटिंग प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, हॉट स्ट्रिप मिल की प्रथम टीम (उप प्रबंधक विशाल सोलंकी) एवं ईएमडी विभाग की टीम (वरीय प्रबंधक अमितेश राज एवं प्रबंधक हरेंद्र प्रताप सिंह यादव) को '4-स्टार' रेटिंग तथा हॉट स्ट्रिप मिल की दूसरी टीम (वरीय प्रबंधक श्री अंजनी कुमार सिन्हा एवं उप प्रबंधक श्री तरुण अग्रवाल) को '3-स्टार' रेटिंग से सम्मानित किया गया। निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके नवाचार और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मंचों पर ऐसी उपलब्धियां संयंत्र की तकनीकी श्रेष्ठता को सिद्ध करती हैं। अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने भी टीम के प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए विजेताओं को बधाई दी। इस आयोजन का समन्वय इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। यह उपलब्धि बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादकता बढ़ाने और वैश्विक मानकों के अनुरूप औद्योगिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। विजेताओं का यह सम्मान न केवल अन्य कार्मिकों को प्रेरित करेगा, बल्कि यह निरंतर सुधार और गुणवत्ता के प्रति संयंत्र की अटूट प्रतिबद्धता को भी और अधिक सशक्त बनाएगा।




## बीजीएच में स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने 'स्वच्छता जागरूकता' को किया नुक्कड़ नाटक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) परिसर में स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल के कर्मचारियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए जागरूक करना था। छात्राओं ने अपनी जीवंत प्रस्तुति और कलात्मक अभिनय के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के घातक प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। नाटक के जरिए यह संदेश दिया गया कि कैसे छोटे-छोटे सार्थक प्रयास, जैसे प्लास्टिक का त्याग और कूड़े का सही प्रबंधन, व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। छात्राओं के इस रचनात्मक प्रयास को वहाँ उपस्थित दर्शकों और अस्पताल कर्मियों द्वारा काफी सराहा गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अनिंदा मंडल एवं डॉ. इंद्रनील चौधरी तथा सहायक महाप्रबंधक (अस्पताल प्रशासन) कैरोल शर्मा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com